खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 31°C
न्यूनतम : 24°C

नई दिल्ली, शनिवार 9 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 128 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 14 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मैंने पुस्तकों पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया: उमर अब्दुल्ला पेज 2



गिल ने बल्लेबाजी से आलोचकों को बखूबी जवाब दिया: पार्थिव पटेल खेल टाइम्स



प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी हैं आदिवासी सम्पादकीय



जर्मनी ने इजरायल को हथियार देने पर लगाई रोक पेज 12

## यूपी के 24 जिलों में बाढ़, 1245 गांव पानी में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**वाराणसी व बिजनौर में 12वीं तक, लखनऊ-जौनपुर में 8वीं तक स्कूल बंद**

**नई दिल्ली।** उप्र के लखनऊ समेत 10 शहरों में शुक्रवार को भी तेज बारिश जारी है। लखनऊ में लगातार बारिश का शुक्रवार को 7वां दिन था।

वाराणसी-बिजनौर में 12वीं तक, लखनऊ-जौनपुर में 8वीं तक स्कूल बंद हैं। राज्य के 24 जिलों के 1245 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। अब तक 360 मकान ढह चुके हैं। हिमाचल प्रदेश में 450 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। इनमें नेशनल हाईवे 305 और 5 शामिल हैं। राज्य में अब तक (20 जून से 7 अगस्त तक) बारिश की जुड़ी घटनाओं में 202 लोगों की मौत हो चुकी है। झारखंड में यह आंकड़ा 431 है। बिहार के मुंगेर में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। यहां चंडिका स्थान मंदिर में 6 फीट पानी भरने के बाद उसे बंद किया गया।

# धराली आपदा: चौथे दिन हेलीकॉप्टर से 300 का रेस्क्यू

## मलबे से एक शव बरामद, सर्च अभियान जारी, एनडीएमए के विभागाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने की समीक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी/ देहरादून।** उत्तराखंड के आपदा प्रभावित क्षेत्र धराली और हर्षिल में राहत और बचाव कार्य तेजी से चल रहे हैं। धराली व हर्षिल से आपदा प्रभावितों को सुरक्षित निकालने के लिए राहत बचाव अभियान जारी हैं।

चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर अपराह्न 12 बजे तक सेना के एमआई-17 और चिनूक द्वारा 74 लोगों को रेस्क्यू कर लाया गया। सेना के ये हेलीकॉप्टर ना सिर्फ फंसे लोगों को सुरक्षित निकाल रहे हैं, बल्कि जरूरी मशीनों और उपकरणों को भी मौके पर पहुंचा रहे हैं। उत्तरकाशी जिलाधिकारी प्रशांत आर्या के अनुसार मलबे से एक शव बरामद किया गया है और कई लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है। डीएम ने बताया कि गुरुवार को -शेष पृष्ठ दो पर





लिमचिगाढ़ में बैली ब्रिज बनाने का कार्य प्रारंभ, पीड़ितों को दी जा रही हर संभव मदद, फंसे हुए लोगों को तेजी से निकाला जा रहा

### सीएम धामी का उत्तरकाशी में प्रवास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तीन दिन से उत्तरकाशी में ही प्रवास कर युद्ध स्तर पर चल रहे रेस्क्यू अभियान की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री प्रोटोकॉल को छोड़ आम आदमी की तरह आपदा प्रभावितों से भी मिलकर उन्हें ढांढस बंधा रहे हैं। प्रभावित क्षेत्र में जल्द ही बिजली भी बहाल कर दी जाएगी।

### अत्याधुनिक उपकरणों से हो रही खोज

उत्तराखंड पुलिस द्वारा धराली आपदा प्रभावित क्षेत्र में अत्याधुनिक उपकरणों जैसे विक्टिम लोकेटिंग कैमरा, थर्मल इमेजिंग कैमरा और डॉग स्क्वायड टीम के साथ मलबे से क्षतिग्रस्त भवनों में गहन खोजबीन कर मलबे में दबे लोगों की तलाश की जा रही है

### पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 12000 करोड़ रुपये की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दो अलग-अलग फैसलों में रसोई गैस (एलपीजी) सब्सिडी के लिए कुल 42,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दोनों प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उज्ज्वला योजना की लाभार्थियों को मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में साल में नौ रिफिल पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जाएगी। इसके लिए 12,000 करोड़ रुपये के प्रावधान को मंजूरी दी गई है।

### केंद्र ने वापस लिया आयकर विधेयक, प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद फैसला

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लोकसभा से आयकर विधेयक 2025 को वापस ले लिया है। विधेयक की जांच के लिए बनी प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद यह फैसला लिया गया। इस विधेयक को फरवरी में लोकसभा में पेश किया गया था। बताया जा रहा है कि नया विधेयक 11 अगस्त को लोकसभा में पेश किया जाएगा। केंद्र सरकार ने आयकर विधेयक 2025 को 13 फरवरी 2025 को लोकसभा में पेश किया था।

### अभिनेत्री हुमा कुरैशी के भाई की हत्या

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी के चचेरे भाई आसिफ कुरैशी की दिल्ली के जंगपुरा इलाके में गुरुवार देर रात पार्किंग को लेकर हुई तीखी बहस के बाद चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। यह झगड़ा गुरुवार रात लगभग 11 बजे निज़ामुद्दीन थाना क्षेत्र के भोगल मार्केट लेन के पास हुआ। जानकारी के अनुसार आसिफ ने अपने पड़ोसी से उसके गेट के सामने खड़ी स्कूटी को हटाने के लिए कहा जिसके बाद दोनों पक्षों में तीखी बहस हो गई। स्थिति बाद में हिंसक हो गई और आरोपियों ने आसिफ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आसिफ को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# ट्रम्प की टैरिफ टेंशन: रूस ने थामा भारत का हाथ, अमेरिका हैरान

## चीन ने भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की

बीजिंग/वाशिंगटन, वार्ता

**कहा- चीन साफ तौर पर टैरिफ के गलत इस्तेमाल के खिलाफ चीनी विदेश मंत्रालय ने फैसले को टैरिफ का दुरुपयोग करार दिया**

**ट्रम्प ने भारत से ट्रेड डील पर वार्ता करने से इन्कार किया, अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा: भारत रणनीतिक साझेदार, वार्ता जारी रहेगी**

**चीन ने** भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने इसे टैरिफ का दुरुपयोग करार दिया। गुओ ने कहा कि चीन साफ तौर पर टैरिफ के गलत इस्तेमाल के खिलाफ है।

उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका को तकनीकी और व्यापारिक मुद्दों का राजनीतिकरण बंद करना चाहिए। चीन का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के उस एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के जवाब में आया, जिसमें भारत पर रूसी तेल खरीदने की वजह से 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया गया है। वहीं, ट्रम्प ने भारत से ट्रेड डील पर बातचीत करने से इन्कार कर दिया है। ट्रम्प ने कहा कि जब तक टैरिफ विवाद का हल नहीं निकल जाता, बातचीत शुरू नहीं होगी। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि भारत से ट्रेड डील पर बातचीत के लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल इसी महीने भारत आने वाला है। ट्रम्प भारत पर अब तक 50 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने 30 जुलाई को 25 फीसदी टैरिफ लगाया था, जो 7 अगस्त से लागू हो गया है। वहीं, 6 अगस्त को एक एग्जीक्यूटिव -शेष पृष्ठ दो पर

### मोदी व पुतिन ने रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की गुरुवार को मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को श्री पुतिन के साथ टेलीफोन पर परस्पर हित के मुद्दों पर बातचीत की।



प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार श्री पुतिन ने यूक्रेन से संबंधित नवीनतम घटनाक्रमों से प्रधानमंत्री को अवगत कराया। श्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति को उनके विस्तृत आकलन के लिए धन्यवाद देते हुए संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को दोहराया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय एजेंडे में प्रगति की भी समीक्षा की और भारत तरह रूस के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### ब्राजीली राष्ट्रपति ने पीएम मोदी से बातचीत की

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन कर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने पिछले महीने पीएम मोदी की ब्राजील यात्रा पर चर्चा की, जिसमें उन्होंने ट्रेड, तकनीक, एनर्जी, डिफेंस और एग्रीकल्चर जैसे मुद्दों पर आपसी सहयोग मजबूत करने पर सहमति जताई थी। दोनों नेताओं ने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की भी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने रीजनल और ग्लोबल मुद्दों पर भी बात की। इससे पहले सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से बातचीत का प्रस्ताव ठुकरा कर दिया था। तब उन्होंने कहा था कि मैं टैरिफ पर बात करने के लिए ट्रम्प को कॉल नहीं करूंगा। इसके बदले पीएम नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग जैसे नेताओं से बातचीत करना चाहूंगा।

### भारत ने अमेरिका के साथ रक्षा सौदों से संबंधित बातचीत बंद नहीं की

**नई दिल्ली।** भारत ने स्पष्ट किया है कि उसने अमेरिका के साथ रक्षा खरीद से संबंधित बातचीत बंद नहीं की है और इससे संबंधित मीडिया रिपोर्ट गलत और मनगढ़ंत हैं। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि भारत द्वारा अमेरिका के साथ रक्षा खरीद से संबंधित बातचीत रोके जाने के बारे में मीडिया में आ रही रिपोर्ट गलत और मनगढ़ंत है। सूत्रों ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि खरीद से संबंधित विभिन्न मामले निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रगति पर हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने के बाद विभिन्न रक्षा खरीद के लिए चल रही बातचीत रोक दी है।

# सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह कानून पर सरकार से मांगा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कोर्ट संवैधानिक वैधता पर विचार करेगा, याचिकाकर्ता ने कहा: नया कानून भी पुराने जैसा सख्त**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 152 की संवैधानिक वैधता की जांच करने पर शुक्रवार को सहमति जताई और केंद्र तथा राज्य सरकारों को नोटिस जारी किए।

बीएनएस की यह धारा राजद्रोह से संबंधित है, जो पूर्व की भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 124-ए की संशोधित संहिता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने सेवानिवृत्त मेजर जनरल एसजी वोम्बटकेरे की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त करते हुए इस मामले केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता पीबी सुरेश और अधिवक्ता प्रसन्ना एस याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए। उन्होंने इस मामले को महत्वपूर्ण बताते हुए इस पर विचार करने का अनुरोध किया। आईपीसी की धारा 124-ए की वैधता को चुनौती देने वाली एक याचिका संविधान पीठ के समक्ष विचाराधीन है। शीर्ष अदालत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने जुलाई 2022 में केंद्र और राज्य सरकारों को ऐसे अपराध के मामले में आगे कोई मुकदमा दर्ज न करने का निर्देश देकर आईपीसी के राजद्रोह प्रावधान पर वस्तुतः रोक लगा दी थी।

### सरकारी आवास समय पर खाली कर दूंगा: सीजेआई गवई

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि नवम्बर में रिटायरमेंट से पहले उपयुक्त (सूटेबल) घर मिलना मुश्किल है, लेकिन मैं नियमों के तहत तय समयसीमा में अपना सरकारी आवास खाली कर दूंगा। सीजेआई ने ये बात जस्टिस सुधांशु धूलिया के विदाई कार्यक्रम में कही। सीजेआई ने कहा कि मैं जस्टिस धूलिया को सुप्रीम कोर्ट में आने के बाद से जानता हूं। वे बहुत ही गर्मजोश और न्यायपालिका को समर्पित व्यक्ति हैं। उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट की बांके बिहारी ट्रस्ट पर अस्थायी रोक

**यूपी सरकार ने मंदिर देखभाल के लिए बनाया था ट्रस्ट, अदालत ने केस हाईकोर्ट ट्रांसफर किया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को मथुरा के वृंदावन स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर के चारों ओर कॉरिडोर बनाने की अपनी महत्वाकांक्षी योजना के लिए मंदिर न्यास कोष से 500 करोड़ रुपये का इस्तेमाल की अनुमति देने संबंधी अपना आदेश शुक्रवार को वापस ले लिया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद श्री बांके बिहारी मंदिर के कोष से कॉरिडोर निर्माण के लिए राज्य सरकार को 15 मई, 2025 को दी गई (शीर्ष अदालत की) अनुमति संबंधी आदेश को वापस ले लिया। इसके साथ ही पीठ ने मंदिर के प्रबंधन के लिए उच्च -शेष पृष्ठ दो पर

# मोदी वोट चुराकर प्रधानमंत्री बने: राहुल गांधी

## 25 सीट 35 हजार या कम अंतर से जीते पीएम, चुनाव आयोग इलेक्ट्रॉनिक डेटा दे, तो साबित करेंगे

बेंगलुरु/नई दिल्ली, वार्ता

**कांग्रेस नेता राहुल** गांधी ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार 25 सीट के मार्जिन से प्रधानमंत्री बने हैं। 25 सीट ऐसी हैं, जिन्हें भाजपा ने 35 हजार या कम वोट से जीतीं। अगर हमें इलेक्ट्रॉनिक डेटा मिल जाए, तो हम साबित कर देंगे कि मोदी चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं।



**कांग्रेस सांसद बोले: भारत का संविधान बेशकीमती है, देश को पांच सवालों का जवाब दे चुनाव आयोग**

राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग को पिछले 10 साल की देश की सारी इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट और वीडियोग्राफी देनी चाहिए। ये सब नहीं देंगे, तो क्राइम है। भाजपा को चुनाव चोरी करने दे रहे हैं। पूरे देश को चुनाव आयोग से वोटर्स का डेटा मांगना चाहिए। राहुल गांधी ने कर्नाटक के बेंगलुरु में फ्रीडम पार्क में आयोजित कांग्रेस की 'वोट अधिकार रैली' में ये बात कही। उनके साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी रैली में शामिल हुए। वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाने के बाद शुक्रवार को कहा कि भारत का संविधान -शेष पृष्ठ दो पर

### वोट चोरी पर राहुल गांधी के खुलासे की जांच हो : प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली।** प्रियंका गांधी ने कहा है कि वोट चोरी को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जो खुलासा किया है वह अत्यंत गंभीर है और उसकी जांच होनी चाहिए। श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को मतदाता सूची और डेटा उपलब्ध कराना चाहिए। आयोग तथा भाजपा जिस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं उससे साफ है कि कुछ गड़बड़ी हुई है और इसकी जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी ने इतना बड़ा खुलासा किया है, उसकी जांच होनी चाहिए। चुनाव आयोग वोटर लिस्ट नहीं दे रहा है, जांच नहीं कर रहा है, उल्टा हलफनामा मांग रहा है।

# हाईकोर्ट जज को क्रिमिनल केस से हटाने का फैसला वापस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सीजेआई के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी हटाई**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार को उनकी सेवानिवृत्ति तक आपराधिक मामले की सुनवाई से अलग रखने और उन्हें एक अनुभवी वरिष्ठ न्यायाधीश के साथ खंडपीठ में बैठाने के अपने अभूतपूर्व आदेश को शुक्रवार को वापस ले लिया।

सीजेआई बीआर गवई से प्राप्त एक पत्र पर गौर करते हुए न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि उसका (शीर्ष अदालत का) इरादा संबंधित न्यायाधीश को शर्मिंदा करने या उन पर आक्षेप लगाने का नहीं था। हाईकोर्ट के आदेश को हालांकि अवैध और विकृत बताते हुए शीर्ष अदालत ने इस मामले पर विचार करने का काम हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर छोड़ दिया। पीठ ने कहा कि हम पूरी तरह से स्वीकार करते हैं कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रोस्टर के मास्टर हैं यानी वह तय कर सकते हैं कि किस मामले को कौन से न्यायाधीश को सौंपा जाए।

### संक्षिप्त समाचार

## बगैर मान्यता स्कूलों की सूची 15 अगस्त तक उपलब्ध कराने के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग ने बगैर मान्यता के चल रहे स्कूलों की सूची 15 अगस्त तक उपलब्ध कराने के निर्देश सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिए हैं। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी मंडलीय सहायक शिक्षा निद.शक व बीएसए को निर्देश दिया है कि वे संबंधित जिलों में चल रहे बिना मान्यता वाले सभी विद्यालयों की जांच कर व कार्यवाही करके 15 अगस्त तक सूचना अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि जिले में कोई बिना मान्यता का विद्यालय चलता हुआ मिलेगा, तो इसके लिए बीएसए व बीईओ ही जिम्मेदार होंगे।

## बाराबंकी में रोडवेज बस पर गिरा पेड़ पांच लोगों की मौत

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में लगातार हो रही बारिश के बीच जिला मुख्यालय से नौ किलोमीटर दूर हैदरगढ़ मार्ग पर रोडवेज की अनुबंधित बस पर पेड़ गिर गया। इस हादसे में चार महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। एक महिला की पहचान शहर के मोहल्ला गुलरिया गार्दा की निवासी शिक्षा मेहरोत्रा (53) के रूप में हुई है। बाकी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। तीन अन्य महिलाओं की आयु 40 से 45 साल के मध्य बताई जा रही है। पेड़ काटकर लोगों को निक.ाला गया। हादसे के बाद कई यात्री खिड़की से कूदकर निकले। बारिश के दौरान हुए हादसे के कारण राहत व बचाव कार्य में देर हो रही है। रोडवेज बस सवारियां लेकर बाराबंकी से हैदरगढ़ जा रही बस पर करीब साढ़े 10 बजे राजा बाजार के पास पेड़ गिर पड़ा।

# स्वदेशी को बनाएं जीवन का मंत्रः सीएम योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समापन पर देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को स्वदेशी वस्तुओं को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वदेशी को जीवन का मंत्र बनाने से दुनिया की कोई ताकत भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाएगी।

काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समापन पर देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए योगी ने युवा पीढ़ी से राष्ट्रभक्ति और स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी हमारे जीवन का ध्येय बने, स्वदेशी हमारे जीवन का मंत्र बने, हम जियेंगे स्वदेशी के लिए, हम मरेंगे अपने देश के लिए। अपनी राष्ट्रभक्ति की इस पराकाष्ठा के साथ जब भारत आगे बढ़ेगा, तो दुनिया की कोई ताकत भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाएगी। आजादी का यह संदेश हम सबको इस उद्देश्य के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आर्थिक ताकत भी राष्ट्रनिर्माण से जुड़ी है और जब हम विदेशी वस्तुएं खरीदते हैं, तो न सिर्फ हमारा पैसा विदेश जाता है, बल्कि वही पैसा आतंकवाद और उग्रवाद में उपयोग होता है। उन्होंने अपील की कि आने वाले त्योहारों (रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, दशहरा, दीपावली, छठ) में स्वदेशी वस्तुएं ही उपहार में दें और खरीदें। उन्होंने कहा कि पर्व और त्योहारों में जब हम इस दौरान कोई स्वदेशी वस्तु खरीदते हैं, तो हमारे हस्तशिल्प और कारीगर काम पाते हैं। यह देश के विकास, उत्थान में खर्च होगा। हम जो भी उपहार देंगे या अपने घर के लिए खरीदेंगे, भले ही तात्कालिक रूप से थोड़ा महंगा हो, लेकिन वही खरीदेंगे जो स्वदेशी होगा। मुख्यमंत्री ने 2 अक्टूबर को हर उत्तर प्रदेशवासी से गांधी आश्रम जाकर खादी खरीदने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने काकोरी ट्रेन एक्शन में शहीद हुए देश के सपूतों को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पीपल का पौधा भी लगाया। छोटी बालिक.ाओं के हाथों राखी भी बंधवाई और बेटियों को मिठाई और चॉकलेट भी उपहार में दी। इसके बाद उन्होंने म्यूजियम में सेल्फी और फोटोशूट भी कराया। मुख्यमंत्री ने शहीद सैनिकों के परिजनों को भी मंच पर सम्मानित किया, जबकि काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया। इस दौरान संस्कृति विभाग के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ, जिसमें काक.ोरी ट्रेन एक्शन की उस घटना को प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौ अगस्त 1925 को काकोरी में जिन महान क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश हुकूमत के खजाने पर कब्जा कर उस धन को आजादी की लड़ाई में लगाया था, उन्होंने राष्ट्रभक्ति की जो ज्वाला जलाई, उसका ही परिणाम है कि 1947 में देश आजाद हुआ।

# यूपी में बाढ़ पीड़ितों की सुध लेने वाला कोई नहीं: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरा.ेप लगाया कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ के हालात भयावह है मगर पीध्तिो की सुध लेने वाला कोई नही है। भाजपा सरकार अपनी ही आंतरिक खींचतान में उलझी हुई है। यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ से 22 जिलों में हालत बहुत खराब है। गंगा, यमुना, राप्ती, सरयू, घाघरा नदियां उफनाई हुई है। बाढ़ की चपेट में तमाम लोग अपनी जान भी गंवा बैठे है।

मुख्य मार्गों से कटे इलाको में लोग बहुत सी परेशानियों से जूझ रहे हैं। खाने-पीने के सामान का संकट के साथ दवा-इलाज के लिए भी लोग तरस रहे है। पशुओं की हालत तो और भी ज्यादा खराब है। उनके चारे की भी दिक्कत आ रही है। सरकार का कहीं कोई प्रबंध नहीं नजर आता है। उन्होंने कहा कि उरई में सघ्के पानी से लबालब भरी हुई है। पहली मंजिल तक पानी भरने से तमाम लोग बेघर हो गए है। प्रयागराज में 80 हजार प्रतियोगी छात्र लाज-कमरे छोड़कर चले गए है। 400 से अधिक लाइब्रेरी बंद हो गई है। शहर के 60 मोहल्ले और जिले के 90 गांवो में बाध्का पानी है। बाढ़ का पानी घरो के अन्दर बह रहा है। राजधानी लखनऊ में भी भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। खेतों में पानी भरने से कमजोर

### उत्तर प्रदेश में बारिश से जनजीवन प्रभावित

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में लगातार रुक रुककर बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के पूर्वी संभाग में नौ अगस्त को कई जगहों पर और 10 अगस्त को कुछ जगहों पर भारी बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। क्षेत्रीय मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान लखनऊ में छह सेमी से अधिक बारिश हुई।

पौधों के नष्ट होने की आशंका है। बाजरा, दलहन की फसलों को नुकसान होने से किसान चिंता में हैं। जर्जर मकान गिरने से कई लोग चोटिल हो चुके है।

# मैंने पुस्तकों पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया: उमर

श्रीनगर, वार्ता



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि उन्होंने कभी भी किसी भी पुस्तक पर प्रतिबंध नही लगाया है और ना भविष्य में कभी ऐसा करेंगे। वह कल रात एक सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उनसे 'पुस्तकों पर लगाए गए प्रतिबंध हटाने' का आग्रह किया गया था।

उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ही प्रशंसित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय लेखकों की 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध लगाया है। सोशल मीडिया पर सक्रिय एक इंटरनेट उपयोगकर्ता ने अब्दुल्ला को टैग करते हुए लिखा किताबों से प्रतिबंध हटाओ। जिंदगी भर तुम किताबों से डरने वाले कायर के रूप में जाने जाओगे। किताबों पर से प्रतिबंध हटाओ। इस पर अपनी प्रतिक्रिया में श्री अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने कभी भी पुस्तकों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है और न ही कभी लगाएंगे। अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर लिखा मुझे कायर कहने से पहले अपने तथ्य ठीक कर लो, तुम अज्ञानी हो। यह प्रतिबंध उप राज्यपाल ने अपने एकमात्र आधिकारिक नियंत्रण वाले विभाग- गृह विभाग का इस्तेमाल करके लगाया है। मैंने कभी किताबों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है और न ही कभी लगाऊंगा।

### राज्यसभा में हंगामा जारी, कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

# मतदाता सूची पुनरीक्षण मुद्दे पर विपक्ष लामबंद

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ विपक्ष के कुछ सदस्यों ने हंगामे के दौरान ही व्यवस्था का प्रश्न उठाना चाहा
■ लोकसभा में भी बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण पर भारी हंगामा, कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान भी विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कोई काम नहीं हो सका और सभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

शून्यकाल में पहले स्थगन के बाद 12 बजे कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण और कई अन्य विषयों पर कार्यस्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा जारी रखा। विपक्ष के कुछ सदस्यों ने हंगामे के दौरान ही व्यवस्था का प्रश्न उठाना चाहा। पीठासीन उप सभापति घनश्याम तिवाड़ी ने सदस्यों ने सदन में व्यवस्था बनाए रखने और प्रश्नकाल की कार्यवाही चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह प्रश्नकाल है, इसमें व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठाया जा सकता। इसी बीच कांग्रेस के प्रमोदी तिवारी ने किसी मुद्दे पर औचित्य का प्रश्न उठाने की को.शिश की, लेकिन पीठासीन तिवाड़ी ने इसकी अनुमति नहीं दी। उपसभापति ने कुछ सदस्यों द्वारा सदन में बैज पहन का आने का संज्ञान लेते हुए विगत में सभापति द्वारा दी गई एक व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि कोई सदस्य बैज पहन कर सदन में नहीं आ सकता। उन्होंने सदस्यों से परम्पराओं का आदर करने का अनुरोध किया। उपसभापति ने जैसे भाजपा के आदित्य प्रसाद का नाम लेकर उनसे सूची के अनुसार सवाल पूछने को कहा सदन में हंगामा तेज हो गया। सरकार की ओर से उनके प्रश्न का जवाब देने के लिए खड़े हुए रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि वह जवाब देना चाहते हैं, लेकिन सदन में शोर हो रहा है। बिट्टू ने इसके साथ ही विपक्ष की आला.ेचना में कुछ कहना चाहा, लेकिन पीठासीन उप सभापति ने इसकी अनुमति नहीं दी और हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी।

### मिशन पोषण 2.0 कार्यक्रम के लाभ के लिए 72.22 लाख से अधिक गर्भवती महिलाएं पंजीकृत

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने शुक्रवार को लोकसभा में कि मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत जुलाई की स्थिति के अनुसार 72.22 लाख से अधिक गर्भवती महिलाएंलाभार्थी के रूप में पंजीकृत हैं। उन्होंने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के अंतर्गत, योजना की एक जनवरी 2017 से शुरुआत से जुलाई 2015 तक 4.05 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को मातृत्व लाभ प्रदान किया जा चुका है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत, केन्द्र सरकार ने देश भर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में माताओं, जिनमें आदिवासी माताओं को इसमें शामिल किया हैं।



सेंसेक्स 80710.25
निफ्टी 24649.55



सोना रु. 100904
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 114505
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली

मुबंई, वार्ता



अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क और इतना ही जुर्माना लगाने के कारण घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को भारी बिकवाली रही, जिससे प्रमुख सूचकांक लगभग एक प्रतिशत लुढ़ककर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गए। बीएसई का सेंसेक्स 765.47 अंक यानी 0.95 प्रतिशत गिरकर 79,857.79 अंक पर बंद हुआ।

एनएसई का निफ्टी-50 भी 0.95 प्रतिशत की गिरावट में रहा और 232.85 अंक उतरकर 24,363.30 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का इस साल 9 मई के बाद का निचला स्तर है। निवेशक आज शुरू से ही बिकवाल रहे। सेंसेक्स गुरुवार की तुलना में 145.25 अंक नीचे 80,478.01 अंक पर खुला और पूरे दिन लाल निशान में रहा। यह ऊपर 80,550.40 अंक और नीचे 79,775.84 अंक तक गया। निफ्टी-50 भी 51.90 अंक टूटकर 24,544.25 अंक पर खुला। इसका उच्चतम स्तर 24,585.50 अंक और निचला स्तर 24,337.50 अंक रहा। अमेरिकी आयात शुल्क की चिता में विदेशी निवेशक शेयर बाजार में लगातार बिकवाल बने हुए हैं। उन्होंने आज 62.944 करोड़ डॉलर की इक्विटी बेची। बाजार में सभी सेक्टरों में बिकवाली देखी गई। रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, धातु, फार्मा, ऑटो और आईटी समूहों ने बाजार पर सबसे ज्यादा दबाव बनाया। सेंसेक्स की 30 में से 25 कंपनियों के शेयर लाल निशान में बंद हुए। भारती एयरटेल का शेयर 3.41 प्रतिशत टूट गया। टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा में भी दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट,

### सेंसेक्स तीन महीने के निचले स्तर पर

एचडीएफसी बैंक और टाटा स्टील के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच गिरे। वहीं एनटीपीसी का शेयर सबसे अधिक 1.39 प्रतिशत और टाइटन का 1.33 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। इनके अलावा ट्रेंट, आईटीसी और बजाज फिनसर्व में भी तेजी रही। एनएसई में 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी.100 सूचकांक एक प्रतिशत गिर गया। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.55 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.49 प्रतिशत लुढ़क गया। विदेशों में मिला-जुला रुख रहा। एशिया में जापान का निक्केई 1.85 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग 0.89 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.12 प्रतिशत की गिरावट में रहा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.21 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.10 प्रतिशत की गिरावट में कारोबार कर रहे थे।

## 0.3 प्रतिशत गिर सकती है भारत की विकास दरः मूडीज

**चेन्नई।** अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने के कारण जुर्माने के रूप में 25 प्रतिशत और शुल्क लगाने के बाद मूडीज रेटिंग्स ने शुक्रवार को कहा कि इससे देश की विकास दर में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

भारत को मुद्रास्फीति और निर्यात में संभावित गिरावट के बीच संतुलन बनाकर चलने की सलाह देते हुए रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अमेरिका में आयात शुल्क की दोहरी मार से एशिया, प्रशांत के दूसरे देशों की तुलना में भारतीय सामानों पर वहां शुल्क 15 से 20 प्रतिशत अधिक हो जाएगा। चीन के साथ आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधा के बाद एशिया, प्रशांत के देश उस खाई को भरने के लिए होड़ लगा रहे हैं। उसने कहा कि अमेरिकी आयात शुल्क के जवाब में भारत किस प्रकार की प्रतिक्रिया देता है, उससे यह तय होगा कि भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर कितनी रहेगी और मुद्रास्फीति तथा निर्यात किस प्रकार का रहता है। भारत ने साल 2022 से रूस से तेल आयात में भारी वृद्धि की है। इस दौरान यूक्रेन पर रूस की सैन्य कार्रवाई के मद्देनजर उसके कच्चे तेल की मांग कम होने से उसने वैश्विक बाजार की तुलना में सस्ते दाम पर भारत को तेल की आपूर्ति की।

# इलेक्ट्रिक वाहनों की खुदरा बिक्री 4.8 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली, वार्ता

इलेक्ट्रिक वाहनों की खुदरा बिक्री जुलाई में 4.83 प्रतिशत बढ़कर 1,88,891 इकाई पर पहुंच गई। पिछले साल जुलाई में देश में 1,80,185 इलेक्ट्रिक वाहन बिके थे। ऑटोमोबाइल डीलर संगठनों के महासंघ (फाडा) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जुलाई में दुपहिया वाहनों की बिक्री 4.35 प्रतिशत घटकर 1,02,973 इकाई रह गई। जुलाई 2024 में देश में कुल 1,07,655 दुपहिया वाहन बिके थे। फाडा के अध्यक्ष सीएस विग्नेश्वर ने जुलाई की बिक्री के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जुलाई 2025 में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री में तेजी जारी रही। दुपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य सेगमेंट में बिक्री बढ़ी है। उन्होंने बताया कि वृद्धि देश के धीरे.धीरे ईवी की ओर बढ़ने की पुष्टि करती है। अब आम ग्राहक भी इलेक्ट्रिक वाहनों को अपना रहे हैं। सरकार की तरफ से नीतिगत स्तर पर सतत समर्थन, सस्ते ऋण और चार्जिंग सुविधा में तेज वृद्धि इस गति को आगे भी बनाए रखने में महत्वपूर्ण होगी। दुपहिया वाहनों में ईवी की बाजार हिस्सेदारी जुलाई में 7.5 प्रतिशत है। वहीं तिपहिया श्रेणी में ईवी की बाजार हिस्सेदारी 62.1 प्रतिशत पर पहुंच गई। यात्री वाहनों के मामले में ईवी की बाजार हिस्सेदारी 4.7 प्रतिशत और वाणिज्यिक वाहनों में 1.63 प्रतिशत रही। इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों (कार, एसयूवी और वैन) की बिक्री जुलाई में 93.21 प्रतिशत बढ़कर 15,528 इकाई पर पहुंच गई। तिपहिया वाहनों की बिक्री में 8.59 प्रतिशत और वाणिज्यिक वाहनों में 52.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई और इस साल जुलाई में इनकी बिक्री क्रमशः 69,146 इकाई और 1,244 इकाई रही।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**धराली आपदा...**

लगभग 400 लोगों को निकाला था। शुक्रवार को भी करीब 300 लोगों को निकालने का टारगेट पूरा होने की उम्मीद है। आपदा पीड़ितों को राहत एवं खाद्य सामग्री भी वितरित की जा रही है। बताया कि पीड़ितों की हर संभव मदद की जा रही है। आपदा क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग के अलावा सेना ने भी अपना हेल्थ कैंप लगाया हैं। उत्तरक.ाशी जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि और संपत्ति के नुकसान का आंकलन जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़कों की मरम्मत का काम जारी है।

**रूस ने थामा...**

ऑर्डर पर साइन कर भारत पर 25 फीसदी टैरिफ और बढ़ा दिया है, जो 27 अगस्त से लागू होगा। अमेरिका में भी ट्रम्प के इस कदम की आलोचना हो रही है। हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के डेमोक्रेट्स ने चेतावनी दी कि यह कदम भारत-अमेरिका संबंधों को नुकसान पहुंचा सकता है। कमेटी के मेंबर ग्रेगरी मीक्स ने कहा कि ट्रम्प का यह टैरिफ फैसला भारत-अमेरिका के बीच रणनी.तिक और आर्थिक संबंधों को कमजोर कर सकता है। इधर, अमेरिकी विदेश विभाग ने 7 अगस्त की रात जारी बयान में भारत को एक रणनीतिक साझेदार बताया। मंत्रालय के प्रवक्ता टामी पिगाट ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ स्पष्ट और खुली बातचीत कर रहा है, भले ही टैरिफ विवाद के चलते दोनों देशों के संबंधों में तनाव बना हुआ है। टामी के मुताबिक ट्रम्प ने व्यापार असंतुलन और रूसी तेल की खरीद को लेकर अपनी चिंताएं बहुत स्पष्ट तरीके से जाहिर की हैं। साथ ही सीधी कार्रवाई (भारत पर टैरिफ) भी की है। टामी ने मतभेदों को सीधे संवाद के जरिए सुलझाने की बात भी कही है। भारत-अमेरिका के बीच बाइलैटरल ट्रेड एग्रीमेंट (बीटीए) पर अब तक 5 राउंड बातचीत हुई है। छठे राउंड की चर्चा के लिए 25 अगस्त को अमेरिकी अधिक.ारियों को भारत आना था। अब ट्रम्प के बयान के बाद इस बातचीत को लेकर स्थिति साफ नहीं है। दोनों देश सितम्बर- अक्टूबर तक ट्रेड एग्रिमेंट्स के पहले चरण को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके साथ ही एक अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट की संभावना भी तलाशी जा रही है। ट्रेड डील को लेकर वार्ता का पिछला राउंड वाशिंगटन में हुआ था।

**सुप्रीम कोर्ट की...**

न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्देश दिया और राज्य सरकार की ओर से जारी अध्यादेश के माध्यम से इसी तरह की समिति गठित करने पर रोक लगा दी। शीर्ष अदालत ने हालांकि याचिकाकर्ताओं को उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास अध्यादेश-2025 की वैधता को चुनौती देने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय जाने की अनुमति दे दी। पीठ ने कहा कि हम अपनी समन्वय पीठ द्वारा दिए गए आदेश के उस हिस्से को संशोधित करेंगे जो याचिकाकर्ताओं को प्रभावित करेगा। साथ ही हम उन्हें अध्यादेश के विरुद्ध उच्च न्यायालय जाने की अनुमति देंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस बीच प्रबंधन का नेतृत्व करने के लिए एक समिति का गठन करेगी और इस संबंध में विस्तृत आदेश शनिवार तक (शीर्ष अदालत की बेवसाइट पर) अपलोड कर दी जाएगी। पीठ ने कहा कि अध्यादेश (राज्य सरकार का) के अनुसार समिति का गठन स्थगित रखा जाएगा।ह उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज के अनुरोध पर पीठ ने अध्यादेश पारित करने पर सवाल उठाने वाली उच्च न्यायालय की टिप्पणियों पर रोक लगा दी।

**मोदी वोट चुराकर...**

बेशकीमती है और चुनाव आयोग को इसकी प्रतिष्ठा के लिए पांच सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़ा सवाल यह है कि चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि वीडियो और सीसीटीवी के सबूत क्यों और किसके कहने पर मिटाए जा रहे हैं। सवाल है कि आयोग क्या भाजपा का एजेंट बनकर काम कर रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग से पांच सवाल हैं और देश इनका जवाब चाहता है। पहला सवाल है कि विपक्ष को डिजिटल वोटर लिस्ट क्यों नहीं मिल रही। क्या छिपा रहे हो। दूसरा है कि सीसीटीवी और वीडियो सबूत मिटाए जा रहे हैं-क्यों और किसके कहने पर। तीसरा है- फर्जी वोटिंग और वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की गई-क्यों। चौथा सवाल विपक्षी नेताओं को क्यों डराया धमकाया जा रहा है और पांचवा सवाल-साफ-साफ बताओ- क्या भारत का चुनाव आयोग अब भाजपा का एजेंट बन चुका है। उन्होंने कहा कि आयोग को समझना चाहिए कि भारत का लो.कतंत्र बेशकीमती है - इसकी चोरी का अंजाम बहुत भयानक होगा। अब जनता बोल रही है-बहुत हुआ।

## मुर्मू ने देशवासियों को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को रक्षा बंधन के पावन पर्व पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुर्मू ने अपने संदेश में कहा कि रक्षा बंधन के पावन अवसर पर मैं भारत और विदेश में रह रहे सभी देशवा.सियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन का यह पावन पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है, जो समाज में सद्भाव और सहयोग की भावना को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और नैतिक मूल्यों को सहेजने का अवसर प्रदान करता है। यह पर्व माताओं, बहनों और बेटियों के सम्मान और सुरक्षा का संदेश देता है। आइए इस शुभ अवसर पर हम सब मिलकर एक समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प लें।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, कब्जजनी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# विधानसभा अध्यक्ष ने स्कूली बच्चों और सदस्यों के साथ मनाया रक्षाबंधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा रक्षाबंधन के पावन अवसर पर स्नेह और उत्साह से गूंज उठी, जब अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी स्थित तितिक्षा पब्लिक स्कूल के बच्चों तथा विश्व. विख्यात सामाजिक-आध्यात्मिक संस्था प्रजा. पिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सदस्यों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया।इस अवसर पर तितिक्षा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अध्यक्ष की कलाई पर राखी बांधकर स्नेह, विश्वास और शुभकामनाएं व्यक्त कीं।गुप्ता ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें प्रेम स्वरूप उपहार भेंट किए तथा निष्ठा और लगन से पढ़ाई कर देश के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सदस्यों ने भी अध्यक्ष को राखी बांधकर शांति, सद्भाव तथा आध्यात्मिक उन्नति का संदेश दिया श्री गुप्ता ने समाज में नैतिक मूल्यों और एकता को बढ़ावा देने में संस्था के योगदान की सराहना करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर गुप्ता ने कहा कि "रक्षाबंधन हमें सिखाता है कि प्रेम ही सबसे बड़ी शक्ति है और सच्ची रक्षा वही है, जब हम जरूरत के समय एक-दूसरे के साथ खड़े हों। यह पवित्र सूत्र केवल परंपरा नहीं, बल्कि सम्मान, करुणा और प्रेमभाव बनाए रखने का संकल्प है। इस रक्षाबंधन पर मैं कामना करता हूँ कि हमारे शहर का हर घर खुशियों, विश्वास और एकता से भरा हो।"अध्यक्ष ने दिल्लीवासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए आग्रह किया कि सभी लोग इस पर्व को सच्चे प्रेमभाव और आपसी सहयोग की भावना से मनाएँ। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह अवसर हम सबको भाईचारे के बंधन को मजबूत करने, शांति को बढ़ावा देने और दिल्ली को सुरक्षित, प्रगतिशील एवं समावेशी हेतु मिलकर कार्य करने की प्रेरणा देता है।

# सीएम ने दिल्ली विधानसभा में प्रस्तुत किया 'दिल्ली वस्तु एवं सेवा कर विधेयक, 2025

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा में 'दिल्ली वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025' प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से सरकार ने कर सिस्टम को सरल बनाने, अनुपालन को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में व्यापारियों व करदाताओं को ठोस राहत देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस संशोधन विधेयक के माध्यम से दिल्ली जीएसटी अधिनियम को केंद्र सरकार द्वारा पारित केंद्रीय जीएसटी अधिनियम में किए गए सुधारों के अनुरूप लाया गया है, जिससे देशभर में कर नियमों में एकरूपता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि यह विधेयक करदाताओं के लिए पारदर्शिता, सरलता और न्याय की दिशा में एक ठोस कदम है। हमारा उद्देश्य कारोबारी विश्वास को बढ़ाना और राजस्व प्रशासन को प्रभावी बनाए रखना है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि यह संशोधन दो प्रमुख विधायी पैकेजों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। पहला पैकेज जुलाई 2023, अक्तूबर 2023 और जून 2024 में आयोजित जीएसटी परिषद की बैठकों में स्वीकृत 45 संशोधनों को सम्मिलित करता है, जिसमें इनपुट टैक्स क्रेडिट (प्ज्ब) का दावा करने की समय सीमा बढ़ाना, पंजीकरण और रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया को सरल बनाना, जीएसटी अपीलीय अधिकरण (ज्तपइनदंस) की स्थापना करना, और ब्याज तथा जुर्माने पर राहत के लिए एक एमनेस्टी स्कीम (राहत) की शुरुआत शामिल है। दूसरे पैकेज में दिसंबर 2024 की 55वीं जीएसटी परिषद की बैठक में पारित 14 संशोधन शामिल हैं, जिनका उद्देश्य प्रवर्तन को मजबूत बनाना और प्रक्रियाओं में स्पष्टता लाना है। इनमें ट्रैक-एंड-ट्रेस सिस्टम में गैर-अनुपालन पर दंड, आईएसडी क्रेडिट वितरण का स्पष्ट निर्धारण, नगरपालिका निधियों की प्रकृति और अपील की प्रक्रिया को सुगम बनाना शामिल है।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया यह विधेयक कई समस्याओं का निदान करेगा। सभी संशोधनों से करदाताओं को इनपुट टैक्स क्रेडिट के लिए अधिक समय मिलेगा, अपील दाखिल करने के लिए पूर्व-डिपॉजिट की राशि 10 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत की गई है, विवाद निपटान में सुधार होगा। उन्होंने उदाहरण दिया कि गुटखा निर्माण जैसे क्षेत्रों में मशीन ट्रैकिंग जैसे प्रवर्तन उपाय लागू होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गुटखा बनाने वाली कंपनियों के उत्पादन और बिक्री का कोई सटीक हिसाब नहीं होता था। अब हर पैकेट पर यूनिक कोड और मशीन ट्रैकिंग से पूरी पारदर्शिता आएगी।

# लायन डीन फाउंडेशन ने मनाया स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय लायन डीन फाउंडेशन ने अपने पहला स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित किया गया ।संस्था द्वारा बीते एक वर्ष में गरीबों की सहायता, सामाजिक जागरूकता और विभिन्न जनहित के कार्य किए गए, जिनकी सराहना की जा रही है।

संस्था के संस्थापक श्री रूपेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ उन व्यक्तियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में समाजहित में उत्कृष्ट कार्य किए हैं।इस मौके पर

मुख्य अतिथि जगन्नाथ सरकार, सांसद (राणाघाट, पश्चिम बंगाल)। विशिष्ट अतिथियों में




श्री संदीप मारवाह, चांसलर, ।।थ्ज् यूनिवर्सिटी और डॉ .विपिन गौर, महासचिव, न्यूजपेपर एसोसिएशन ऑफ इंडिया इत्यादि लोगो के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।

संदीप मारवाह ने कहा कि, "शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे हम समाज की जटिल समस्याओं का समाधान निकाल सकते हैं। एक शिक्षित राष्ट्र ही वैश्विक स्तर पर सम्मान पाता है।

# स्कूल फीस बिल को सिलेक्ट कमेटी में भेज कर रायशुमारी ले सरकार: आतिशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने भाजपा सरकार से एक बार फिर स्कूल फीस बिल को सिलेक्ट कमेटी के पास भेजने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि इस बिल पर अभी तक किसी से कोई रायशुमारी नहीं की गई है। इसलिए इसे सिलेक्ट कमेटी को भेजा जाना चाहिए। सिलेक्ट कमेटी में "आप" और भाजपा के विधायक होंगें। कमेटी द्वारा बिल पर जनता से राय ली जाए। जब तक जनता की रायशुमारी नहीं ली जाती है, तब तक पिछले साल की फीस को ही माना जाए और उसी के बराबर



फीस ली जाए। साथ ही इस साल की बढ़ी फीस को रद्द किया जाए।

उधर, अनिल झा ने कहा कि शिक्षा पर पूरी सरकार का ध्यान केवल पब्लिक स्कूलों के इर्द-गिर्द घूम रहा है। यह विधेयक अगस्त में लाया गया है। अगर यह बिल मार्च-अप्रैल में लाया जाता, तो पब्लिक स्कूल फीस नहीं बढ़ाते, जिन्होंने बेतहाशा फीस बढ़ा दी? तब अभिभावक स्कूलों के दरवाजों पर खड़े होकर रोते रहे और सरकार के पास मदद मांगते रहे, लेकिन सरकार ने जानबूझकर इसे तब नहीं लाया।

## एक नजर

### फुटवियर ने 100 करोड़ निवेश की योजना

**नई दिल्ली।** एशियन फुटवियर ने 100 करोड़ रुपये के निवेश के साथ देशभर में अपने खुदरा नेटवर्क, उत्पादन क्षमता और संपूर्ण बुनियादी ढांचे के विस्तार की योजना बनाई है।

इस अवसर पर एशियन फुटवियर के सीईओ आयुष जिंदल ने कहा, हम अब तक 30-40% की उल्लेखनीय वृद्धि दर से आगे बढ़ रहे हैं और आने वाले वर्षों में भी इसी गति को बनाए रखने की आशा रखते हैं। कंपनी के लिए 100 करोड़ रुपये का यह विस्तार एक महत्वपूर्ण कदम होगा ।

### भीड़ प्रबंधन के लिए फाइनलिस्ट्स की घोषणा

**नई दिल्ली।** टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन ने वाराणसी के ऐतिहासिक शहर में भीड़ प्रबंधन समाधानों के लिए 3 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ग्लोबल चौलेंज के पांच फाइनलिस्ट्स की घोषणा की। यह चौलेंज वाराणसी नगर निगम, चौलेंज वर्क्स और वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट के सहयोग से विकसित किया गया है। इस अवसर पर टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन के एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम डायरेक्टर प्रस गणेश ने कहा, वाराणसी सस्टेनेबल सिटीज चौलेंज की यह यात्रा वास्तव में प्रेरणादायक है। वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट में सस्टेनेबल सिटीज विंग के प्रमुख अविनाश दुबेदी ने कहा, वाराणसी जैसे ऐतिहासिक शहर सतत मोबिलिटी के क्षेत्र में बहुत तेजी से उभर रहे हैं।

### ऑन डिमांड ड्रग्स की सप्लाई, दो पकड़े

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिला की नारकोटिक्स टीम ने 2 ड्रग-पेडलर्स रणजीत और राजेश सिंह को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 01.081 किलोग्राम अफीम और वारदात में इस्तेमाल की जाने वाली बाइक बरामद की है। वे पिछले कुछ महीनों से ड्रग तस्करी में लिप्त थे और डिमांड पर विभिन्न ग्राहकों को ड्रग्स सप्लाई करते थे। पुलिस आरोपियों का नेटवर्क जानने की कोशिश कर रही है। एसीपी रणजीत ढाका की देखरेख में इंस्पेक्टर मदन मोहन के निर्देशन में पुलिस टीम ने आजादपुर मंडी के गेट नंबर 5 के पास घेराबंदी करके दोनों सप्लायरों को गिरफ्तार किया। जब वे किसी को ड्रग्स देने आए थे। पूछताछ करने पर पता चला कि वे आसानी से पैसा कमाने के लिए अपराध करते थे। ड्रग्स कहां से और किससे लाते थे,पुलिस दोनों से पूछताछ करके उनको भी पकडने की कोशिश कर रही है।

### मंडी कर्मचारी को चाकू मारकर लूटने वाले पांच नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली।** महेन्द्रा पार्क स्थित आजादपुर मंडी में जाकिर अली नामक कर्मचारी के किडनी के पास चाकू से वार करके लूटपाट करने वाले पांच नाबालिगों को पुलिस ने पकड़ा है। जिनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू और लूटा हुआ फोन जब्त कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महेन्द्रा पार्क पुलिस को बीते बुधवार रात करीब नौ बजे आजादपुर सब्जी मंडी में आदर्श नगर के रहने वाले जाकिर अली नामक मंडी कर्मचारी को चाकू मारकर लूटपाट करने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। जिसको तुरंत नजदीक के बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर बताई। उसके किडनी के पास चाकू से वार किया गया था। जाकिर ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर से आजादपुर सब्जी मंडी की ओर जा रहा था। जब वह आजादपुर सब्जी मंडी पहुंचा, तो पीछे से पांच लडके आए और उसका मोबाइल फोन मांगने लगे। उसके मना करने पर,दो लडकों ने उसके हाथ पकड़ लिए, जबकि तीसरे लडके ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। इसी बीच, चौथे लडके ने उसकी जेब से उसका मोबाइल फोन निकाल लिया, जिसके बाद पांचों मौके से भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी राजव. ीर लांबा की देखरेख में एसएचओ विजय सनवाल के निर्देशन में पुलिय टीम ने मंडी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

# एनएसपी में गला घोट गैंग ने महिला का गला दबाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पिछले दो दिन से सोशल मीडिया पर दो सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सोशल मीडिया पर बहुत वायरल हो रही है। पहली वीडियो नेताजी सुभाष पैलेस इलाके की है,जिसमें बदमाश ने महिला का गला घोंटकर उसको बेहोश कर दिया और सोने की चेन लूटकर फरार हो गया। जबकि जहांगीरपुरी में दुकान में घुसकर मिर्ची गैंग ने दुकान मालिक की आंखों में मिर्ची डाली और गल्ला लूटकर साथियों के साथ फरार हो गया। बदमाशों के हाथों में चाकू दिखाई दे रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक नेताजी सुभाष पैलेस वीडियो डी ब्लॉक शकूरपुर का बताया गया,जिसमें बीते वीरवार रात दस बजकर 48 मिनट पर एक महिला अकेली गली से जा रही थी,उसी वक्त पीछे से

**■ जहांगीरपुरी में मिर्ची गैंग ने दुकान में घुसकर मालिक की आंखों में मिर्ची डालकर गल्ला लूटा**

एक लडका आया और पीछे से उनका गला दबा दिया। उनको एक खड़ी कार की आड़ में ले गया। महिला का गला इतनी जोर से दबाया कि वह वहीं पर बेहोश हो गई। बदमाश उसकी सोने की चेन लूटकर स्कूटी सवार दो अन्य साथियों के साथ मौके पर से फरार हो गया। कुछ सैकेंड बाद महिला ने खुद को संभाला और घबराते हुए अपने घर की तरफ चली गई। तीनों बदमाशों के चेहरे फुटेज में साफतौर पर दिखाई दे रहे हैं। मामले पुलिस अधिकारियों का कहना है कि लोक. ेशन पता करने की कोशिश की जा रही है,यह वारदात यहां की है या फिर कहीं ओर की।

वहीं जहांगीरपुरी ई ब्लॉक का एक वीडियो भी चल रहा है,वीडियो बीते बुधवार शाम सात बजकर 28 मिनट का है। जिसमें अपनी जनरल स्टोर की दुकान पर दुकानदार बुजुर्ग सुरेश चंद अकेले बैठे थे। उसी वक्त कैप पहना एक लडका जिसके हाथ में चाकू और लाल मिर्ची पाउडर था। दुकान में घुसते ही सुभाषचंद की आंखों में मिर्ची पाउडर डाल देता है और गल्ला उठाकर अपने बाहर साथी को दे देता है। सुरेश चंद के विरोध करने पर चाकू मारने की धमकी भी आरोपियों ने दी। सुरेश दुकान के बाहर आकर खाली गल्ले और बाद में प्लास्टिक की कुर्सी उठाकर आरोपियों पर फैंककर उनपर काबू करने की कोशिश करते हैं।

# रक्षाबंधन की गहराई में रूहानियत के राज : राजिन्दर सिंह महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हिन्दुओं का पवित्र पर्व रक्षाबंधन श्रावन मास की पूर्णिमा को देशभर में मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की सुख-समृद्धि के लिए उनकी कलाई पर राखी बांधती है और कामना करती है कि हर खतरे और कठिनाई के समय वह भाई उनकी रक्षा करेगा लेकिन क्या हमने कभी सोचा है कि उस भाई की रक्षा कौन करेगा? इस सवाल का जवाब हमें पूर्ण संतों-महात्माओं की वाणियों में मिलता है। संत राजेंद्र जी महाराज ने कहा कि उनके मुताबिक किसी भी त्यौहार की गहराई में रूहानियत के कई राज छुपे हुए हैं। इन रूहानी रहस्यों को जानने के लिए अगर हम ध्यान से देखें तो हमारे



जीवन में कई ऐसे लोग होते हैं जो विभिन्न प्रकार से हमारी सहायता करते हैं। जब हम बच्चे होते हैं तो हमारे माता-पिता हमें खाना, आवास, खिलौने और सुरक्षा प्रदान करते हैं। इसके अलावा युवा अवस्था में भी हमारे परिवार के सदस्य और दोस्त हमारी ओर मदद का हाथ बढ़ाते हैं। जब हम बुजुर्ग होते हैं तो हमारे बच्चे हमारी देखभाल करते हैं। इसके साथ-साथ हमारे जीवन में अनेक ऐसे लोग भी होते हैं जो कई प्रकार से हमारी सहायता करते हैं।

# शेयर बाजार में मुनाफे के नाम पर 40-80 लाख की हो गई ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**नई दिल्ली।** अंजान नंबर से मैसेज या फिर कॉलर आपको शेयर बाजार में मुनाफा कमाने के टिप्स देता है और शुरूआत में आपको मुनाफे के तौर पर कुछ हजार रुपये भी दिलवाता है तो सामने वाले पर आंखे बंद करके विश्वास न करें। अपनी अकल लड़ाकर ही आगे कदम रखकर पैसा लगाए। नहीं हो सकता है कि जब आपकी मोटी रकम बाजार में लग गई हो तो कॉलर रकम लेकर फरार हो जाए और फिर आप साइबर थाना पुलिस के चक्कर काटते रहे। उत्तरी-पश्चिम जिला की साइबर थाना पुलिस के पास बजाज कंपनी और ट्रेडिंग मार्केट में निवेश करने के नाम पर 40.80 लाख की ठगी के दो मामले आए हैं। पुलिस अधिकारी शिकायतकर्ताओं से फोन व बैंक की डिटेल लेकर आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक देवकांत परिवार के साथ वजीराबाद गांव में रहते हैं। उन्होंने कुछ महीने पहले बजाज कंपनी की पॉलिसी खरीदी थी। उनके पास अंजान नंबर से फोन आया। कॉलर ने खुद को मुम्बई में बजाज फाइनेंस कंपनी का असिस्टेंट मैनेजिंग डायरेक्टर बताया। उनकी पॉलिसी के बारे में बातचीत करने के बाद उसने एक लिंक भेजा,लिंक खोलने के बाद कॉलर पर विश्वास कर लिया। कॉलर ने भी तुरंत उनको दो वट्सएप ग्रुप से जोड़ दिया। जिसमें दो से तीन दिन तक लोगों को शेयर बाजार में पैसा लगाने पर मोटा मुनाफा होने की बात पता चली। कॉलर से बात करके पैसा लगाने की बात कही। कॉलर ने भी एक लिंक भेज दिया। उन्होंने 20 लाख 30 हजार रुपए निवेश कर दिए। बाद में उनके अकाउंट पर एक करोड़ 69 लाख का लाभ दिखा रहा था। मगर जब उन्होंने मुनाफे की रकम को वापिस लेने की बात कही। कॉलर ने कहा कि पैसा निकालने के लिए उन्होंने धमकी दी कि पैसा निकालना है तो 30 लाख और जमा करो वरना पैसे भूल जाओ।

# रक्षाबंधन भाई-बहनों के रिश्ते में अटूट प्यार दर्शाता प्लेटिनम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रक्षाबंधन भाई-बहनों के रिश्ते में अटूट प्यार, शक्ति और स्नेहपूर्ण नोंकझोंक का त्योहार है। इस त्योहार पर उपहार का विशेष महत्व है, जो भाई-बहन के बीच प्रेम बढ़ाने, नई यादें बनाने और पुरानी यादों को संजोकर रखने में मदद करता है।



अपनी दुर्लभ शुद्धता (95% प्लेटिनम से बनी) और मजबूत शक्ति के लिए मशहूर, प्लेटिनम ज्वेलरी युवाओं के दिलों में अपनी जगह बनाती चली जा रही है, जो व्यक्तित्व और आत्माभिव्यक्ति को सर्वोपरि मानते हैं।

चाहे मिनिमल डिजाईन में बहन के लिए उपहार लेना हो या फिर भाई को स्टेटमेंट पीस उपहार में देना हो, प्लेटिनम हर अभिव्यक्ति के लिए उत्तम है।

इस रक्षाबंधन के अवसर पर मेन ऑफ प्लेटिनम के बोल्ड और लचीले डिजाईन या प्लेटिनम इवारा द्वारा महिलाओं के लिए सुंदर और अभिव्यक्तिपूर्ण डिजाईन का विस्तृत कलेक्शन उपलब्ध है।

# कई बार दुष्कर्म करके जान से मारने की धमकी देने वाला पकड़ा

**नई दिल्ली।** नरेला इलाके में किशोरी से कई बार दुष्कर्म करने के बाद उसको गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देने वाले एक बलात्कारी आरोपी अतुलेश कुमार उर्फ विक्की को अपराध शाखा में तैनात

एसीपी गिरीश कौशिक की देखरेख में इंस्पेक्टर विजय पाल दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार किया। वह पुलिस से बचने के लिये अपने ठिकाने बदल रहा था।

# जमात ए इस्लामी हिंद ने देश के प्रमुख मुस्लिम संगठनों को साथ लेकर एक स्वतंत्र फिलिस्तीन राज्य के समर्थन के लिए मुहीम शुरू की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जमात ए इस्लामी हिंद ने देश के प्रमुख मुस्लिम संगठनों को साथ लेकर एक स्वतंत्र फिलिस्तीन राज्य के समर्थन के लिए महिम शुरू की है । इस मुहिम के तहत राजधानी दिल्ली में स्थित विभिन्न देशों के दूतावासों में जाकर उनके राजनयिकों से मुलाकात करने और उन्हें ज्ञापन देने का सिल. सिला शुरू किया गया है। जमात के अध्यक्ष इंजीनियर सआदतउल्लाह हुसैनी के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधि मंडल ने इजिप्ट के दूतावास में जाकर उनके राज नायकों से मुलाकात की है और उन्हें एक ज्ञापन सोपा है। इसके अलावा इंडोनेशिया के



दूतावास में भी इस प्रतिनिधिमंडल ने जाकर राजनायिकों से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सोपा है। प्रतिनिधि मंडल में जमीअत अहले हदीस के अध्यक्ष मौलाना असगर अली इमाम सफी मेहंदी, एस अमीरुल हसन उपाध्यक्ष जमात ए इस्लामी हिंद, मुफ्ती अब्दुल राजिक मजाहरी महासचिव दिल जमीअत उलेमा हिंद दिल्ली, एडवोकेट अनिसुर्रहमान महासचिव एस आई ओ ऑफ इंडिया, डॉ रिजवान रफीकी सहायक सचिव जमात-ई-इस्लामी हिंद, डॉ शीश तहमी सचिन जमीअत अहले हदीस हिंद शामिल थे।

इस अवसर पर जमात ए इस्लामी हिंद के अध्यक्ष इंजीनियर सआद्तउल्लाह हुसैनी ने बताया कि फलस्तीन में इसराइल के जरिए जो बमबारी की जा रही है उसकी वजह से वहां पर बड़े पैमाने पर तबाही हुई है,। लोगों के मकान, अस्पताल तबाह हो गए हैं। वहां पर लोगों को दवाओं, खाद्य सामग्री की कमी है जिसे वहां पर पहुंचना बेहद जरूरी है। वहां के लोग पीने के साथ पानी से भी महरूम है। उन्होंने कहा कि मानवता को बचाने के लिए खाद्य सामग्री, दवाइयां उपलब्ध कराने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसीलिए वह अन्य मुस्लिम संगठनों को साथ लेकर के विभिन्न देशों के राजदूतों से मुलाकात कर रहे हैं और फलस्तीन में शांति स्थापित करने और एक स्वतंत्र फलस्तीन राज्य के लिए समर्थन माघ्ग रहे हैं।

# सामूहिक कला प्रदर्शनी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 22 आर्ट स्ट्रीट की ओर से विजुअल आर्ट्स गैलरी, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड दिल्ली में सामूहिक कला प्रदर्शनी का आयोजन 15 से 19 अगस्त 2025 तक " किया जा रहा है ,प्रदर्शनी में 25 से कलाकारों की विविध कृतियों को प्रदर्शित किया गया है ,22 आर्ट स्ट्रीट की यह पहल कलात्मक विकास को पोषित करती है, बल्कि एक सांस्कृतिक उत्प्रेरक के रूप में



कोलकाता की भूमिका को भी उजागर करती है, प्रदर्शनी में प्रदर्शित कला कृतियाँ चित्रकला, मूर्तिकला, मिश्रित माध्यम और लोक परंपराओं से जुड़ी हैं, जो भारत की रचनात्मक भावना का बहुआयामी अनुभव प्रदान करती हैं। प्रदर्शनी में अरुण कुमार चंद्र बनिक, संजय सामंत, सुरजीत चक्रवर्ती, बप्पादित्य रॉयचौधरी, सुशांत सरकार, अंजन सेनगुप्ता, सादिकुल इस्लाम, देबाशीष पोद्दार, सुमंत भौमिक, रवींद्र तोरावणे, देबजानी दास घोष, सौमिया देबनाथ रॉयबर्मन, सुभ्रा सोनार, कल्याण दास, देबेंद्रनाथ लाहा, अनासुआ चक्रवर्ती, बरुण रॉय, हरप्रसाद चटर्जी, स्तुति लाहा, ज्ञानब्रत दास, अरूप कुमार मंडल, मीनू डे, सास्वती सूर, एसके. सफीक. आदि ने भाग लिया।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# हिंदू युवा वाहिनी नगर अध्यक्ष पर दुष्कर्म का आरोप

**■ थाना मुरादनगर क्षेत्र की एक एलएलबी द्वितीय वर्ष की छात्रा ने हिंदू युवा वाहिनी के नगर अध्यक्ष सुशील प्रजापति पर दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है, पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है**

**गाजियाबाद।** थाना मुरादनगर क्षेत्र की एक एलएलबी द्वितीय वर्ष की छात्रा ने हिंदू युवा वाहिनी के नगर अध्यक्ष सुशील प्रजापति पर दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

एसीपी मसूरी लिपी नगायच के मुताबिक, पीड़िता ने आरोप लगाया है कि नगर का ही सुशील प्रजापति उसे बहाने से कार में बैठाकर मेट्रो होम्स सोसायटी ले गया, जहां उसे नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया गया। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी भी दी और घर के पास छोड़कर फरार हो गया।तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी का दावा किया है।

इस मामले पर हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष आयुष त्यागी ने कहा कि जो भी गलत करेगा वह भुगतेगा, चाहे वह मेरा भाई ही क्यों न हो, मैं उसका साथ नहीं दूंगा। घटना के बाद सोशल मीडिया पर इस मामले को लेकर जमकर बहस छिड़ गई है। लोग आरोप-प्रत्यारोप में उलझे हुए हैं और संगठन की छवि पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच निष्पक्ष तरीके से की जाएगी और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।यह घटना न केवल कानून-व्यवस्था से जुड़ा मामला है बल्कि सामाजिक और राजनीतिक हलकों में भी चर्चा का विषय बन गई है। यदि आरोप साबित होते हैं तो यह संगठन की साख के लिए भी एक बड़ा झटका होगा।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने बांधी पेड़ों को राखी

## दिया प्रेम, सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मोदीनगर।** निवाड़ी स्थित सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में रक्षाबंधन पर्व इस बार बड़े ही अनोखे और भावनात्मक अंदाज में मनाया गया। छात्रों ने इको-फ्रेंडली राखियां बनाकर और बांधकर न केवल त्यौहार की खुशियां साझा कीं, बल्कि समाज और पर्यावरण के प्रति एक सुंदर व प्रेरणादायक संदेश भी दिया। कार्यक्रम की पहली कड़ी में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने विद्यालय के नॉन-टीचिंग स्टाफ - बस ड्राइवर, बस अटेंडेंट और सहायिकाओं - को राखी बांधकर उनका सम्मान किया। बच्चों की मासूम मुस्कान और स्टाफ की भावुक आंखों ने इस क्षण को अविस्मरणीय बना दिया। दूसरी कड़ी में बच्चों ने प्रकृति संवर्धन अभियान के तहत विद्यालय परिसर के पेड़ों को पानी दिया, पौधों की देखभाल की और हरियाली बनाए रखने का संकल्प लिया। साथ ही, एक अनूठी पहल के रूप में बच्चों ने वृक्षों को भी राखी बांधी, मानो उन्हें अपना सखा मानते हुए प्रकृति की रक्षा का प्रण लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. सरिता सिंधु ने अपने विचार सांझा करते हुए बताया कि ऐसे अवसर न केवल उत्सव का आनंद बढ़ाते हैं बल्कि बच्चों में आभार, करुणा और पर्यावरण प्रेम की गहरी भावना भी जागते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक तुषार गुप्ता व डॉ. शिखा दरबारी ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और इस पहल की सराहना की।

## मोदीनगर में सड़क पर मौत का खेल, बाइक पर दिखा खतरनाक स्टंट

**गाजियाबाद।** दो युवा बाइक पर सवार होकर सोशल मीडिया पर फेमस होने के लिए करतब करते नजर आए। गाजियाबाद के मोदीनगर क्षेत्र में एक युवक का खतरनाक बाइक स्टंट करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक बिना किसी सुरक्षा उपकरण के तेज रफ्तार बाइक पर खतरनाक करतब दिखाता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि स्टंट करते समय उसने न केवल अपनी जान को खतरे में डाला, बल्कि सड़क पर अन्य लोगों की सुरक्षा को भी जोखिम में डाल दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के स्टंट से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। फिलहाल वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# नपा मोदीनगर ने किया बंधन स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** नगर पालिका परिषद मोदीनगर द्वारा अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र के निर्देशन में बंधन स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत एक रचनात्मक व प्रेरणादायक गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छ सारथी क्लब, टीआरएम पीबीएएस कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा पुन: चक्रण सामग्री का उपयोग कर तिरंगा थीम पर आधारित राखियाँ तैयार की गईं एवं इसी के साथ रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। यह पहल छात्राओं में स्वच्छता, देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित की गई। इसी कार्यक्रम में छात्राओं के द्वारा बनाई गई राखियां पुलिसकर्मियों को बांधकर रक्षा का वचन लिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप नगर पालिका परिषद मोदीनगर अध्यक्ष विनोद वैशाली, मोदीनगर थाना प्रभारी नरेंद्र शर्मा, पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दिनेश कुमार, सभासद ललित त्यागी, प्रधानाचार्या संगीता शर्मा एवं सहायक अध्यापिका, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अरविंद कुमार, नगर पालिका मोदीनगर की एसबीएम टीम से शिवानी कुंडू, आशीष वत्स, दीपांशु सैनी आदि उपस्थित रहे। सभी अथितिगण द्वारा बच्चों की इस अभिनव पहल की प्रशंसा करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# घटना का समयबद्ध निस्तारण करना होगी प्राथमिकता: एसीपी


**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मोदीनगर।** घटना होते ही यदि पुलिस तत्काल ही उसके निस्तारण के लिए कार्यवाही शुरू कर दे तो घटना का अनावरण भी हो जाता है व समय भी अधिक नही लगता,क्षेत्र की पुलिसिंग की यही प्राथमिकता तय की जा रही है। यह बात मोदीनगर के नवनियुक्त एसीपी अमित सक्सेना ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पुलिस के पास आने वाले किसी भी शिकायतकर्ता से सभी पुलिसकर्मी सम्मान से बात करें उनकी परेशानी को शांति के साथ सुने ओर यदि संभव हो तो तत्काल उसका निस्तारण करें अथवा उसपर उचित कार्यवाही करें लेकिन फरियादियों से अभद्र व्यवहार बिल्कुल भी ना करें इसके निर्देश पुलिस को दे दिए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनके सर्किल के अंतर्गत आने वाले थानों पर थाना निरीक्षक के निर्देशन में शांति समिति की बैठक करने की शुरुआत की जा चुकी है। उन्होंने अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की भी बात कही। साथ ही उन्होंने किसी भी जांच अथवा कार्यवाही में पारदर्शिता बरतने के भी निर्देश दिये

# उप्र का मुख्य सचिव नियुक्त किए जाने पर उद्यमियों ने दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश शाशन में मुख्य सचिव के रूप में नियुक्त किये गए शशि प्रकाश गोयल से लखनऊ सचिवालय में समरकूल ग्रुप के चेयरमैन एवं उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मण्डल उधोग मंच के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता एवं ऑल इंडिया इंडस्ट्रियलिस्ट एशोसिएशन के अध्यक्ष उपेन्द्र गोयल ने मुलाकात कर उन्हें मुख्य सचिव नियुक्त किये जाने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। तथा क्षेत्र के उद्यमियों की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन भी मुख्य सचिव को सौंपा।

संजीव कुमार गुप्ता एवं उपेन्द्र गोयल पिछले दो दिनों से लखनऊ में है। तथा दोनों ने ही उधोग जगत के हितों के लिए अनेकों मंत्रालयों में संपर्क करके क्षेत्र के उद्यमियों की समस्याओं से संबंधित अधिकारियों एवं मंत्रियों को अवगत कराया है। इस लखनऊ दौरे के संबंध में ऑल इंडिया इंडस्ट्रियलिस्ट एशोसिएशन के अध्यक्ष उपेन्द्र गोयल ने बताया कि पिछले कई वर्षों के पश्चात अब हमारा संगठन सक्रियता से उधोग जगत की समस्याओं को उचित प्लेटफॉर्म पर उठा रहा है। तथा इसके साकारात्मक परिणाम भी हमें प्राप्त हो रहें हैं।

# दयावती पब्लिक स्कूल में यंग अचीवर्स अवॉर्ड का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**मोदीनगर।** शुक्रवार को दयावती मोदी पब्लिक के सभागार में 'यंगअचीवर्सअवार्ड' का आयोजन किया गया। यह अवार्ड शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक वर्ष दिया जाता है। इस समारोह का आरंभ प्रधानाचार्य वीके राणा तथा उपप्रधानाचार्या डॉ० गुरमीत गुप्ता द्वारा दीप प्रज्जवलित करते हुए किया गया। सबसे पहले, ईशिता अरोड़ा ने एक सुन्दर कविता का गायन किया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा एक प्रेरणादायक गीत गाया गया। इसके बाद कक्षा चार तथा पाँचवी कक्षा के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र और छात्राओं को प्रभारी प्राइमरी. विंगरियाबधवारतथा प्रभारी जूनियरविंग डॉ० रश्मि तेवतिया द्वारा शील्ड और सर्टिफिकेट दिए गए। उसके पश्चात छात्राओं द्वारा देशभक्ति नृत्य का भव्य प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात कक्षा छह और सात के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी छात्र और छात्राओं को प्रधानाचार्य और उप प्रधानाचार्या द्वारा शील्ड और सर्टिफिकेट दिये गये। इस कार्यक्रम का संचालन मुस्कान भाटिया, सिमरन धीर, मनित कुमार कौशल और रिशित अरोड़ा ने किया।

समारोह का समापन प्रधानाचार्य वी०केराणा ने अपने भाषण में छात्र-छात्राओं को बधाई तथा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अन्त में डॉ० रश्मि तेवतिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्या डॉ० गुरमीत गुप्ता, प्रभारी जूनियरविंग डॉ० रश्मि तेवतिया, प्रभारी प्राइमरी. विंगरियाबधवार, अभिभावक तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने एनडीआरएफ जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गाजियाबाद।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल की महिला विंग द्वारा एनडीआरएफ के जांबाज जवानों एवं कमांडेंट पी.के. तिवारी को रक्षा सूत्र (राखी) बांधकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आपदाओं में घिरे भाई-बहनों की जान बचाने वाले इन वीरों को बहनों ने भावपूर्ण श्रद्धा के साथ प्रणाम कर ष्जय हिंदष् का उद्घोष किया और उनकी खुशी एवं लंबी आयु की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान सभी बहनों ने एनडीआरएफ कमांडेंट पी.के. तिवारी, इंस्पेक्टर संजय कुमार, संजीव कुमार, हवलदार विकास यादव, ललित कौशिक, वेद प्रकाश लांबा, कपिन कुमार, कादिर खान सहित अन्य जवानों के हाथों में राखी बांधी, माथे पर तिलक लगाया और मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। इस भावनात्मक पल में महिला विंग जिला उपाध्यक्ष नीता भार्गव, ज्योति तोमर, दिव्या सिंह, राखी गोयल, जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी, उपाध्यक्ष अशोक भारतीय, संजय शर्मा, डॉ. विजय सिंह सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। महिला विंग उपाध्यक्ष नीता भार्गव ने कहा कि यह सम्मान केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि उन वीरों के प्रति आभार है जो अपनी जान की परवाह किए बिना देशवासियों की रक्षा में सदैव तत्पर रहते हैं। कमांडेंट पी.के. तिवारी ने कहा एनडीआरएफ के प्रत्येक जवान के लिए यह क्षण गर्व और प्रेरणा का है। जब देश की बहनें हमें राखी बांधती हैं, तो यह हमारे लिए परिवार जैसा स्नेह और कर्तव्य की नई ऊर्जा लेकर आता है। राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी ने कहा, एनडीआरएफ के जवान देश की असली धरोहर हैं। आज जब बहनों ने इन्हें रक्षा सूत्र बांधा, तो यह हमारे समाज में भाई-बहन के अटूट रिश्ते और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय संगम है। जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने कहा हमारे लिए गर्व का विषय है कि हमें इन जांबाज जवानों का सम्मान करने का अवसर मिला। यह पहल समाज को सुरक्षा बलों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का प्रेरक संदेश देती है।

# ट्रैफिक समस्याओं को लेकर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने टीआई के साथ की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** लाल कुंआ पर वाहन खड़े कर सवारी भरने वाले वाहनों से लगने वाले जाम सहित ट्रैफिक से जुड़ी तमाम समस्याओं को लेकर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष सौदान सिंह गुर्जर के नेतृत्व में प्रदर्शन किए जाने की घोषणा के बाद टीआई अजय यादव अपनी टीम के साथ एसोसिएशन के कार्यालय पहुंचे। जहां जिलाध्यक्ष सौदान सिंह गुर्जर ने अपने पदाधिकारियों सहित टीआई के साथ ट्रैफिक समस्याओं को लेकर चर्चा की। चर्चा के बाद टीआई ने आश्वासन दिया कि जल्द ही एसोसिएशन की मांगों को पूरा कर समस्या का निस्तारण कर दिया जाएगा। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष सौदान सिंह गुर्जर, महासचिव सुरेंद्र नागर, जिला उपाध्यक्ष राजेश भारद्वाज, चेयरमैन इकबाल खान, मनोज गौड़, राम सेवक यादव आदि उपस्थित रहे।

# गिन्नी देवी की छात्राओं ने किया सृजन व स्वाभिमान थीम पर फैशन शो का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज ,मोदीनगर की गृह विज्ञान विभाग (स्ववित्त पोषित) की छात्राओं ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के अटल सभागार में 11वीं राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह के अवसर पर सूत्र -सृजन और स्वाभिमान थीम पर फैशन शो किया जिसमें छात्राओं ने स्व-निर्मित मैजिक ऑफ थ्रेड्स यानी कि धागों की जादूगरी करके अपना हुनर प्रस्तुत किया। इसमें मेक्रम, क्रोशिया, बुनाई, हैंड पेंटिंग, प्लेन और बास्केट बुनाई की ड्रेस पहनकर फैशन शो किया गया। इसमें स्व- निर्मित धागों, मोती, क्रोशिया और फैब्रिक से बनी ज्वेलरी धारण की गई, जिसको कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुल. पति प्रोफेसर संगीता शुक्ला जी तथा अन्य अति विशिष्ट अतिथियों के द्वारा अत्यधिक सराहा गया। तत्पश्चात फैशन शो की पूरी टीम को मंच पर कुलपति महोदया जी द्वारा प्रतीक चिन्ह तथा प्रमाण पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। फैशन शो का नेतृत्व क्लॉथिंग एंड टेक्सटाइल विभाग की विभागाध्यक्षा डॉक्टर मीनू अग्रवाल, एम.ए. गृह विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉ राखी मित्तल, असिस्टेंट प्रोफेसर राखी शर्मा तथा गायत्री द्वारा किया गया। फैशन शो में रश्मि, ऋतुपर्णा, खुशबू, रूबी, अंजलि, सना, भव्या, विधि, रिशिता ,सोनिया, कनक तथा दीपांशी ने कुशल सहभागिता की। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा जी तथा सलाहकार डॉ रीता बख्शी (के एन मोदी ग्रुप) ने अटल सभागार में फैशन शो की सफलता पर शिक्षिकाओं तथा छात्राओं को मंच से ही शुभकामना प्रेषित की, तथा फैशन शो और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाया। फैशन शो का मुख्य उद्देश्य हथकरघा और हस्तशिल्प के महत्व को उजागर करना और युवा पीढ़ी को इससे जोड़ना था। क्रिएशन ऑफ थ्रेड्स और प्राइड थीम पर आधारित फैशन शो न केवल एक कला प्रस्तुति थी बल्कि यह भारतीय हस्तकला की गरिमा और गौरव को मंच देने का एक सार्थक प्रयास भी था।

# तिरंगा अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के निर्देशानुसार भौपुरा मंडल अध्यक्ष विपिन डागर की अध्यक्षता में कृष्णा वाटिका बैंकवट हॉल, 60 फुटा रोड, डिफेंस कॉलोनी भौपुरा में हर-घर तिरंगा अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि/वक्ता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी रहे। मुख्यवक्ता ने बताया कि भौपुरा मंडल में हर-घर तिरंगा लगाया जाना चाहिए, इसके लिए मंडल की समस्त टीम को कार्य करना होगा। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक जितेन्द्र सैन ने किया और समापन महामंत्री सैन राजकुमार चंदेला ने किया, भौपुरा मंडल के समस्त पदाधिकारगण और देवतुल्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# सिल्वरलाइनर्स ने किया आजादी का अमृत महोत्सव अभियान का शुभारम्भ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिला अधिकारी एवं इंडीपेन्डेन्ट स्कूल्स फैडरेशन के आवाह्न पर सिल्वरलाइन प्रैस्टिज स्कूल, बुलन्दशहर रोड इण्ड० एरिया में रंगोली प्रतियोगिता एवं राखी बनाने की कार्यशाला हुई। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सभी स्वतंत्रता सेनानियों एवं सैनिकों को भावभीनी श्रृद्धांजलि देते हुए जागरूकता रैली ष्हर घर तिरंगाष् स्कूल कैम्पस से देश के जन-जन तक हमारे दिल की धड़कन हमारे स्वतंत्रता नायकों के लिए आयोजित की गयी । जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिए। इन कार्यक्रमों में स्कूल के सभी छात्र-छात्राऐं, मैनेजमेन्ट सदस्य, प्रधानाचार्या, शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## आईटीएस डेंटल कॉलेज में सीबीसीटी एन इंटीग्रेटेड पोस्ट ग्रेजुएट क्लीनिकल पर

# तीन दिवसीय मॉड्यूल का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज के ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग द्वारा सीबीसीटी-एन इंटीग्रेटेड पोस्ट ग्रेजुएट क्लीनिकल पर तीन दिवसीय मॉड्यूल का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के एमडीएस पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के 40 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। जिसका उद्देश्य दंत चिकित्सा में सीबीसीटी- ए 3डी इमेजिंग मोडेलिटी के क्षेत्र में एमडीएस छात्रों की क्लीनिकल क्षमताओं में सुधार करना था। कार्यक्रम के दौरान सीबीसीटी सॉफ्टवेयर के उपयोग की मूल बातें, सैद्धांतिक और व्यावहारिक व्याख्यान, हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग तथा विभिन्न मामलों का प्रदर्शन शामिल था। पहला दिन मॉड्यूल का पूर्ण विवरण डॉ अक्षय राठौर, एचओडी ओरल मेडिसिन विभाग द्वारा दिया गया। जिसमें उन्होंने सीबीसीटी इमेजिंग सॉफ्टवेयर की मूल कार्यप्रणाली पर व्याख्यान प्रस्तुत किये। इसके बाद डेंटिस्ट्री की विभिन्न शाखाओं में सीबीसीटी के अनुप्रयोगों को विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को इमेज इंटरप्रिटेशन, नर्व ट्रेसिंग और इम्प्लांट सिमुलेशन में प्रशिक्षित किया गया।कार्यक्रम के दूसरे दिन डॉ अनुराधा ने ट्रॉमा और फ्रैक्चर मूल्यांकन एवं व्याख्या पर लेक्चर दिया। इसके बाद सीबीसीटी इमेजेस में पाये जाने वाले आर्टिफैक्ट्स पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त डॉ पारुल द्वारा इम्पैक्शन और संबंधित पैथोलॉजी का मूल्यांकन किया गया और इसके पश्चात हैंड्स-ऑन सत्र हुआ। तीसरे दिन डॉ अक्षय द्वारा एंडोडोंटिक मामलों में सीबीसीटी के उपयोग के बारे में भी सभी छात्रों को अवगत कराया गया। इसके बाद अन्य फैकल्टी ने ऑर्थोडॉन्टिक्स और पीरियडॉन्टिक्स के मामलों के मूल्यांकन और व्याख्यान दिये गये, साथ ही प्रेक्टिकल सत्र भी आयोजित किये गये। इस मॉड्यूल ने विद्यार्थियों को सीबीसीटी इमेज पढ़ने और व्याख्या करने में सक्षम बनाया। केस आधारित परिदृश्यों पर विशेष जोर देते हुए हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# महलका गांव में आशा कार्यकत्री को चाकू घोंपकर मारने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के ग्राम महलका में आशा के पद पर काम करने वाली महिला के साथ गांव के ही युवक ने गाली गलौज व जाति सूचक शब्द कहते हुए सिर के बाल पकड़कर खींचकर मारपीट कर दी और धारदार चाकू मारने का प्रयास किया। घटना के संबंध में पीड़िता महिला रणबीरी पत्नी हरि सिंह निवासी महलका ने थाने में पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह गांव में आशा के पद पर कार्य करतीं है। गांव में ही गर्भवती महिला को उसके घर देखने गई थी। जच्चा बच्चा डिलीवरी के लिए उसको अस्पताल ले गई वहां सही सलामत महिला को बच्चा पैदा हुआ उसे छोड़कर वापस अपने घर जा रही थी इसी दौरान उसके पति सलीम भड़क गया और पीड़िता महिला को गंदी-गंदी गाली गलौज व जाति सूचक शब्द कहते हुए उसके सिर के बाल पकड़कर खींच लिया और बुरी तरह जमकर मारा पीटा, विरोध करने पर आरोपी सलीम ने हत्या के इरादे से धार धार चाकू निकाल कर पीड़िता महिला पर फिर दोबारा हमला करने का प्रयास किया। पीड़ित महिला आरोपी के चुगल से छुटते हुए मौके से भाग कर अपनी जान बचाई। पीड़ित महिला बहुत डरी हुई है उसने आरोपी सलीम कुरैशी पुत्र बाबू के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रताप सिंह का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।



# वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के एकीकृत प्रदर्शन से जुड़ी खास बातें

**मुंबई।** दो अगस्त 2025: जमा स्वीकार नहीं करने वाली और प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण एनबीएफसी केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (ब्ंचतप ळसवइंस ब्ंचपजंस स्जक.) के निदेशक मंडल (बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) ने 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के अनऑडिटेडवित्तीयपरिणामोंकी घोषणा एक अगस्त, 2025 (शुक्रवार) को की। इन नतीजों की खास बातें इस प्रकार हैं।

**कारोबार और आय से जुड़ा प्रदर्शन**

वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में मजबूत रहा कंपनी का परिचालन प्रदर्शन, एकीकृत एयूएम 24,750 करोड़ रुपये के पार केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में ग्रोथ की तेज रफ्तार को बरकरार रखा। एनबीएफसी का एकीकृत असेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) सालाना आधार पर 42 प्रतिशत के उछाल के साथ 24754 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसमें रिटेल एयूएम की ग्रोथ सबसे ज्यादा दर्ज की गई। गोल्ड लोन में सालाना आधार पर 69 प्रतिशत और हाउसिंग लोन में 32 प्रतिशत की ग्रोथ देखने को मिली। को-लेंडिंग एयूएम सालाना आधार पर 64 प्रतिशत बढ़कर 4681 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस तरह एकीकृत एयूएम में को-लेंडिंग एयूएम की हिस्सेदारी बढ़कर 18.9 प्रतिशत हो गई जो वित्त वर्ष 2024-25 की आखिरी तिमाही में 17.8 प्रतिशत थी।

यह बैंकों के साथ सीजीसीएल की गहरी होती साझेदारी को दिखाता है। एनबीएफसी द्वारा इस अवधि में दिया गया कर्ज (डिस्बर्समेंट) 51 प्रतिशत बढ़कर 8,458 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, वहीं वृद्धि की रफ्तार तेज और अलग-अलग क्षेत्रों में रही। एनबीएफसी का ग्राहक आधार 5.5 लाख के पार पहुंच गया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में मुनाफे में रिकॉर्ड वृद्धि शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 131 प्रतिशत बढ़ा सीजीसीएल ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में लाभप्रदता में मजबूत वृद्धि जारी रखी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 131 प्रतिशत बढ़कर 175 करोड़ रुपये हो गया। मार्जिन बढ़ने, परिचालन से जुड़े फायदे और बिजनेस के सभी प्रमुख क्षेत्रों में लगातार वृद्धि से कंपनी की लाभप्रदता में ये बड़ा उछाल देखने को मिला है। कंपनी ने हाल ही में इक्विटीफंड जुटाने के बाद पूंजी आधार बढ़ने के बावजूद मजबूत रिटर्नमेट्रिक्स दर्ज किए। कंपनी नेआलोच्य तिमाही में वार्षिकीकृत आरओएई 13.0 प्रतिशत और आरओएए 3.2 प्रतिशत पर रहने की सूचना दी है। रिटेल लोन बुक में मजबूत वृद्धि और नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम) में लगातार सुधार से कंपनी की ब्याज से होने वाली शुद्ध आय सालाना आधार पर 38 प्रतिशत बढ़कर 416 करोड़ रुपये हो गई। कंपनीकेशु)अग्रिमों (नेटएडवांस) परब्लेंडेडयील्ड्सऔरस्प्रेडक्रमशः 16.9 प्रतिशतऔर 7.2 प्रतिशतरहे।ये मजबूत मूल्य निर्धारण क्षमता (प्राइसिंगपावर) और अच्छी तरह से संतुलित पोर्ट फोलियो मिश्रण को दर्शाते हैं। फीस-आधारित आय में मजबूत वृद्धि, गैर-ब्याज आय बनी हुई है कंपनी की अहम रणनीतिक शक्ति हमनेवित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में गैर-ब्याज आय के स्रोतों को और मजबूत किया है। इस तरह विविध माध्यमों से और मजबूत आय प्रोफाइल विकसित करने की हमारी रणनीति को और बल मिला है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में को-लेंडिंग फी इनकम और बीमा वितरण में मजबूत वृद्धि के दम पर एनबीएफसी की गैर-ब्याज आय (नॉन-इंटरेस्ट इनकम) सालाना आधार पर 53 प्रतिशत बढ़कर 166 करोड़ रुपये हो गई। आलोच्य तिमाही में हुई कुल आमदनी में इसका योगदान 28.5 प्रतिशत रहा। कंपनी के कार लोन वितरण कारोबार की ग्रोथ की रफ्तार भी मजबूत बनी हुई है और वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में इस क्षेत्र में 2,651 करोड़ रुपये के ऑरिजिनेशन हुए जो सालाना आधार पर 19 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाते हैं।

# विकलांग युवक की थाने के गेट के सामने से टेबल चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लोहिया नगर थाने के सामने एक विकलांग युवक लकड़ी का खोका तहरीर लिखने का कार्य करता है। तहरीर लिखकर अपना पालन पोषण करता है थाना लोहिया नगर क्षेत्र के न्यू इस्लामनगर का रहने वाला आसिफ पुत्र आस मोहम्मद लोहिया नगर थाने के सामने लकड़ी का कोटा लगाकर तहरीर लिखता है जिससे उसकी मजदूरी हो जाती है और विकलांग होने की वजह से आसिफ से कोई काम ही नहीं हो पाता जिसके चलते वह अपने पालन पोषण के लिए तहरीर लिखने का काम करता है।आसिफ अपनी टेबल रोजमर्रा की तरह थाने के सामने रख कर चला जाता है शुक्रवार की सुबह विकलांग युवक थाने पहुंचा तो देखा उसकी टेबल वहां पर नहीं थी।

# शताक्षी इंटर नेशनल स्कूल में छात्रों ने बनाई राखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** शताक्षी इंटर नेशनल स्कूल चितवाना शेरपुर में रक्षाबंधन के पावन पर्व को बड़े हर्षोल्लास और सास्कृतिक वातावरण में मनाया गया। विद्यार्थियों ने रंग बिरंगी व सुंदर राखियां स्वयं बनाकर भाई-बहन के अटूट बंधन को अभिव्यक्त किया। छोटे बच्चों ने मच पर प्रस्तुत कविताओ, गीतो और लघु नाटिकाओं से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। विद्यालय के चेयरमैन मोनू तोमर ने बच्चो को भाई-बहन के इस पावन पर्व का महत्व बताया व प्रेम-भाव से त्यौहार की बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रुबी शर्मा ने विद्यार्थियों को रक्षा-बंधन के ऐतिहासिक, सामा. जिक और सास्कृतिक महत्व के बारे में बताया। पूरे परिसर में उत्सव का माहौल रहा और कार्यक्रम का समापन सभी के चेहरों पर मुस्कान और दिलो में भाईचारे की भावना के साथ हुआ। इस मौके पर विद्यालय परिवार सुधीर मावी, मैविश अंसारी, शुश्रम त्रिपाठी, शुनांक कौशिक, आरती अग्रवाल, अनुराधा गुप्ता व सृष्टि, उर्वशी, पूर्वी, दक्ष मावी, अक्षित नागर, अदक्ष आदि रहे।



## एसआईएस पब्लिक स्कूल में हुई राखी की कलात्मक प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीखितगढ़।** ग्राम चितवाना शेरपुर स्थित क्षेत्र के पहले सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित एसआईएस पब्लिक स्कूल में बच्चों ने राखी की कलात्मक प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें सभी छात्राओं ने बहुत ही लोकप्रिय राखी अपने हाथों से तैयार की। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर रवि मावी प्रधानाचार्या नेहा मावी व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# एआइएमआइएम के पदाधिकारियों ने की बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी से मुलाकात

**पंचायत चुनाव को लेकर ओवैसी ने दिए सदस्यों को टिप्स**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आगामी पंचायत चुनाव को लेकर एआईएमआईएम भी अब धरातल पर मेहनत करती हुई दिखाई दे रही है पार्टी की नीति और पार्टी की आगामी रणनीति को लेकर मेरठ एआइएमआइएम की टीम पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी मेहताब चौहान व महानगर अध्यक्ष इमरान अंसारी के नेतृत्व में दिल्ली स्थित बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के आवास पर पहुंची जहां पर सभी ने एआइएमआइएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी से मुलाकात की ओर पंचायत चुनाव को लेकर जरूरी टिप्स साझा किया। इस दौरान बैरिस्टर असदुद्दीन ओवेसी से सभी उपस्थितगण का विशेष परिचय हुआ और मेरठ इकाई की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश में होने वाले पंचायत चुनाव पर चर्चा की एवं संगठन को मजबूत किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान ओवैसी ने पार्टी के पार्षद फजल करीम सदस्य कार्यकारणी, शाहिद अंसारी, गुड्डू अंसारी, दिलशाद सैफी, गुड्डी अफजाल चौधरी, ताहिर अंसारी, अमजद कस्सार, हसीन अहमद आदि से विकास कार्यों एवं उनकी कार्य शैली के बारे में चर्चा की एवं वार्डो में मेहनत से काम करने की हिदायत भी दी ओर अध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश डाक्टर महताब चौहान को गांव-गांव घूम कर पार्टी को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी दी। इस दौरान पार्टी की मेरठ में कमान संभाल रहे जिला अध्यक्ष एडवोकेट फहीम चौधरी, इमरान अंसारी महानगर अध्यक्ष, फहीम अंसारी महानगर मुख्य महासचिव, इरशाद अलमा महानगर उपाध्यक्ष सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# हाउस टैक्स में बढ़ोतरी पर भड़की कांग्रेस

**स्ट्रीट लाइट, जर्जर सड़कों का विरोध, एसडीएम सरधना को सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना में नगर पालिका व नगर पंचायत में हाउस टैक्स में भारी वृद्धि, बरसात में खराब हुई स्ट्रीट लाइट, जर्जर सड़के व आम जन के मुद्दों व सरधना तहसील में पटवारी की कमी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव भाटी के नेतृत्व में जिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम सरधना को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष गौरव भाटी ने कहा कि इस वृद्धि से आम जनता पर बोझ पड़ेगा वहीं बरसात के कारण क्षेत्र की स्ट्रीट लाइट व सड़के खराब हो चुकी हैं जिसके कारण क्षेत्र की जनता को बहुत ही मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 117 गांव होने के बावजूद 17 पटवारी ही काम कर रहे जिस वजह से जनता, किसान और मजदूरो का शोषण होता आ रहा है अगर जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो जिला कांग्रेस एक बड़ा आंदोलन करेगी। इस दौरान कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शबी खान, सैय्यद रेहानुद्दीन, योगी जाटव, राकेश कुशवाह, सपना सोम, सुनीता मंडल, एड. जितेंद्र पांचाल, अमित शर्मा आदि मौजूद रहे।




# नारंगपुर में ग्रामीणों ने संदिग्ध युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** थाना क्षेत्र के नारंगपुर गांव में गुरुवार देर शाम एक अज्ञात युवक के संदिग्ध रूप से घूमने पर ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक कई घंटों से गांव के अलग-अलग हिस्सों में बिना किसी स्पष्ट कारण के घूम रहा था।

ग्रामीणों के अनुसार, युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगीं और जब उससे पूछताछ की गई तो वह संतोष जनक जवाब नहीं दे सका। इसके बाद लोगों ने सामूहिक रूप से उसे रोककर स्थानीय चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को थाने ले गई। थानाध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया कि युवक की पहचान और आने का उद्देश्य पता लगाने के लिए पूछताछ की जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जाएगी कि उसका किसी आपराधिक मामले से संबंध है या नहीं। पुलिस ने ग्रामीणों की सतर्कता की सराहना की और लोगों से अपील की है कि संदिग्ध गति. विधि दिखने पर तुरंत सूचना दें।



# राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**रुहीन व अलीना रिजवी ने प्रथम व द्वितीय स्थान किया प्राप्त**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में दौराला मसूरी मार्ग पर स्थित राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज के प्रांगण में गुरुवार को छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भौतिक विज्ञान विशेषज्ञ मोहम्मद जाहिद, रसायन विज्ञान विशेषज्ञ संजय त्यागी शामिल हुए। स्कूल की प्रधानाचार्य सुनीता भारती ने बताया कि कक्षा 6 से कक्षा 12 तक की छात्राओं ने इस प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में प्रथम स्थान कक्षा 6 की रुहीन, इलका व अनम ने ऑटोमेटिक लिफ्ट बनाकर प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान कक्षा 11 की अलीना रिजवी ने ऑटोमेटिक वॉटर डिस्पेंसर बनाकर प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान कक्षा 9 की अक्शा ने मानव ह्रदय बनाकर प्राप्त किया। प्रधानाचार्य सुनीता भारती ने तीनों छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह विज्ञान प्रदर्शनी कौशल रानी व कुख प्राची सैनी की देखरेख में संपन्न कराई गई। इस दौरान रंजना, बीना, ललिता, ममता कश्यप, रेणु भारद्वाज, अंकित शर्मा, प्रीति, अंशु, नेहा, कुमकुम, सोनिया सहित समस्त कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।



# नगर पंचायत लावड़ में मेहंदी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** गुरुवार को नगर पंचायत कार्यालय में आगामी रक्षाबंधन मेले के अवसर पर एक विशेष मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कस्बे की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। चेयरपर्सन हज्जन आफताब ने बताया कि यह कार्यक्रम महिलाओं को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, ताकि वे अपनी प्रतिभा दिखा सकें और आपस में मेल-जोल बढ़ा सकें। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर महिलाओं के लिए एक दिन के लिए टेंपो फ्री कर दिए गए हैं जो दौराला से लावड़ होते हुए मसूरी व लावड़ से मेरठ तक रहेंगे, ताकि आने-जाने वाली महिलाओं को कोई परेशानी न हो। इस पहल से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। महिलाओं ने इस आयोजन के लिए चेयरपर्सन का आभार व्यक्त किया है।

# राखी प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** भारतीय परंपराओं को सहेजते हुए और छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मोंटफोर्ट स्कूल सरधना में हाल ही में रंग-बिरंगी राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कलात्मक कौशल का विकास करना और भाई-बहन के प्रेम, स्नेह व सुरक्षा के मूल्यों को सुदृढ़ करना था। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रंगीन धागे, मोतियों, सीक्वेंस और सजावटी सामग्री का प्रयोग कर आकर्षक व सुंदर राखियां तैयार कीं। शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में बच्चों ने अपने-अपने अनोखे डिजाइन बनाए। कक्षाओं में पूरे समय उत्साह और रचनात्मकता का माहौल बना रहा। इस अवसर पर प्राचार्य ब्र. पंकज ने छात्रों का उत्साह वर्धन किया और उन्हें रक्षाबंधन के वास्तविक अर्थ से अवगत कराया कहा कि यह एक ऐसा पर्व जो देखभाल, विश्वास और भाई-बहन के अटूट बंधन का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों की मेहनत और रचनात्मकता की भी सराहना की। प्रबंधक ब्र. इमैनुअल ने छात्रों को उनकी सुंदर रचनाओं के लिए बधाई दी और कहा कि इस तरह की गतिविधियां न केवल बच्चों को हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ती हैं, बल्कि उनके कलात्मक कौशल को भी निखारती हैं। कार्यक्रम का समापन छात्रों द्वारा बनाई गई राखियों की प्रदर्शनी के साथ हुआ। रंग बिरंगे धागों और बारीक डिजाइनों में न केवल कला झलक रही थी, बल्कि उसमें भाई-बहन के प्रेम और स्नेह की गर्माहट भी महसूस हो रही थी। इस प्रतियोगिता के माध्यम से मोंटफोर्ट स्कूल सरधना ने सांस्कृतिक उत्सव और व्यावहारिक शिक्षा को सफलता पूर्वक जोड़ते हुए इसे सभी के लिए यादगार बना दिया।



# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम चरण में विद्यालयों में कराये गये विभिन्न कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्राप्त निर्देशानुसार जनपद के विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित किया जा रहा है। जनपद में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम चरण में 867 विद्यालयों में दीवारो एवं बोर्ड पर तिरंगा से प्रेरित कला से सजाये जाने, 356 विद्यालयो में प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन तथा 985 विद्यालयो में रंगोली का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि द्वितीय एवं तृतीय चरणो में दिये गये निर्देशो के अनुरूप विद्यालयो में कार्यक्रमो के कार्यवाही की जा रही है। यह अभियान जारी रहेगा।

# सिवाल खास में मासूमों की मौत का जिम्मेदार बिल्डर गिरफ्तार

**जानी खुर्द।** कस्बा सिवालखास में छह दिन पूर्व लापता तीन बच्चों के शव सिवाल खास में कट रही एक कालोनी जिसका नाम अमन गार्डन कॉलोनी फेस-3 है वहां मिले थे। पुलिस ने अगले दिन ही इस घटना में बिल्डर की लाप. रवाही सामने उजागर हुई थी क्योंकि बिल्डर ने अपने प्लाट में एक बहुत बड़ा गड्ढा कर रखा था जिसमें तीन बच्चे मिले थे। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया था। मौके पर अधिकारी कस्बा सिवाल खास पहुंचे थे।

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**दिल्ली जं. - सीतामढ़ी - दिल्ली जं. के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेल सेवा का शुभारम्भ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा दिल्ली जं.-सीतामढ़ी-दिल्ली जं. के बीच नई साप्ताहिक अमृत भारत रेल सेवा सं. 14048/14047 का शुभारम्भ किया जा रहा है। इस अमृत भारत सेवा का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**रेलगाड़ी सं. 14048/14047 दिल्ली जं.-सीतामढ़ी-दिल्ली जं. अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 14048 आगमन | गाड़ी सं. 14048 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 14047 आगमन | गाड़ी सं. 14047 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 14:00 | दिल्ली जं. | 22:40 | ---- |
| 14:40 | 14:42 | गाजियाबाद | 21:25 | 21:27 |
| 16:53 | 16:55 | टूण्डला जं. | 17:20 | 17:22 |
| 20:05 | 20:10 | कानपुर सेंट्रल | 13:45 | 13:50 |
| 22:10 | 22:20 | लखनऊ जं. | 11:25 | 11:35 |
| 00:25 | 00:30 | गोण्डा जं. | 08:45 | 08:50 |
| 01:50 | 01:53 | बस्ती | 07:20 | 07:23 |
| 03:15 | 03:25 | गोरखपुर जं. | 05:25 | 05:35 |
| 04:10 | 04:12 | कप्तानगंज जं. | 04:06 | 04:08 |
| 04:50 | 04:52 | सिसवा बाज़ार | 03:46 | 03:48 |
| 06:33 | 06:35 | बगहा | 02:28 | 02:30 |
| 07:15 | 07:20 | नरकटियागंज जं. | 01:25 | 01:30 |
| 07:43 | 07:45 | सिकटा | 00:38 | 00:40 |
| 08:10 | 08:15 | रक्सौल जं. | 00:10 | 00:15 |
| 09:08 | 09:10 | बैरगनियां | 22:40 | 22:42 |
| 10:45 | ---- | सीतामढ़ी | ---- | 22:15 |

चलने के दिन: 14048 दिल्ली जं. से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 09.08.2025 से तथा 14047 सीतामढ़ी से प्रत्येक रविवार को दिनांक 10.08.2025 से। स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

2428/2025 पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# लायंस क्लब ने छात्रों को गोल्ड मेडल व प्रधानाचार्य को डायमंड बैज दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में लायंस ओलम्पियाड फाउन्डेशन, दिल्ली की ओर से कक्षा-10 की बोर्ड परीक्षा 2024-25 में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों अनुष्का धीमन, वर्णिका मित्तल, हर्षित कपूर और भव्य सोम को लायंस क्लब भवानी के एक्स रिजन चैयरपर्सन, लविन्दर भूषण ने गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया। वहीं दूसरी ओर स्कूल के अन्य छात्रों को लायंस क्लब भवानी के अध्यक्ष सतीश सज्जनहार, तरून मेहरा, सेकेटरी एवं कोषाध्यक्ष, संजय गोयल द्वारा लायंस क्लब का बैज देकर सम्मानित किया। साथ ही प्रधानाचार्य को डायमंड लायंस बैज देकर सम्मानित किया। डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण हैं। परिवार और शिक्षक, दोनों ही एक मजबूत स्तंभ की तरह छात्रों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं।



# सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लोकप्रिय अस्पताल द्वारा सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल, ज्योति निकेतन, छिप्पी टैंक में निःशुल्क कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ प्रधानाचार्य ए. डीन एवं लोकप्रिय अस्पताल की मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ. परमजीत द्वारा रिबन काट कर किया गया। कैम्प में डॉ. रवि कंसल एवं उनकी टीम द्वारा 150 से अधिक मरीजों का निशुल्क चिकित्सीय परामर्श दिया गया।

जिनमें सभी शिक्षक, प्रधानाचार्य, प्रशासनिक कर्मचारी और अन्य कर्मचारी शामिल रहे। कैम्प में विभिन्न बीमारियों जैसे डायबिटीज, एनीमिया, सांस की बीमारी, सर्वाइकल स्पोंडिलोसिस, फाइब्रोफैसिटिस हील, ऑस्टियो आर्थराइटिस गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं, लिवर की समस्या, गुर्दे और मूत्रवाहिनी की पथरी, बुखार, आदि का निःशुल्क परामर्श दिया गया। कैम्प में फ्री ओ.पी.डी. के साथ-साथ निःशुल्क ई.सी.जी. ब्लड शुगर व बी.पी. चैकअप भी किया गया। डॉ. रवि कंसल द्वारा सभी मरीजों को अपनी सेहत के प्रति जागरूक रहने के लिये प्रोत्साहित किया गया और उन्हें समय रहते विभिन्न बीमारियों के लक्षणों के बारे में अवगत कराया गया। प्रधानाचार्य ने कैंप में मौजूद डाक्टर एवं सहायक कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। कैंप में इशिका, निमिशा, सुबोध, शिव कुमार आदि का सहयोग रहा।



# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डीएम का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डीएम अभिषेक पांडेय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरिक्षण किया। उनके इस औचक निरीक्षण के दौरान, दो महिला मरीजों ने उन्हें शिकायत की कि अस्पताल में कुछ दवाइयाँ उपलब्ध नहीं हैं। इस पर डीएम ने सख्त नाराजगी जताई और तुरंत दवाइयाँ मुहैया कराने का निर्देश दिया।

डीएम ने करीब दो घंटे तक चले इस निरीक्षण में अस्पताल की सुविधाओं, दवाइयों के स्टॉक और मरीजों को दी जा रही सेवाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने स्टाफ की उपस्थिति, पैथोलॉजी लैब की कार्यप्रणाली, डेंटल वार्ड और ओपीडी की भी जाँच की। ओपीडी के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मरीजों से सीधे बातचीत की और पूछा कि क्या डॉक्टर बाहर की दवाइयाँ लिखते हैं या इलाज के लिए पैसे मांगते हैं। हालांकि मरीज जवाब से संतुष्ट दिखे, लेकिन दवाइयों की अनुपलब्धता की शिकायत ने डीएम का ध्यान खींचा। डीएम ने स्टॉक कक्ष का निरीक्षण किया और कम स्टॉक वाली दवाइयों को तुरंत लोकल पर्चेज के माध्यम से खरीदने का निर्देश दिया। उन्होंने सीएमओ और जिला अस्पताल की कार्यकारी सीएमएस को फोन पर यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी सीएचसी में दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक हो। डीएम ने सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, ओटी, एसएनसीयू और एनसीडी वार्ड का भी जायजा लिया। उन्होंने मरीजों की वेटिंग लिस्ट देखी और स्वास्थ्यकर्मियों को समय पर जाँच प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। डीएम के इस निरीक्षण का उद्देश्य अस्पताल में व्यवस्था सुधारना और



मरीजों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना था। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सतर्क रहने की हिदायत दी।

# चाइनीज मांझे की चपेट में आने से बाइक सवार घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा क्षेत्र के छिजारसी टोल प्लाजा पर बाइक सवार नदीम की गर्दन चाइनीज मांझे में फंसने से कट गई।

जानकारी के अनुसार नदीम गांव गालंद में काम करता है और गुरुवार की देर शाम को अपनी बाइक से घर लौट रहा था। छिजारसी टोल प्लाजा के पास अचानक उसकी गर्दन में चाइनीज मांझा फंस गया, जिससे उसकी गर्दन बुरी तरह कट गई। हादसे के बाद नदीम लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया, जहाँ उसकी गर्दन पर चार टाँके लगाए गए। गनीमत रही कि उसकी जान बच गई और शुक्रवार को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इस घटना के बाद से एक बार फिर से चाइनीज मांझे की बिक्री और उपयोग पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों और व्यापार मंडल ने प्रशासन से इस जानलेवा मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और सख्त कार्रवाई करने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# डीएम ने जन चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डीएम अभिषेक पांडेय ने गढ़मुक्तेश्वर विकासखंड की ग्राम पंचायत भगवती उर्फ लिसडी में एक जन चौपाल लगाई। इस चौपाल में उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जन चौपाल में ग्रामीणों ने कब्रिस्तान के लिए ज़मीन, नालियों और गलियों में पानी का जमाव, पेंशन और किसान सम्मान निधि का लाभ न मिलने जैसी को उठाया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को इन सभी समस्याओं के जल्द समाधान के लिए निर्देशित किया। उन्होंने गाँव में खेल के मैदान की जानकारी भी ली। जन चौपाल में एक ग्रामीण अजहरुद्दीन ने बताया कि उनकी गली में बिजली के तार नंगे लटके हैं, जिससे बरसात में करंट ैलने का खतरा रहता है। इस पर डीएम ने बिजली विभाग के अभियंता को तुरंत कार्रवाई करने का आदेश दिया। इसके अलावा माटी कला के तहत पट्टा उपलब्ध कराने की मांग पर डीएम ने पटा नंबर 72 की जांच करके पटा देने के निर्देश दिए। जन चौपाल में अर्चना नामक महिला ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद उसे किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल रहा है। डीएम ने उसे इस योजना का लाभ दिलाने के साथ-साथ उसके बच्चों को भी स्कॉलरशिप दिलाने का आश्वासन दिया। डीएम ने एक गरीब छात्र कालू को पढ़ाई में मदद के लिए एक स्मार्टफोन देने का निर्देश दिया। साथ ही प्रियंका को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से



प्रशिक्षण देकर उसके रोजगार को बढ़ावा देने के लिए भी निर्देश दिए गए। चौपाल के अंत में जिलाधिक. ारी ने ग्राम प्रधान से उन परिवारों की सूची मांगी, जिनके माता-पिता की मृत्यु कोरोना काल में हुई थी, ताकि उनके बच्चों को भी स्कॉलरशिप योजना का लाभ मिल सके।

# सरस्वती मेडिकल कॉलेज में ड्रग विभाग की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अनवरपुर में स्थित सरस्वती मेडिकल कॉलेज एक बार फिर प्रशासनिक जांच के दायरे में आ गया है। इस बार यह मामला कॉलेज परिसर में मौजूद मेडिकल स्टोर से जुड़ा है।

जानकारी के अनुसार ड्रग इंस्पेक्टर ने शुक्रवार को मेडिकल स्टोर पर औचक छापेमारी की और चार दवाओं के सैंपल जांच के लिए लिए। इस दौरान दवाओं के स्टॉक रजिस्टर, उनकी एक्सपायरी डेट, लाइसेंस और अन्य जरूरी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब कॉलेज पर पहले से ही कई गंभीर आरोप लगे हुए हैं। जानकारी के अनुसार कुछ महीने पहले कॉलेज में एक छात्र की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। हालांकि, एक जांच टीम का गठन हुआ था, लेकिन छात्र की मौत की वजह और जिम्मेदारी आज तक तय नहीं हो पाई। फूड विभाग ने कॉलेज की कैंटीन पर दो बार छापे मारे थे, जिसमें गंदगी, अस्वास्थ्यकर खाना और लाइसेंस की कमी पाई गई थी। इन गंभीर उल्लंघनों के बावजूद, कोई कड़ी कार्रवाई नहीं हुई। अब दवाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठने से कॉलेज पर संदेह और भी गहरा हो गया है। अगर दवाओं के सैंपल जांच में फेल होते हैं तो यह औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत एक गंभीर अपराध होगा, जिसमें आजीवन कारावास और भारी जुर्माने का प्रावधान है। स्थानीय लोग और सामाजिक संगठनों का मानना है कि प्रशासन रसूखदार



संस्थानों पर सख्ती दिखाने से बचता है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन को सिर्फ कागजी कार्रवाई से आगे बढ़कर सख्त और निर्णायक कदम उठाने चाहिए, ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो।

# गढ़मुक्तेश्वर व ब्रजघाट क्षेत्र में बढ़ा गंगा का जलस्तर, मंडराया बाढ़ का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर और ब्रजघाट क्षेत्रों में गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। पहाड़ी और मैदानी इलाकों में भारी बारिश के साथ-साथ बैराज से 3.25 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

गंगा का जलस्तर रेड अलर्ट 199.00 सेमी को पार कर 199.14 सेमी तक पहुँच गया है, जो बाढ़ के निशान 199.33 सेमी से थोड़ा ही नीचे है। गंगा की तलहटी में बसे एक दर्जन से अधिक गाँवों में पानी भरना शुरू हो गया है, जिससे हजारों की आबादी प्रभावित हुई है। जिसको लेकर डीएम अभिषेक पांडेय और एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने खादर क्षेत्र का दौरा कर चुके है और राहत कार्यों को तेज करने के अधिकारियों को निर्देश दे चुके है। जलस्तर बढ़ने से रामपुर न्यामतपुर, कुदैनी की मंढैया, चक लठीरा, गढ़ावली, नयाबांस, नयागांव, और आलमपुर भगवंतपुर जैसे गाँवों में जलभराव के कारण लोगों में दहशत है। मेला रोड पर काठ की पुलिया, खेतों के रास्ते और प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों तक पानी पहुँच गया है। बाढ़ के कारण खेती की जमीन और जंगल जलमग्न हो गए हैं। चारा और सब्जी जैसी खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों को जलीय जीवों और जान-माल के नुकसान का डर है। रास्तों पर पानी भरने से आवागमन मुश्किल हो गया है। प्रशासन ने बाढ़ के खतरे को देखते हुए पाँच बाढ़ चौकियां स्थापित की हैं, जहाँ ग्रामीणों के लिए भोजन, स्वच्छ पानी, मेडिकल कैंप और पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था की गई है। एसडीएम ने बताया कि सभी बाढ़ चौकियां अलर्ट पर हैं और संबंधित विभागों को चौकियों पर तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीणों की सुरक्षा और राहत प्रशासन की पहली प्राथमिकता है।

# चंडी मंदिर पर हुआ भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के चंडी मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय गायत्री ज्ञान संस्थान की संस्थापक निर्मला शर्मा और उनके परिवार के सहयोग से यह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद आरती और विशेष पूजा की गई। आयोजकों ने श्रद्धालुओं के लिए बैठने और प्रसाद ग्रहण करने की पूरी व्यवस्था की थी। प्रसाद में पूड़ी, सब्जी, छोले, चावल और खीर का वितरण किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। भोजन को शुद्धता से तैयार किया गया था। आयोजक राष्ट्रीय गायत्री ज्ञान संस्थान की संस्थापक निर्मला शर्मा ने बताया कि जम्मूतवी के कटरा में



स्थित माता वैष्णो देवी के भव्य दर्शन करने के बाद वह हापुड़ पहुंची। इसके बाद उन्होंने चंडी मंदिर पर एक भंडारे का आयोजन किया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम परिवार के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। इसका उद्देश्य समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजन करते रहने का संकल्प लिया। इस दौरान पंडित सुमित शर्मा, विनीत शर्मा, संजय शर्मा, अशोक शर्मा, राजेश शर्मा, विवेक, डा. हिमांशु शर्मा, शुभम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### गृह क्लेश के चलते युवक ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शादी के महज 4 महीने बाद ही एक 32 वर्षीय युवक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह घटना बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर रुस्तमपुर गांव में हुई, जहाँ पारिवारिक कलह को आत्महत्या का कारण बताया जा रहा है। मृतक की पहचान हारिश पुत्र राशिद खान के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात करीब 1 बजे हारिश ने अपने दादा की लाइसेंसी बंदूक से खुद को कनपटी पर गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे लहूलुहान हालत में नजदीकी अस्पताल ले गए। गंभीर हालत के चलते उसे मेरठ रेफर किया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बहादुरगढ़ थाना प्रभारी मनोज कुमार बालियन ने बताया कि युवक ने पारिवारिक विवाद के कारण यह कदम उठाया। हारिश की शादी इसी साल अप्रैल महीने में बिजनौर की एक लड़की से हुई थी। शादी के बाद से ही वह कथित तौर पर तनाव में रहने लगा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जाँच कर रही है। इस घटना से पूरे परिवार और गांव में मातम पसरा हुआ है।

### अवैध हथियारों की सप्लाई में शामिल आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड नगर पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री में तमंचे बनाकर सप्लाई करने में संलिप्त दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर दो अवैध तमन्चे, एक अवैध पोनिया और एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है।

सदर सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि थाना हापुड़ नगर कोतावाली पुलिस ने गुरुवार को अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए थाना क्षेत्र के अमीपुर नगौला से मुकीमपुर की ओर जाने वाले रास्ते पर रेलवे ओवर ब्रिज के पास से एक आरोपी महेश पुत्र रामशरण निवासी मुकीमपुर थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद बताया हाल पता अशोक नगर थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर 6 बने-अधबने अवैध तमंचे तथा अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए थे और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। शुक्रवार को पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री के भंडाफोड़ से संबंधित फरार चल रहे दूसरे आरोपी शौकत पुत्र शाहिद निवासी ग्राम कस्तला कासमाबाद थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ को आनंद विहार में बिजली घर आने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। जिसकी निशानदेही पर दो अवैध तमंचे, एक अवैध पोनिया व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि गिर" तार आरोपी अवैध शस्त्रों को बनाकर, डिमाण्ड आने पर अपराधी किस्म के लोगों को सप्लाई करते थे साथ ही प्रत्येक तमंचे को जनपद हापुड, अलीगढ़, गाजियाबाद व आस पास के क्षेत्र में 5-7 हजार रूपये में बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे। फिलहाल पुलिस ऑन डिमांड तमंचों की सप्लाई करने वाले दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### हर घर तिरंगा यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को होने वाली तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष मनीष महेश्वरी के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में यात्रा की योजना पर चर्चा हुई और इसे सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियाँ बाँटी गईं।

बैठक की अध्यक्षता चेतन राणा ने की, जबकि कविता माधरे ने इस अभियान को सिर्फ एक ध्वज यात्रा नहीं, बल्कि देशभक्ति की भावना को मजबूत करने वाला जनजागरूकता अभियान बताया। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। इस मौके पर हरीश अग्रवाल, विशाल कौशिक, गुड्डू प्रजा. पति, वरुण शर्मा, ललित मोदी, नितेश तोमर सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# छात्राओं ने पालिका अध्यक्ष को बांधी राखी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर शुक्रवार को ग्राम भारती स्कूल की छात्राओं ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर पालि. का अध्यक्ष विभू बंसल को रक्षा सूत्र बांधा। बहनों ने पारंपरिक रूप से तिलक कर राखी बांधी और उनकी लंबी उम्र की कामना की।

इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह पर्व बहन-भाई के अटूट रिश्ते और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नगर की ये बेटियां सिर्फ शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कृति और मूल्यों की भी वाहक हैं। विद्यालय की ओर से प्रधानाचार्य विकास पुंडीर, शिक्षिका लता वर्मा, शिक्षक नितिन शर्मा, तथा छात्राएं प्रिंसी, पूजा, वांशिका, राधिका भी उपस्थित रहीं। विभू बंसल ने कहा कि वह बहनों की खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

# नवप्रेषित छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को जेएमएस ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के तत्त्वावधान में बीफार्मा, डीफार्मा, बीएससी बायोटेक्नोलॉजी ,बीएससी बायोला. ेजी एवं बीपीईएस प्रोग्राम्स के सात दिवसीय ओरिएंटेशन कम इंडक्शन कार्यक्रम का उद्घाटन जेएमएस ग्रुप के सचिव डा. रोहन सिंघल, मेनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल, महानिदेशक प्रोफेसर डा. सुभाष गौतम आदि ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के सचिव डा. रोहन सिंघल ने अपने व्याख्यान में कहा कि बीएससी बायोटेक्नोलॉजी जैसे कोर्स आज के युग में अत्यंत प्रासंगिक हैं। बायोटेक्नोलॉजी केवल एक विषय नहीं, बल्कि एक दृष्टिकोण है जो हमें जीवन की जटिलताओं को समझने, उनका समाधान खोजने और मानवता की सेवा करने की प्रेरणा देता है। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल ने सभी छात्र-छात्राओ को आशीर्वाद दिया की हमेशा संस्थान भविष्य मे अकादमिक माहौल को बेहतर से बेहतर, छात्र-छात्राओ के हित मे बनाने के लिए अधिक प्रयास करते रहेंगे तथा साथ ही यह भी आश्वस्त किया की छात्र-छात्राओ के ज्ञान को बढ़ाने के लिए संस्थान हमेशा विषय विशेषज्ञों द्वारा अतिथि व्याख्यान एवं इंडस्ट्रियल विजिट मुहैया कराता रहेगा। जेएमएस आईटी, गाज़ियाबाद के डायरेक्टर प्रोफेसर डा. अनिरुद्ध बिसवास ने अपने व्याख्यान मे सभी नवप्रेषित



छात्र छात्राओ को शुभकामनाये देते हुए बताया कि यह समारोह छात्र-छात्राओ के लिए एक नई शुरुआत हैं। कार्यक्रम के अंत मे डा. धीरज सैनी ने सभी गणमान्य अतिथियों का आभार प्रकट किया। संस्थान के मैनेजर गौरव शर्मा ने सभी नई नई तकनीकी व्यवस्थाओ को ओरिएंटेशन कार्यक्रम को सफल बनाने मे सुचारू रूप से क्रियान्वित किया। संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी पवन शर्मा, सांस्कृतिक कमेटी की अध्यक्ष प्रो. पारुल चौहान का सरहानीय योगदान रहा।

# स्कूली छात्राओं ने थाने पहुंचकर पुलिसकर्मियों की कलाई पर बांधी राखी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मिनीलैंड द ग्लोबल स्कूल की छात्राओं ने एक खूबसूरत पहल करते हुए थाना हाफिजपुर के पुलिसकर्मियों को राखी बांधी। इस मौके पर इंस्पेक्टर आशीष पुंडीर समेत सभी पुलिसकर्मियों ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें उपहार दिए।

पुलिसकर्मियों ने छात्राओं के इस स्नेहपूर्ण भाव की सराहना की और इसके लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने समाज की सेवा के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा के साथ निभाने का आश्वासन भी दिया। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने राखी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सिर्फ बहन का रिश्ता स्वीकारने का धागा नहीं है, बल्कि यह श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। राखी बांधने वाला व्यक्ति इस धागे के साथ एक जिम्मेदारी भी सौंपता है, जिसे पूरी निष्ठा से निभाना होता है। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य और अध्यापिकाएं भी मौजूद रहीं।

# एसपी की कलाई पर सजी राखी, बहनों को मिला सुरक्षा का आश्वासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर, हापुड़ की छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की कलाई पर प्रेम और विश्वास की डोर बांधदी। बहनों ने तिलक लगाकर राखी बांधी और उनकी दीर्घायु व सफलता की कामना की।

राखी बांधने के बाद पुलिस अधीक्षक ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बहनों की सुरक्षा और जनसुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है। रक्षाबंधन का यह पवित्र बंधन हमें अपने कर्तव्यों के प्रति और भी जिम्मेदार बनाता है। इस अवसर पर छात्राओं ने देशभक्ति गीत और कविताओं के माध्यम से पुलिस के साहस व सेवा भाव को सलाम किया। एसपी ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह रिश्ता सिर्फ राखी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में विश्वास, सुरक्षा और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है।

# ज्वेलर्स की दुकान में पड़ोसी ने की थी चोरी

## दस लाख के जेवरात समेत गिरफ्तार




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में एक ज्वैलर्स की दुकान में चोरी करने वाले एक शख्स को पुलिस ने घटना के कुछ घंटों बाद चोरी के जेवरात समेत गिरफ्तार किया है। अभियुक्त ज्वैलर्स की दुकान के पास ही पूजा सामग्री की दुकान लगाता है। नीयत खराब होने पर पड़ोसी की दुकान में ही चोरी की घटना को अंजाम दे दिया था।

डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि थाना सेक्टर-20 में शिव विश्वास पुत्र कृष्ण विश्वास ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सेक्टर-27 इंदिरा मार्केट में उसकी आरके ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। पीड़ित के अनुसार 7 अगस्त की रात को अज्ञात बदमाशों ने उसकी ज्वैलर्स की दुकान की खिड़की तोड़कर दुकान में प्रवेश किया तथा दुकान में रखे हुए लाखों रुपए कीमत के सोन-चांदी के जेवरात चोरी कर लिया। उन्होंने बताया कि पीड़ित के अनुसार उसकी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की यह घटना रिकॉर्ड हुई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच कर रही थाना पुलिस ने ज्वैलर्स की दुकान में हुई चोरी की घटना का मात्र 1 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण करते हुए चोरी करने वाला एक शातिर अभियुक्त सुन्दर पुत्र किशन लाल को तिकोनिया पार्क के पास सेक्टर-27 के पीछे से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से चोरी किये गये आभूषण 14 सोने की अँगूठियाँ, 14 जोड़ी सोने की कान की बालियाँ, 3 सोने की चेन, 2 सोने के काले मोती लगे मंगलसूत्र (अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रूपये) तथा 1 अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त सुन्दर द्वारा इन्द्रा मार्केट ग्राम अट्टा सेक्टर-27 स्थित आरके ज्वैलर्स की दुकान में वेन्टीलेशन के लिए बनाये हुए होल में घुसकर बीती रात्रि में चोरी की घटना की थी। उन्होंने बताया कि अभियुक्त की घटनास्थल के पास ही पूजा सामग्री की दुकान है, जिस कारण अभियुक्त को ज्वैलर्स की दुकान के बारे में पूरी जानकारी थी। अभियुक्त ने चोरी की घटना में करीब 10 लाख रूपये के आभूषण चोरी किया था।

# यूकेजी की छात्रा से डिजिटल रेप करने वाले को 20 साल की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला न्यायालय ने 5 साल की बच्ची से डिजिटल रेप करने वाले नारायण प्रभु को 20 साल की सजा सुनाई है। नारायण प्रभु मूल रूप से बिहार के सुपौल का रहने वाला है। वह नोएडा के सेक्टर 142 में रहकर फैक्ट्री में नौकरी करता था। दोषी पर 50,000 का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना की रकम नहीं देने पर उसको अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

सेक्टर 142 में पीड़ित बच्ची अपने माता-पिता के साथ रहती थी। वह यूकेजी की पढ़ाई कर रही थी। 5 फरवरी 2023 की सुबह उसके पिता ड्यूटी पर गए थे और माँ मार्केट गई थी। तभी पड़ोस में ही किराए पर रहने वाला नारायण प्रभु उसके पास आया।

गिफ्ट दिलाने की बात कह कर उसको अपने साथ कमरे में ले गया।पुलिस जांच के दौरान पता चला कि किराए के कमरा नंबर 3 में नारायण प्रभु रहता था। वहां बच्ची को अपने साथ ले जाने के बाद उसने डिजिटल रेप किया। बच्ची रोने लगी तो आरोपी उसको अपने साथ मार्केट ले गया। वहां उसको पेंसिल बॉक्स दिलाया और कई अन्य गिफ्ट भी दिलाए। इसके बाद उसको उसके घर पर छोड़ दिया था।

**दर्द होने पर हुई जानकारी:** बच्ची अपने घर पर पहुंची और रोने लगी। उस दौरान घर पर कोई नहीं था। जब उसकी मां मार्केट से लौटी तो उसने रोने का कारण पूछा। बच्ची ने बताया कि उसके प्राइवेट पार्ट में दर्द हो रहा है। माँ उसको लेकर डॉक्टर के पास पहुंची।

डॉक्टर ने बताया कि बच्ची के साथ डिजिटल रेप हुआ है। बात करने पर बच्ची ने बताया कि नारायण अंकल ने उसके साथ यह वारदात की है। उसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा। अब नारायण प्रभु को 20 साल की सजा सुनाई गई है।

**छह गवाह हुए पेश:** इस मामले में केस की सुनवाई के दौरान कुल 6 गवाह पेश हुए। गवाही में मुख्य रूप से मेडिकल परीक्षण रिपोर्ट को अहम साक्ष्य माना गया है। इसके अलावा पुलिस ने घटनास्थल से पर्याप्त साक्ष्य एकत्र किए थे।

# रक्षाबंधन : जाम की डोर में बंधे रहे लोग, बसों ने कराया घंटों इंतजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रक्षा बंधन से एक दिन पहले शुक्रवार शाम शहर की सड़कों पर वाहनों की कतार लग गई। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना सिटी में जगह-जगह लगे जाम में लोग फंसे नजर आए। वहीं, ऑफिस की छुट्टी होने के बाद लोग बस अड्डा पहुंचे। आलम यह था कि पांच मिनट में ही बसों की सीटें फुल हो जा रही थीं। ऐसे में मुसाफिरों को घंटों इंतजार करना पड़ा।

नोएडा रोडवेज डिपो से शुक्रवार को करीब 35 हजार यात्रियों ने सफर किया। सुबह उतनी भीड़ नहीं थी लेकिन शाम होते-होते मजमा लग गया। बसों में चढ़ने की होड़ मच गई। बसों के इंतजार में लोग घंटों खड़े रहे। अधिकारियों के अनुसार, 188 बसें लगाई गई थी। बसों ने कई अतिरिक्त फेरे भी लगाए। इसके बावजूद लोगों अलीगढ़, मथुरा, आगरा समेत अन्य कई रूटों की बसों के इंतजार में घंटों खड़ा रहना पड़ा। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार के अनुसार रक्षा बंधन पर यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**बसों के इंतजार में घंटों खड़े रहे मुसाफिर:** परी चौक पर बसों के इंतजार में मुसाफिर घंटों खड़े रहे। कुछ बसों में यात्रियों को खड़े होकर जाना पड़ा। बस स्टैंड पर देर रात तक यात्री जमे रहे। यहां दोपहर के वक्त यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ी। रोडवेज बस के रुकने के साथ ही मारामारी मच जा रही थी। इसमें महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को ज्यादा दिक्कत हुई। नोएडा से परी चौक होकर यमुना एक्सप्रेसवे से जाने वाली कई बसें जीरो प्वॉइंट से ही निकल गईं। लोगों को परी चौक पर परेशानी का सामना करना पड़ा। रोडवेज बसों के मिलने में देर पर लोगों ने निजी बसों का विकल्प चुना। इसका फायदा उठाते हुए निजी बस चालकों ने अधिक किराया वसूला। अलीगढ़, आगरा, बुलंदशहर, एटा, मैनपुरी समेत कई स्थानों के यात्रियों से 100 से 200 रुपये अधिक किराया वसूला गया।

> दादरी बाइपास से बसों को रोकने के लिए दादरी बस अड्डा पर चौकिंग स्टाफ बैठाया गया है। बाइपास से बसें निकालने वाले चालकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-दिनेश कुमार, एआरएम, सिकंद्राबाद डिपो**

**दिनभर लगा रहा जाम:** परी चौक पर निजी वाहन बढ़ने से सारा दिन जाम लगा रहा। जाम में वाहन रेंगते रहे। हालांकि यातायात पुलिस तैनात की गई थी। जाम से लोगों को निजात नहीं मिली।

**दादरी बस स्टैंड नहीं पहुंची बसें:** लोगों का आरोप है कि दादरी बस स्टैंड पर बसें नहीं पहुंचीं। अधिकतर बसें बाइपास से ही निकल गईं। वे बस के इंतजार में खड़े रहे। अगर कोई बस पहुंची भी तो वह पहले से ही फुल थी। यात्री नीलम का कहना है कि वह रोडवेज बस के इंतजार में एक घंटे तक खड़ी रहीं लेकिन बस नहीं मिली। परमानंद का कहना है कि बुलंदशहर जाने के लिए उन्होंने करीब 2 घंटे तक बस का इंतजार किया। पूजा ने कहा कि वह मैनपुरी की बस पकड़ने के लिए डेढ़ घंटे तक खड़ी रहीं। बस आई भी तो उसमें जगह नहीं थी।

# रक्षाबंधन पर पुलिस अलर्ट, जगह-जगह पहरा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रक्षाबंधन के मौके पर पुलिस बहनों की सुरक्षा के लिए अलर्ट है। अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात किया गया है। पुलिस कमिश्नर ने सभी अधिकारियों व थानों को सजग रहने के लिए कहा है। खासकर सेक्टर-63, सेक्टर-52, सेक्टर-18, बॉटेनिकल गार्डेन मेट्रो स्टेशन से लेकर सेक्टर-15 व सेक्टर-16 के बाहर यात्रियों की भीड़ रहेगी। इन स्थानों पर पुलिस बल को तैनात किया जाएगा। मोरना बस अड्डे पर भी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। यहां से एनसीआर के आसपास के शहरों व ग्रामीण इलाके में महिलाएं अपने भाइयों को राखी बांधने जाएंगी। इन स्थानों पर पुलिस की टीम सादे वर्दी में भी तैनात रहेगी और बदमाशों पर नजर रखेगी। नोएडा के डीसीपी यमुना प्रसाद का कहना है कि रक्षा बंधन को लेकर पुलिस अलर्ट है।

**पुलिस ने पैदल गश्त की:** स्वतंत्रता दिवस और रक्षा बंधन के मद्देनजर सुरक्षा के चलते जेवर में एसीपी सार्थक सेंगर और उनकी टीम ने बृहस्पतिवार को पैदल गश्त की। इस दौरान बाजार, होटलों और वाहनों की जांच की गई। एसीपी सार्थक सेंगर ने बताया कि रक्षा बंधन पर भीड़-भाड़ को देखते हुए सुरक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

# पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ आरोपी पैर में गोली लगने से घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना फेस-1 पुलिस ने शुक्रवार को हत्या के प्रयास के आरोप में वांछित अपराधी तुषार उर्फ चिराग को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, स्थानीय खुफिया तंत्र और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से मु0अ0सं0 313/25 धारा 118(1)/109(1) बीएनएस में नामजद आरोपी तुषार उर्फ चिराग, पुत्र सुरेंद्र वर्मा, निवासी जनता कॉलोनी, राजौरी गार्डन, दिल्ली को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने पीड़िता पर जानलेवा हमला करने में प्रयुक्त चाकू, तमंचा और खून से सनी कमीज सेक्टर-14ए के पीछे गंदे नाले की पटरी के पास झाड़ियों में छिपा दी थी।

बरामदगी के लिए पुलिस टीम आरोपी को लेकर मौके पर पहुंची, जहां उसने अचानक झाड़ियों से तमंचा और चाकू निकालकर पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने मौके से एक अवैध चाकू, एक अवैध तमंचा (.315 बोर), एक खोखा कारतूस और खून से सनी कमीज बरामद की है। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

## किसानों का धरना 11वें दिन भी जारी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के गांव रौनीजा में किसानों का धरना शुक्रवार को 11वें दिन भी जारी रहा। सिब्बू मुखिया की अध्यक्षता और भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज के नेतृत्व में यह धरना लगातार चल रहा है। शुक्रवार को धरने से एक पांच सदस्यीय टीम ने जेवर टोल पर जाकर ट्रैक्टर-ट्राली की रुकावट के मुद्दे पर टोल मैनेजर जेके शर्मा और अनुज चौधरी से वार्ता की। इस टीम में मास्टर श्यौराज, विनोद चौधरी, प्रमोद शर्मा, अरुण चौधरी और महेश चौधरी शामिल थे। रविन्द्र अत्रि सहित अन्य पदाधिकारियों ने एक घंटे तक चली बैठक के दौरान सभी समस्याओं का निदान कराया। यमुना एक्सप्रेस-वे के टोल प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि आगे भी कोई समस्या पैदा नहीं होगी।

## एक नजर

### यमुना विकास प्राधिकरण में प्लाट बेचने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी

**ग्रेटर नोएडा।** रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में प्लाट बेचने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दिल्ली निवासी दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि कालकाजी दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दो लोगों ने यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर 20 में एक प्लाट बेचने के नाम पर उनसे 73 लाख 26 हजार 469 रुपये की ठगी कर ली। कालकाजी दिल्ली निवासी विनोद भाटिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके दूर के रिश्तेदार अनिल भाटिया और करण भाटिया निवासी लाजपत नगर दिल्ली उनसे मिले। उन्होंने बताया कि यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-20 क्षेत्र में उनका एक प्लांट है। जो कि यमुना विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटित किया गया है। पीड़ित को झांसे में लेकर दोनों ने उनसे ढाई लाख रुपये नगद ले लिया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उनसे कुल 73 लाख 26 हजार 469 रुपये ले लिया। लेकिन उनके नाम प्लांट की रजिस्ट्री नहीं की। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### पुलिसकर्मी से बहस करने वाले युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** परी चौक पर ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर और कुछ युवकों के बीच बहस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस मामले में ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर ने बहस करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर बीटा दो कोतवाली पुलिस के मुताबिक ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह की शिकायत पर चंद्रहास भाटी, राजेश पंडित और सात अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर के मुताबिक उन्होंने परी चौक के पास बुधवार को बिना नंबर प्लेट लगी बाइक को जब्त किया था। इसी बात को लेकर कुछ युवक उनके पास पहुंचे और अभद्र व्यवहार किया।

ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर ने इन लोगों पर ड्यूटी के दौरान सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रेनो प्राधिकरण ने चार सोसाइटियों पर लगाया 2.42 लाख रुपये का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम के तरफ से स्वच्छता के प्रति जागरुकता के साथ ही जुर्माना लगाने की कार्रवाई जारी है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर बल्क वेस्ट जनरेटरों के यहां कूड़े के निस्तारण को परखने और खामी पाए जाने पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पॉलिसी 2016 के अंतर्गत शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट की चार सोसाइटियों में कूड़े के निस्तारण की जांच की। टीम ने सेक्टर टेकजोन-4 स्थित जेएम फ्लोरेंस, गैलेक्सी वेगा, आम्रपाली सेंचुरियन पार्क टैरिस होम, आम्रपाली लेजर वैली सोसाइटी में कूड़े के प्रबंधन का निरीक्षण किया। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पॉलिसी के अंतर्गत कूड़े का उचित निस्तारण न करने पर जेएम फ्लोरेंस पर 20,200 रुपये, गैलेक्सी वेगा सोसाइटी पर 40 हजार रुपये, आम्रपाली सेंचुरियन पार्क टैरिस होम पर 20200 रुपये और आम्रपाली लेजर वैली सोसाइटी पर 1,61,600 रुपये का जुर्माना लगाया है। आम्रपाली लेजर वैली के स्टाफ ने चालान रिसीव नहीं किया, जिसके चलते टीम ने सोसाइटी के गेट पर चस्पा कर दिया। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कूड़े के निस्तारण को लेकर सघन जांच अभियान आगे भी जारी रहने की बात कही गई है।

### हाईवे पर लूटपाट करने वाले गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार, एक घायल

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में दनकौर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार रात मुठभेड़ के दौरान लूटपाट करने वाले गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान विपिन यादव (आगरा निवासी) और विवेक शर्मा (मध्य प्रदेश निवासी) के रूप में हुई है। विपिन को मुठभेड़ के दौरान गोली लगी है। पुलिस ने इनके कब्जे से 2 तमंचे, 6 कारतूस और एक कार बरामद की है। एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि दोनों बदमाश दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न इलाकों में लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देते थे। विपिन पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## करंट लगने से 21 वर्षीय मैकेनिक की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के गांव नंगला कंचन में एक दुखद घटना सामने आई है। गुरुवार रात को एक रेफ्रिजरेटर की मरम्मत करते समय बिजली के करंट की चपेट में आने से 21 वर्षीय मैकेनिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सागर के रूप में हुई है। वह किसान मुकेश कुमार का पुत्र था। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मरम्मत का काम करता था। घटना गुरुवार रात की है जब सागर गांव में एक व्यक्ति के घर रेफ्रिजरेटर ठीक कर रहा था। मरम्मत के दौरान अचानक वह करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तुरंत उसे जेवर स्थित एक अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

# प्राधिकरण सीईओ की बैठक में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डॉ. लोकेश एम. की अध्यक्षता में आज विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी, विभागाध्यक्ष तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में भूमि आवंटन, अवैध निर्माण, सीआईसी एवं टीएम के मामलों, सड़क निर्माण, जलभराव की समस्या, कॉलोनियों में सुविधाओं के विकास, स्वच्छता व्यवस्था और अवैध अतिक्रमण हटाने सहित कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि भूमि आवंटन की लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा किया जाए और आवश्यक विभाग समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। अवैध निर्माण के मामलों में धारा-10 के नोटिस की निगरानी, अनुपालन न होने पर आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही और दो वर्षों से लंबित नोटिसों की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में हनुमान ताल रोड और अंडरब्रिज सहित विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, ड्रेनेज और वाटर हार्वेस्टिंग का काम भी आगामी सप्ताह से शुरू करने पर जोर दिया गया। स्वच्छता व्यवस्था को लेकर, मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि बारिश के मौसम में जलभराव रोकने के लिए नालियों की सफाई और सिल्ट हटाने का काम तत्काल किया जाए। साथ ही, सभी वार्डों में गड्ढों की मरम्मत और टाइल लगाने का कार्य 10 दिनों में पूरा कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। बैठक में कॉलोनियों में सामुदायिक भवन, पार्क और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए मंच तैयार करने जैसे विकास कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। यह तय किया गया कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करें ताकि नगर क्षेत्र में विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।



**नोएडा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के बच्चों ने एसीपी द्वितीय स्वतंत्र कुमार सिंह को राखी बांधी हुए।

# भाइयों के लिए बहनों ने जमकर की खरीदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर के तमाम बाजार रक्षाबंधन के पर्व पर विभिन्न तरह की राखियों से भरे पड़े हैं। दुकानदार भी पर्व को भुनाने में लगे हुए हैं। रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर शहर के बाजारों में जमकर खरीदारी की। भाइयों के लिए कुछ अलग और स्पेशल राखियों की तलाश में बहनें सुबह से बाजार पहुंच गई। बाजारों में पोर पंख, छोटा भीम, मोटू-पतलू, पबजी, भाभी पटाका और कड़ा राखी जैसी विभिन्न तरह की राखियों की मांग है। इसके अलावा बाजार में गिफ्ट पैक राखियां भी उपलब्ध हैं। रक्षाबंधन आज ( शनिवार ) को मनाया जाएगा। इसको लेकर शुक्रवार को शहर के सेक्टर-18 मॉर्केट, सेक्टर-27 अट्टा मॉर्केट, ब्रम्ह्मपुत्रा मॉर्केट, बरौला, सलारपुर मॉर्केट के साथ ही जिले के सभी बाजारों और मॉल में रक्षाबंधन की रौनक दिखी।

बाजारों में दस रुपये से लेकर हजारों रुपये कीमत तक की राखियां उपलब्ध हैं। रक्षाबंधन के चलते सुनारों की दुकान पर भी सुबह से महिलाओं की भीड़ है। यहां बहनें कुछ अलग और स्पेशल की तलाश में यहां आ रही हैं। चॉकलेट का गिफ्ट पैक पसंद कर रहे बच्चे बहनें अपने छोटे भाइयों के लिए कार्टून वाली राखियों को पसंद कर रही हैं। बच्चों में सबसे ज्यादा मांग कार्टून चरित्र वाली राखियों की है। बच्चों को ध्यान में रखकर चॉकलेट के डिब्बों पर या फिर टॉफियों के साथ राखी का गिफ्ट तैयार किया है। यह गिफ्ट पैक अपनी मां और बड़ी बहनों के साथ आ रहे बच्चों को काफी लुभा रही हैं। दोपहर दो बजे तक मुहूर्त रक्षाबंधन का त्योहार प्रत्येक वर्ष सावन माह की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। पूर्णिमा तिथि आठ अगस्त को दोपहर दो बजे से बाद शुरू होगी, जो 9 अगस्त को एक बजे के बाद तक रहेगी। ऐसे में रक्षाबंधन पर राखी बाधने के लिए शुभ मुहूर्त सुबह चार बजे से दोपहर दो बजे तक रहेगा।

# चॉइस एएमसी को मिला म्यूचुअल फंड व्यवसाय शुरू करने के लिए सेबी से लाइसेंस

**मुंबई।** विभिन्न प्रकार की वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाले समूह चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी चॉइस एएमसी प्राइवेट लिमिटेड को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से एसेट मैनेजमेंट कंपनी के रूप में काम करने की अंतिम मंजूरी मिली है। यह मंजूरी चॉइस म्यूचुअल फंड के लिए मिली है। इस उपलब्धि के साथ ही समूह निवेश प्रबंधन के क्षेत्र में उतर गया है, जिससे वित्तीय सेवाओं के दायरे में इसकी पेशकशों का विस्तार होगा।

चॉइस अब इस नियामकीय मंजूरी के साथ अपनी एसेट मैनेजमेंट कंपनी का संचालन शुरू करेगा। इसमें इंडेक्स फंड और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) जैसे पैसिव इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट के साथ रणनीतिक और चरणबद्ध तरीके से शुरुआत की जाएगी।

चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड के सीईओ अरुण पोद्दार ने कहा इस उपलब्धि पर कहा यह मंजूरी हमारे वित्तीय सेवा पोर्टफोलियो के विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और व्यापक एवं सुलभ निवेश समाधान प्रदान करने की हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। म्यूचुअल फंड मंच शुरू में पैसिव प्रोडक्ट पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह एक स्थिर, स्केलेबल और पेशेवर रूप से प्रबंधित एसेट मैनेजमेंट व्यवसाय शुरू करने के हमारे उद्देश्य के अनुरूप होगा, जो मजबूत नियामकीय और कंपनी संचालन का पालन करेगा। चॉइस म्यूचुअल फंड का लक्ष्य पूरे देश में उपस्थिति, कंपनी संचालन के मजबूत ढांचे और प्रौद्योगिकी आधारित वितरण की क्षमताओं के दम पर पारंपरिक वित्तीय सलाह और आधुनिक निवेश उत्पादों के बीच की खाई को पाटना है। कंपनी का इरादा रिटेल, उभरते समृद्ध वर्ग और संस्थागत निवेशकों को ऐसे सुलभ उत्पादों के माध्यम से सेवा प्रदान करना है, जो दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करते हैं। चॉइस की दीर्घकालिक रणनीति लक्ष्य-आधारित निवेश, एसआईपी या ब्रॉड-मार्केट इंडेक्स सॉल्सूशंस जैसे अधिक आधुनिक उपकरणों के सेट के साथ निवेशकों को सशक्त बनाने की है। यह मंजूरी इस रणनीति में एक स्वाभाविक प्रगति की तरह है, जो निवेशकों को उनके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मददगार होगी। पैसिव इन्वेस्टमेंट वैश्विक स्तर पर और भारत में लोकप्रियता हासिल कर रहा है। समूह गुणवत्तापूर्ण वित्तीय उत्पादों तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाना चाहता है और भविष्य के लिए तैयार निवेश पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना चाहता है। चॉइस म्यूचुअल फंड की एंट्री समूह के इस दृष्टिकोण को मजबूत करती है।

# 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान में सभी को चाहिए जुड़ना

## काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव समापन समारोह के लाइव प्रसारण में जुड़े अधिकारी, हर घर तिरंगा की तैयारियों की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय लिखने वाले काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी वर्षगांठ के समापन समारोह का शुक्रवार को लखनऊ से सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में अमर क्रांतिकारियों के बलिदान को नमन करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आहवान किया।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित लाइव प्रसारण कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) शिव नारायण सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। प्रसारण के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने काकोरी के वीर सपूतों रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, राजेंद्र लाहिड़ी और रोशन सिंह की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं लखनऊ से प्रसारित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की आर्थिक शक्ति, राष्ट्र की मजबूती का आधार है। उन्होंने रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, दशहरा, दीपावली, छठ जैसे सभी पर्वों पर स्वदेशी वस्तुएं खरीदने और उपहार में देने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे देश के कारीगर और हस्तशिल्पी सशक्त होंगे और धन भारत में ही विकास कार्यों में लगेगा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान को दोहराते हुए कहा कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान में सभी को जुड़ना चाहिए। हर गांव, नगर और वार्ड में तिरंगा यात्रा निकालनी चाहिए ताकि एकता और अखंडता का संदेश घर-घर पहुंचे। उन्होंने कहा कि जब हर घर के ऊपर तिरंगा लहराएगा, तब स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव अपने उद्देश्य में सफल होगा। वहीं, लाइव प्रसारण के उपरांत अधिकारियों ने हर घर तिरंगा अभियान की व्यापक सफलता सुनिश्चित करने के लिए की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभागवार प्रगति रिपोर्ट ली, आवश्यक समन्वय पर बल दिया तथा सभी को समयबद्ध रूप से लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।

# सांड की टक्कर से बुजुर्ग घायल आवारा गौवंशों को पकड़वाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा गांव में एक सांड ने एक बुजुर्ग को टक्कर मार घायल कर दिया। परिजनों ने बुजुर्ग को खेकड़ा के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। वही ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से आवारा सांड को पकड़वाने की मांग की है।लहचौड़ा निवासी 84 वर्षीय रधुनन्दन शर्मा सुबह के समय मंदिर में पूजा करने जा रहे थे जब वह रास्तें मे पहुंचे तो पीछे से एक काले रंग के सांड ने बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार गम्भीर रूप से घायल कर दिया। आस पास के लोगो ने देखा तो दौड़कर बुजुर्ग व्यक्ति को उठाया और परिजनों को सूचना दी परिजन बुजुर्ग को गम्भीर अवस्था में खेकड़ा के एक अस्पताल ले गये और उपचार के लिए वहा भर्ती



कराया। साड़ द्वारा बुजुर्ग को टक्कर मारते समय सीसीटीवी में वीडियो रिकॉर्ड हो गयी, जो वायरल भी हो गयी। गांव के भाकियू नेता शिवदत्त शर्मा ने बताया कि गांव मे आवारा साड़ 6 लोगो को अब तक टक्कर मार घायल कर चुका है, जिससे गांव मे दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से आवारा साड़ को पकड़वाने की मांग

# डिग्री कॉलेज की शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने की आवश्यकता है:उपाध्याय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** क्षेत्र के गाँव तिलवाड़ा निवासी बीएससी पीसीएम द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया उपाध्याय ने प्रतिवर्ष की भाँति उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को अपने हाथों से बनाई स्वदेशी कलावें (रक्षा सूत्र) की राखी भेजकर रक्षा बन्धन की शुभकामनायें प्रेषित की।

चाईना की राखियों का विरोध करने वाली प्रिया उपाध्याय सुपुत्री समाजसेवी आरआरडी उपाध्याय ने मुख्यमंत्री को राखी भेजते हुए संस्कारित बेटी सुरक्षित बेटी अभियान को संचालित करने तथा डिग्री कॉलेजो को माध्यमिक विद्यालय की तरह संचालित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि डिग्री कॉलेज की शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने की आवश्यकता है। प्रिया उपाध्याय का कहना है कि डिग्री कॉलेज में छात्र-छात्रायें प्रवेश तो लेते है, लेकिन उनकी उपस्थित संतोषजनक नहीं है न कोई ड्रेस कोड न अनुशासन और न ही नियमित कक्षाओं का संचालन हम देश में संचालित आईआईटी, एनआईटी जैसी संस्थाओं की चर्चा करते है, जहाँ पर पढ़ने वाले विद्यार्थी गर्व की अनुभूति करते है। सरकार प्रतिवर्ष शिक्षा पर खबरों रूपया खर्च करती है। सरकार प्रयास करे और हम सभी सरकार का सहयोग करे तो देश व प्रदेश के प्रत्येक कॉलेज में आईआईटी, एनआईटी कॉलिजो जैसी शिक्षा पद्धति संचालित की जा सकती है।

# युवक पर धारदार हथियारों से हमला करने का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** इदरीशपुर गांव में नाली विवाद को लेकर एक युवक के साथ गंभीर मारपीट का मामला सामने आया है। पैरोल पर आए एक व्यक्ति समेत छह लोगों ने युवक के घर में घुसकर धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

पीड़ित विकास पुत्र रामकुमार ने दोघट थाने में तहरीर दी है। उसने बताया कि उसके घर के पास नाली विवाद को लेकर गांव के ही छह लोगों ने उसके घर में घुसकर हमला किया। हमलावरों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया। घायल विकास ने पुलिस को सूचना दी। उसने बताया कि पुलिस के सामने भी हमलावर उसे पीटते रहे। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा



है। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए टीकरी सीएचसी भेजा है। थानाध्यक्ष दोघट सूर्यदीप सिंह ने कहा कि मारपीट का मामला सामने आया है और घायल का मेडिकल कराया गया है। उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो अभी उनके संज्ञान में नहीं आई है। वीडियो मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। यदि पैरोल पर आया व्यक्ति इसमें शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

## एक नजर

# बंदरों के हमले से बुजुर्ग महिला घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ललियाना गांव में बंदरो के हमले से एक बुजुर्ग महिला घायल हो गयी। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से बंदरो को पकड़वाने की मांग की है। ललियाना गांव निवासी 70 वर्षीय जगवती पत्नी सरोज घर पर कार्य कर रही थी तभी एक बंदरो का झुण्ड वहा पहुंचा और बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया जिसमे महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी। परिजनों ने उसे निजि चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बंदरो का आतंक बना हुआ है। कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत की लेकिन समाधान नहीं हो सका ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से बंदरो को पकड़वाने की मांग की है।

# छात्र संसद देवास पब्लिक स्कूल में शपथ समारोह सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** देवास पब्लिक स्कूल हिसावदा में शुक्रवार को विद्यालय सभागार में सर्वप्रथम चेयरमैन ओमकार यादव, डायरेक्टर शांतनु मलिक, उप प्रधानाचार्य विजय सिंह यादव और आधार चौधरी ने सयुक्त रूप से माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात स्कूल चेयरमैन ओमकार यादव ने हेड बॉय दक्ष यादव को बैच पहनाकर शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात डायरेक्टर शांतनु मलिक ने वाइस हेड बॉय शिवांक त्यागी को बैच पहनाकर बधाई दी और उप प्रधानाचार्य विजय सिंह ने इंचार्ज वंश यादव को बैच पहनाकर बधाई दी। हेड गर्ल अमिता यादव को बैच प्रीति यादव ,वाइस हेड गर्ल वैष्णवी यादव को चांदनी मैम ने, वाइस इंचार्ज कशिश सांगवान को प्रीति शर्मा और धीरज कुमार ने हाउस इंचार्ज को बैच पहनाकर बधाई दी। चेयरमैन ओमकार यादव ने सभी छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए अपने शपथ ग्रहण का भी वर्णन किया। अंत में उप प्रधानाचार्य विजय सिंह ने सभी चयनित विजेताओं को दिशा निर्देश देते हुए अच्छे से कर्त्तव्यों का निर्वहन करने का आहवान करते हुए सभी का धन्यवाद किया। और बाद चेयरमैन ओमकार यादव को यूकेजी कक्षा की छात्रा ऋषिका मलिक ने राखी बांधकर बाद में चेयरमैन सर ने गिफ्ट में चॉकलेट भेट कर रक्षाबंधन मनाया। सुहेल खान, सत्यवीर यादव, आशु चौधरी, प्राची यादव, अंजना त्यागी, सोनिया सोरन आदि मौजूद रहे।

# बामनौली के किसानों का 12वें दिन भी जारी रहा तहसील में धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में बामनौली के किसानों का 12 वे दिन भी धरना जारी रहा। किसान अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे रहे जिसमें आज उनको आश्वासन दिया गया है कि 15 दिन के अंदर आपकी समउनको का हल किया जाएगा। यह आश्वासन देकर किसानों का धरना समाप्त करने को कहा इसको किसानों ने स्वीकार कर लिया और किसानों ने यह कहा है कि अगर 15 दिन बाद भी हमारी समस्या का समाधान ना हुआ तो फिर हम धरने पर आकर बैठ जाएंगे और यह भी कहां है कि अगर हमारी समस्या का 15 दिन बाद भी कोई समाधान ना हुआ तो हम आत्महत्या कर लेंगे जिसको लेकर अधिकारियों में हड़कामं मच गया। उन्हें आश्वासन दिया है कि 15 दिन बाद आपकी समस्या का समाधान किया जाएगा। भारतीय



किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह प्रधान वकील अहमद मोनू चौधरी जिला संगठन मंत्री सोनम जिला प्रभारी उपेंद्र सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष ने धरना स्थल पर किसानों का समर्थन किया। इस मौके पर सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

# विहिप के दुर्गा वाहिनी आयाम ने मनाया रक्षा बंधन का त्यौहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** दुर्गा वाहिनी की बहने विभाग सह संयोजिका अन्नू पंवार के नेतृत्व में इकठ्ठा होकर रक्षा बंधन का त्यौहार बड़ौत थाने में मनाया साथ में दुर्गा वाहिनी की बहुत बहनें रही।

जैसा कि हमारे सनातन धर्म में रक्षा बंधन का भाई बहन पवित्र त्यौहार माना जाता है। उसके निमित सभी बहने आज इकट्ठा होकर बड़ौत थाने में गई और कोतवाली इंचार्ज मनोज कुमार चहल और अन्य सभी पुलिस कर्मियों को राखी बांधी। अन्नू ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमने जिले के प्रत्येक थाने में सभी बहनों ने मिलकर थाने में रक्षा बंधन का त्यौहार मनाया क्योंकि पुलिस वाले अपनी डयूटी करने के लिए अपने



जिले से और अपनी बहनों से बहुत बहुत दूर रहते है। इसलिए सभी पुलिस वालों का अपना भाई मानते हुई और उन्होंने अपनी बहने हमे मनाते हुई आज रक्षा सूत्र बंधवाया और वचन भी दिया। जिले में किसी भी बहन पर कोई बात आएंगी तो हम सदैव तत्पर रहेंगे। साथ में जिला सह संयोजिका शालू आदि उपस्थित रहे।

# 24 अगस्त से 1 सितंबर तक विश्व शांति के लिए कराया जाएगा श्रीराम कथा व जन कल्याण यज्ञ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर की ताराचंद मार्केट में श्रीनर्मदेश्वर महादेव शिव मंदिर में सनातन धर्म प्रचारिणी महासभा के तत्वाधान में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 24 अगस्त से 1 सितंबर तक श्रीराम कथा महोत्सव एवं जन कल्याण यज्ञ विश्व शांति के लिए कराया जाएगा। इसी के उपलक्ष में प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष ब्रह्म सिंह गोयल के आदेश अनुसार नर्मदेश्वर के महंत आचार्य उमेश कौशिक के द्वारा कथा की निर्विघ्न संपन्नता के लिए भगवान श्रीराम के आराध्य देवाधिदेव महादेव भोले भंडारी का षोडशोपचार से पूजन एवं रुद्राभिषेक बड़ी विधि विधान के



साथ किया गया। इस अवसर पर प्रचारिणी महासभा से धर्मप्रकाश वर्मा पंडित राजेंद्र अत्रेय अरविंद ठेकेदार डा.जगमोहन शर्मा पूर्व प्रधानाचार्य कालीचरण वरिष्ठ समाजसेवी लाला हंसराज गुप्ता युवा समाजसेवी अतुल गुप्ता सत्येंद्र रोडवेज मास्टर सतबीर शर्मा शिवम शास्त्री विशाल शास्त्री रोहित आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# एनएबीएआरडी द्वारा 11वें राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD)के जिला विकास प्रबंधक (DDM) कार्यालय द्वारा 11वें राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य हैंडलूम क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करना और इससे जुड़े कारीगरों को प्रोत्साहित करना था। इस आयोजन में NABARD द्वारा प्रोत्साहित ज्ञीमातं OFPO के हैंडलूम कारीगरों ने सक्रिय भागीदारी की।



कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि देवेंद्र श्रीवास्तव (DDM,NABARD) अभय सिंह लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, आर्चना तिवारी जिला उद्योग केंद्र और CFL बागपत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। आर्चना तिवारी ने जिला उद्योग केंद्र (DIC) द्वारा उपलब्ध विभिन्न योजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी, जिनका उद्देश्य हैंडलूम उत्पादों के डिज़ाइन, गुणवत्ता और विपणन क्षमता को बढ़ाना है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि DIC, कारीगरों को प्रदर्शनी, मेले और ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म से जोड़ने में हर संभव सहयोग करेगा। इंटरएक्टिव सत्र के दौरान ज्ञीमातं OFPO के कारीगरों ने विशेषज्ञों के साथ नए डिज़ाइन विचारों, उत्पाद गुणवत्ता में सुधार, बाजार की मांग को पूरा करने के लिए समय पर आपूर्ति और प्रभावी विपणन रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। यह संवाद कारीगरों के लिए कौशल उन्नयन और बाजार में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुआ।

# रोबिन को हेड बॉय व मोनिका को हेड गर्ल की दी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अग्रवाल मंडी टटीरी।** बली के शहीद मनवीर नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अनुशासन समिति का गठन किया गया। वहां रोबिन को हेड बॉय व मोनिका को हेड गर्ल की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक पुरुषोत्तम पंवार ने मां सरस्वती व शहीद मनवीर सिंह के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। हेड बॉय रोबिन व हेड गर्ल्स मोनिका को नियुक्त किया। इसी प्रकार अभिमन्यु व निकिता कप्तान, कीर्ति त्यागी वाइस कप्तान, इशिका त्यागी व ध्रुव हाउस प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी। खेल कप्तान अक्षय कुमार, सांस्कृतिक प्रभारी आशिक त्यागी, अनुशासन प्रभारी राखी व शांतनु को नियुक्त किया गया। शिक्षक कोआर्डिनेटर कुलदीप, रश्मि, अनु शर्मा, समर, सरिता, नीतू कोहली व अनुशासन प्रभारी अंकित कुमार और सांस्कृतिक प्रभारी रिया को जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रधानाचार्य सीमा पंवार ने सभी को उनके कर्तव्यों की शपथ दिलाई।

# अमेरिका के टैरिफ लगाने की घोषणा से जिले के कारोबार को लगा बड़ा झटका

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**बागपत।** अमेरिका में भारत से निर्यात होने वाले उत्पादों पर पहले 25 और 50 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा से जिले के कारोबार को बड़ा झटका लगा है।

इससे अमेरिका की कंपनियों से मिले उत्पादों के करीब 50 करोड़ रुपये के पुराने ऑर्डर फिलहाल अटक गए हैं। उनको भेजने में फिलहाल उद्यमी हिचक रहे हैं और इसके अलावा नए ऑर्डर भी नहीं मिल रहे। एक जनपद-एक उत्पाद योजना में शामिल घरेलू साज सज्जा के उत्पादों के लिए कई कंपनियां संचालित हैं। इनमें तैयार होने वाली बेडशीट, पर्दे, कुशन कवर, तौलिये, पत्थर से बनी मूर्तियां और अन्य उत्पादों की अमेरिका में अच्छी मांग है। यहां से साल में करीब 200 करोड़ रुपये से अधिक के उत्पादों का निर्यात भी किया जाता है, मगर अमेरिका के टैरिफ बढ़ाए जाने के बाद उद्यमियों की चिंता भी बढ़ गई है। इससे करीब 50 करोड़ रुपये के ऑर्डर अभी रोक दिए गए। कई कंपनियों ने माल तैयार करना भी बंद कर दिया है।

# यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर से किसानों में छाई मायूसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के किसानों को यमुना नदी में लगातार छोड़े जा रहे पानी से अब चिंता सताने लगी है क्योंकि यमुना नदी के किनारे इस समय किसानो की गन्ना फसल पूरे शबाब पर है। यमुना नदी में लगातार पानी छोड़ा जा रहा है जिसमें अब किसानों को अधिक चिंता सताने लगी है। हथिनीकुंड बैराज से छोड़ा गया 42 हजार 636 क्यूसेक पानी यमुना नदी में पहुंच गया है। पहाड़ों पर हो रही तेज बारिश के बाद हथिनीकुंड बैराज धीरे-धीरेसे रोजाना यमुना नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। जलस्तर बढ़ने से यमुना किनारे खेतों में फसल डूबनी शुरू हो गई और किसान काफी परेशान हो रहे हैं। प्रशासन ने भी कर्मचारियों को गांव-गांव भेजकर पल-पल की



स्थिति पर नजर रख रहा है, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता रजनीश कुमार ने बताया कि अभी स्थिति खतरे से बाहर है और गांवों पर नजर रखी जा रही है। क्षेत्र के किसान लगातार अपने खेतों की तरफ अपना मुख मोड़ रहे हैं और गन्ने की फसल की देखभाल कर रहे हैं। लगातार छोड़े जा रहे पानी से किसानों की चिंता अधिक बढ़ने शुरू हो गई है। मगर अधिकारी इसको अभी खतरे से बाहर बता रहे है। एनसीआर क्षेत्र के छपरौली टांडा नांगल कुरड़ी बदरखा काकोर कला माढी शबगा जागौश कोताना खेड़ी प्रधान फैजपुर निनाना खेड़ा हटाना खेड़ा इस्लामपुर गांव आदि गांव यमुना नदी के किनारे बसे हुए है। इन गांव में यमुना नदी का अधिक पानी आने से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाते हैं। इन गांव में बाढ़ चौकी भी बनाई जाती है। प्रशासन भी इन गांव पर अपनी पहली नजर रखता है। सिंचाई विभाग के अधिकारी भी अधिक पानी आने से यमुना नदी के आसपास का दौरा करते हैं और हर स्थिति पर अपनी नजर रखते हैं।

# कॉलेजों की मेरिट लिस्ट जारी, छात्र-छात्राओं को 12 अगस्त तक मिलेगा प्रवेश का मौका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** जिले भर के कॉलेजों में बीए, बीएससी व बीकॉम समेत अन्य पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए पहली मेरिट जारी हो गई। इसके साथ ही कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इसमें शामिल छात्र-छात्राओं को 12 अगस्त तक प्रवेश का मौका मिलेगा।

इस बार चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी की ओर स्नातक प्रथम वर्ष की बीए, बीएससी व बीकॉम समेत अन्य पाठयक्रमों में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए 13 मई को पोर्टल खोल दिया था। सीसीएसयू की ओर से चार बार पंजीकरण कराने लिए मौका दिया। आखिरी मौका 31 जुलाई तक दिया था। इस बार सीसीएसयू की ओर से कॉलेजों को ही स्वयं मेरिट बनाकर प्रवेश कराने की जिम्मेदारी दी गई है। बृहस्पतिवार देर शाम तक कॉलेज मेरिट बनाने में जुटे रहे। दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डा.महेश कुमार मुछाल ने बताया कि दोपहर तक सीसीएसयू की ओर से मेरिट को पोर्टल पर अपलोड करने के लिए लिंक नहीं मिला। इसके चलते कॉलेज इंतजार करते रहे।

### सिवाल खास में तीन बच्चों की मौत का मामला

# अखिलेश यादव का संदेश लेकर सिवाल पंहुचा सपा का डेलिगेशन

## पार्टी के तमाम दिग्गज नेताओं ने पीड़ित परिवार को दिया हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बीते तीन अगस्त को सिवालखास में संदिग्ध परिस्थिति में पानी में डूब कर तीन बच्चों की मौत हो गई थी जिसके बाद सिवाल में सभी राजनीतिक पार्टियों का जमावड़ा लगा रहा सामाजिक और राजनीतिक लोगों ने पीड़ित परिवार के दुख को बांटने की कोशिश की थी सिवाल में ऋतिक जाटव पुत्र हिम्मत जाटव, शिवांश बाल्मिकी पुत्र मोनू बाल्मिकी और मानवी बाल्मिकी पुत्री जितेंद्र बाल्मिकी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। परिवार ने हत्या का आरोप लगाया था। शुक्रवार को इस सिलसिले में समाजवादी पार्टी का डेलिगेशन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा जिसमें सपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री शाहिद मंजूर, प्रभु दयाल वाल्मीकि, सरधना विधायक अतुल प्रधान, जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी, जिला पंचायत सदस्य सम्राट मलिक, पूर्व विधायक योगेश वर्मा सहित समाजवादी पार्टी के सिवाल विधानसभा अध्यक्ष तसव्वर अली मौजूद रहे। सपा के डेलिगेशन की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर भी वहां पहुंचे। वहीं समाजवादी पार्टी के नेताओं ने घटना को जल्द से जल्द खोलने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात कही। उधर, समाजवादी पार्टी के नेताओं ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद की बात कही।





### फूट-फूट कर रोने लगा परिवार



तीनों बच्चों की मौत से दुखी होकर पीड़ित परिवार ने सपा नेताओं से न्याय की मांग रखी। इसमें समाजवादी पार्टी के पूर्व कैबिनेट मिनिस्टर शाहिद मंजूर, अतुल प्रधान, प्रभुदयाल बाल्मीकि, जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी, योगेश वर्मा, वरिष्ठ सपा नेता सम्राट मलिक, सिवाल खास विधानसभा अध्यक्ष तसव्वर अली आदि ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि वह हर वक्त कंधे से कंधा मिलाकर इस परिवार को न्याय दिलाएगी। मौके पर पहुंचे सीओ सरधना आशुतोष कुमार व थाना प्रभारी ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा। इस दौरान सम्राट मलिक ने रोते बिलखते परिवार को सहारा दिया।

### शाहिद मंजूर बोले मुआवजा नाकाफी

सपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री शाहिद मंजूर ने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ बड़ी घटना हुई है ऐसे में सबसे पहले उन्हें न्याय दिलाना चहिये और साथ ही साथ सरकार जो मुआवजा पीड़ित परिवार को दे रही है वह नाकाफी है।

### पीड़ितों को 50-50 लाख का मिले मुआवजा: अतुल

सरधना विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि यह घटना कई परिवार को पूरी तरह तोड़ने जैसी है। उन्होंने कहा कि यह संदिग्ध स्थिति है। पुलिस को इसमें बारीकी से करनी चाहिए क्यों की मानवी की गर्दन की हड्डी टूटी मिली, लेकिन पांच दिन बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। क्या गरीबों के बच्चों की जान की कोई कीमत नहीं? उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की और कहा कि भाजपा सरकार को 50-50 लाख की मदद पीड़ित परिवार की करनी चाहिए। हम सड़क से लेकर विधानसभा तक इस न्याय की लड़ाई में परिवार के साथ हैं।

### शासन ने जारी की आर्थिक सहायता

इस दुर्घटना में संवेदना जताते हुए सरकार ने जहां एक तरफ आरोपी बिल्डर का शुक्रवार का गिरफ्तार कर जेल भेजा है वहीं पीड़ित परिवारों को प्रशासन के माध्यम से चार-चार लाख रुपये के चैक कुल मिलाकर तीनों पीड़ित परिवारों की 12 लाख रुपये से आर्थिक मदद की है।

# बंद कमरे में युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

## बदबू आने पर पड़ोसियों ने दी सूचना, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लोहिया नगर क्षेत्र में बंद कमरे में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया, पड़ोसियों को कमरे से बदबू आने पर पुलिस को मामला की जानकारी दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरा का दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो कमरा अंदर से बंद था। पुलिस ने दरवाजे को तोड़कर सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना लोहिया नगर क्षेत्र के बिजली बंबा बाइपास के पास गृहम कॉलोनी में एक युवक का सड़ा हुआ शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक कपिल अरोरा 45 वर्षीय किराए के मकान में रहता था। उसके कमरे से बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। वहीं जानकारी के अनुसार मृतक शराब का आदी था। शास्त्रीनगर की रहने वाली मृतक की बहन स्वाति ने पुलिस को बताया कि उसका भाई कपिल पंजाब के लुधियाना में रहता था।कपिल कुछ समय से बिजली बंबा बाईपास स्थित गृहम कॉलोनी में किराए के फ्लैट में रह रहा था। स्वाति ने बताया कि कपिल शराब पीने का काफी आदि था जिस कारण उसकी परिवार वालों से नहीं बनती थी। स्वाति ने बताया कि एक अप्रैल को उसकी आखिरी बार बात हुई थी। लोगों का कहना है कि मृतक युवक शराब के नशे में रहता था। बृहस्पतिवार शाम को मृतक युवक कपिल के कमरे से बदबू आने पर पड़ोसियों ने थाना लोहिया नगर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे का दरवाजा खोलने प्रयास किया तो कमरा अंदर से बंद था। पुलिस ने दरवाजे को तोड़कर देखा कि युवक बेड पर मृत पाया गया। पुलिस ने कपिल का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना लोहिया नगर प्रभारी योगेश चंद्र ने बताया कि मृतक कपिल के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं थे और कमरा अंदर से बंद था। अनुमान लगाया जा रहा है कि शराब के नशे में उसकी मौत हुई है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पत्नी पर लगाया हत्या की धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के रहने वाले एडवोकेट दिनेश कुमार ने बताया कि मेरी शादी ढाई महीने पहले थाना मेडिकल क्षेत्र के पीवीएस मॉल के पीछे रहने वाली महिला के साथ हुई। दिनेश ने अपनी पत्नी पर आरोप लगाते हुए बताया कि शादी के तीन दिन बाद पता चला कि मेरी पत्नी का प्रेम प्रसंग किसी दूसरे जाति के युवक से है। पीड़ित दिनेश ने अपनी पत्नी के प्रेमी से विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए हिंदी में पत्नी से कहा कि तुझे जैसे मुस्कान ने नीले ड्रम में काट कर अपने पति को मार डाला था उसी तरह तुझे भी काट कर नील ड्रम में मार दूंगी। पीड़ित युवक दिनेश ने कहना है कि मैं डर की वजह से चार-पांच दिन से अपने घर भी नहीं जा पा रहा हूं। पीड़ित युवक दिनेश ने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है।

## करनावल में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान पर जागरूकता कैंप

**21 से 40 वर्ष तक के युवा पांच लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण लेकर शुरू कर सकते हैं अपना व्यवसाय**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को नगर पंचायत करनावल सभागार में युवाओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप का आयोजन उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के सहयोग से किया गया, जिसमें सहायक प्रबंधक प्रमोद कुमार और बादल चौधरी मुख्य वक्ता रहे।

अधिकारियों ने विस्तार से बताया कि इस योजना के तहत 21 से 40 वर्ष तक के युवा 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण लेकर अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। साथ ही लिए गए ऋण पर 10 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की जाएगी। इसे प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार की दिशा में एक बड़ा अवसर बताया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को योजना का ऑनलाइन आवेदन https://msme.up.gov.in पोर्टल से करने की जानकारी दी। साथ ही बताया कि इस पोर्टल पर उद्योग स्थापित करने की प्रक्रिया, संचालन संबंधी मार्गदर्शन और वीडियो सामग्री भी उपलब्ध है। इस मौके पर नगर पंचायत सभासद अभिलाष, संजय कुमार, सनी दहिया, गौरव कुमार, साजिद, बिट्टू पूनिया, अरविंद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में युवाओं ने योजना के प्रति उत्साह दिखाया।

# थाना कोतवाली क्षेत्र में बिजली गुल, पानी को भी तरसे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पुरानी तहसील कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार की देर रात अचानक बिजली गुल हो गई। इसके बाद शुक्रवार की तड़के सुबह करीब 9:42 पर बिजली सुचारू हुई लेकिन तब तक सभी के इनवर्टर-बैट्री डाउन हो चुके थे। आसपास के लोगों ने बताया कि पूरी रात बिजली घर पर फोन पर संपर्क करने का प्रयास का लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। किसी तरह गर्मी में रात गुजारने के बाद जब स्थानीय लोगों ने सुबह उठकर बिजी घर पहुंच कर शिकायत करनी चाहे तो बिजली घर पर ताला लटका मिला। आसपास के लोगों ने बताया है कि पूरी रात और अगले दिन सुबह बिजली गुल रही जिसकी वजह से कुछ लोग अपने घरों में पीने के पानी की व्यवस्था भी नहीं कर पाए। इसी के साथ यह भी बताया है कि पहले शुक्रवार में दोपहर में नमाजियों के लिए पानी की व्यवस्था की जाती थी लेकिन काफी समय से अब शुक्रवार को दोपहर में पानी नहीं आता है और इस शुक्रवार बिजली और पानी दोनों ही से लोगों को जूझना पड़ा। तहसील बिजली घर जेई ने बताया है कि उन्होंने तहसील और मोहनपुरा बिजली घर का चार्ज अभी हाल ही में संभाला है तो अभी ज्यादा जानकारी क्षेत्र की नहीं है लेकिन बिजली घर पर एक कर्मचारी ने बताया है कि सुभाष नगर में तारों में रात कुछ फाल्ट हुआ था। जिस पर काम किया जा रहा था।



# हथिनी माधुरी को वापिस नांदणी मठ लाने के लिए निकाला पैदल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नांदणी मठ (जैन मठ) कोल्हापुर महाराष्ट्र में पिछले 35 साल से परिवार के सदस्य की तरह रह रही हथिनी माधुरी को अनंत अंबानी के वंतारा जाम नगर गुजरात में भेजे जाने के विरोध में विश्व श्रमण संस्कृति श्रीसंघ के राष्ट्रीय महामंत्री सुदीप जैन के नेतृत्व में गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुषों और बच्चों ने पैदल मार्च किया। यह पैदल मार्च श्री महावीर जयंती भवन शारदा रोड से प्रारंभ हुआ और पंचबाल्यति जैन मन्दिर, झंडे वाला चौक, किशनपुरी, पत्थर वालों में होता हुआ अंबेडकर तिराहा (दिल्ली रोड पर मेट्रो प्लाजा के सामने) पर आकर संपन्न हुआ जहां उपस्थित सक्षम अधिकारी को हथिनी माधुरी की नांदणी मठ में वापसी के लिए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।



पैदल मार्च में चल रहे लोगो ने हथिनी माधुरी का मास्क पहना हुआ था और सभी के अंदर हथिनी माधुरी को नांदणी मठ से वंतारा भेजे जाने का भारी आक्रोश और दुख था। हाथों में जैन पंचरंगा ध्वज और नारों की तख्तियां लिए लोगों ने हथिनी माधुरी को वापिस दो नांदणी मठ को वापिस दो, अंबानी तुम शर्म करो, पेटा वाले शर्म करो, सूना करके नांदणी मठ को चौन से न सो पाओगे, हथिनी माधुरी वापिस कर दो वरना बहुत पछताओगे, जियो का बॉयकोट करो आदि नारे लगाए गए।

विश्व श्रमण संस्कृति श्रीसंघ के राष्ट्रीय महामंत्री सुदीप जैन ने कहा कि पेटा की जीव दया तब कहां चली जाती है जब छत्तीसगढ़ में हसदेव के जंगलो को इन्हीं पूंजीपतियों के लिए काटा जाता है, जब तेलंगाना में कांची के जंगलों को काटा जाता है, जब सड़क पर गौ वंश आवारा फिरते है, जब चिड़ियाघर में जानवरों को पिंजड़े में रखा जाता है, जब भारत बीफ एक्सपोर्ट में नंबर 2 हो जाता है, ऐसे मामलों में पेटा वाले कौन सी पेटी लेकर कौन सी पेटी में बंद हो जाते है।

सुदीप जैन ने कहा कि किसी भी वर्ग को खत्म करना हो तो उसकी धार्मिक और संस्कृतिक विरासत पर चोट करो और राजनीतिक रूप से कमजोर कर दो, ऐसी ही साजिश जैन समाज के साथ की जा रही है। सुदीप जैन ने कहा कि हमसे पहले पीढी की शराफत देखकर आज की युवा पीढ़ी से उलझने की भूल न करे।

सुदीप जैन ने कहा कि हथिनी माधुरी मठ में प्रतिदिन देव दर्शन करने के बाद भोजन पानी लेती थी और रात्रि भोजन नहीं करती थी। माधुरी सभी साधुओं को सूंड उठाकर नमस्कार करती थी। सुदीप जैन ने कहा कि हथिनी माधुरी के नांदणी मठ में वापिस आने तक आंदोलन जारी रहेगा।

विश्व श्रमण संस्कृति श्रीसंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सौरभ जैन सर्राफ, राष्ट्रीय संयोजक अक्षय जैन अरिहंत, निर्माण संस्था के उपाध्यक्ष विनोद कुमार, विशाल जैन खाद वाले, अनिल जैन, विजय जैन, सागर जैन, नमन जैन, नाजिम सैफी, परमजीत सिंह, रुपाली जैन, अतुल जैन, राहुल जैन आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# निगम की 3290 वर्ग मीटर भूमि पर कब्जे का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तारापुरी स्थित अंजुम पैलेस के पास नगर निगम की 3290 वर्ग मीटर भूमि पर हो रहे निर्माण को लेकर महानगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ने शनिवार को एक ज्ञापन मंडल आयुक्त को सौंपा जिसमें उन्होंने भूमाफियाओं से नगर निगम की भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की।

सलीम पठान ने बताया है कि वार्ड 81 तारापुरी के अन्तर्गत अंजुम पैलेस के पास नगर निगम की 3290 वर्ग मीटर भूमि खाली पड़ी है। जिस पर भूमाफिया ने कब्जा करने के प्रयास से उस भूमि पर एक कमरा बनाकर तैयार कर दिया है। इसके अलावा आगे के निर्माण के लिए नींव भी खोदी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जब इस संबंध में वार्ड 81 के पार्षद पति अफजाल से बात की तो अफजाल ने कहा कि नगर निगम मेरठ से सफाई मित्रों के लिए हाजिरी स्थल का निर्माण कराया जा रहा है।

सलीम पठान ने बताया है कि हाजिरी स्थल तो मात्र 40 से 60 मीटर तक बन सकता है लेकिन इस भूमि पर भूमाफिया की नजर है। आगे के निर्माण के लिए बीम खड़े कर दिए गए हैं। इसके बावजूद भी सम्पत्ति अधिकारी, संबंधित लेखपाल, अवर अभियंता निर्माण, नगर निगम पूरी तरह से मौन धारण किए हुए है। इससे प्रतीत होता है कि नगर निगम के सम्पत्ति विभाग के अधिकारी व कर्मियों व क्षेत्रीय प्रतिनिधि वार्ड नं. 81 के पार्षद व भूमाफियाओं की साठ-गांठ से उक्त जमीन पर कब्जा किया जा रहा है।

वार्ड 81 के पार्षद पति अफजाल ने बताया है कि सलीम पठान को ज्यादा जानकारी नहीं है यह कार्य नगर निगम द्वारा सभी 90 वार्डों में कराया जा रहा है। जहां सफाई मित्रों की कूड़ा गाड़ी, ट्रैक्टर ट्रॉली, ठेला आदि की व्यवस्था की जा सके।



# सिपाही समेत तीन को आजीवन कारावास

## शव छिपाने के दोषी को पांच साल की सजा, तीनों पर बीस हजार का लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** किसान की हत्या में कोर्ट ने सिपाही समेत तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। जबकि बीस-बीस हजार रूपये जुर्माना लगाया। इसके अलावा शव छिपाने के दोषी को पांच साल की सजा व पांच हजार रूपये का जुर्माना लगाया है।

27 सितंबर 2019 की वारदात रजबपुर थाना क्षेत्र से जुड़ी थी। क्षेत्र के गांव शकरपुर समसपुर निवासी किसान नरेंद्र इस दिन बाइक से अमरोहा जाने की बात कहकर घर से निकले थे लेकिन वह देर शाम तक घर वापस नहीं लौटे थे। काफी तलाश करने के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला था, मोबाइल भी बंद था। नरेंद्र सिंह की पत्नी बालेश देवी ने मामले में अगले दिन थाने पहुंचकर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद में बालेश देवी ने मुरादाबाद के मझौला थाना क्षेत्र की काशीराम कॉलोनी गली नंबर-8 निवासी रूबी अग्रवाल पर अपने साथियों के साथ मिलकर अपहरण के बाद पति की हत्या कर शव छिपाने का शक जताया था। लिहाजा, पुलिस ने मामले में मुक. दमा दर्ज किया, छानबीन शुरू करते हुए मृतक नरेंद्र सिंह और रूबी अग्रवाल के मोबाइल नंबर की सीडीआर निकलवाई। मजबूत साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने रूबी अग्रवाल के अलावा मेरठ जिले के जानी थाना क्षेत्र के गांव नेक निवासी योगेश (हत्याकांड के समय मुरादाबाद जिले के बिलारी थाने में तैनात तत्कालीन सिपाही), मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र के गांव अमरपुर काशी निवासी वीरपाल व विशेष को गिरफ्तार किया। इन सभी की निशानदेही पर पुलिस ने नरेंद्र का शव विशेष के मकान के पीछे स्थित एक कुएं से बरामद किया। मृतक नरेंद्र सिंह अनुसूचित जाति से थे, इसके चलते मुकदमे की विवेचना तत्कालीन सीओ मोनिका यादव ने की। चारों आरोपियों के खिलाफ अदालत मे चार्जशीट दाखिल की गई। फिलहाल सभी जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष एससी-एसटी एक्ट की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक एससी-एसटी एक्ट मनोज कुमार सक्सेना कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मृतक नरेंद्र सिंह और रूबी अग्रवाल के बीच प्रेम-प्रसंग था। वहीं, दोषी सिपाही योगेश के भी रूबी से अवैध संबंध थे। नरेंद्र दोनों के संबंधों में बाधा बन रहा था। जिसके चलते रूबी ने सिपाही योगेश और उसके साथी वीरपाल व विशेष के साथ मिलकर नरेंद्र की हत्या की थी।

# रक्षाबंधन पर्व पर खादर क्षेत्र में जलभराव से ग्रामीण मायूस

## दर्जनों गांवों के संपर्क मार्गों व खेतों में भरा हुआ है कई-कई फीट पानी, फसलें हुई बर्बाद, पशुओं के चारे का संकट हुआ खड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** गंगा नदी के जलस्तर में शुक्रवार को गिरावट आयी है परंतु खादर क्षेत्र में भरा हुआ पानी अभी कम होने में समय लेगा जिससे ग्रामीणों को समस्या हो रही है। खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो ही चुकी हैं। टूटे तटबंध को दुरुस्त करने के लिए कारसेवक व ग्रामीण लगातार मेहनत कर रहे हैं। रक्षाबंधन के पर्व पर भी लोग उदास हैं और पर्व जैसा कोई माहौल खादर क्षेत्र में देखने को नहीं मिल रहा है।





बिजनौर बैराज से शुक्रवार को गंगा के जलस्तर में भारी कमी आयी है। शुक्रवार की सांय गंगा का जलस्तर 1.80 लाख क्यूसेक व हरिद्वार से जलस्तर घटकर एक लाख क्यूसेक हो गया है जो गुरुवार की अपेक्षा कम है परंतु खादर क्षेत्र दर्जनों गांवों के संपर्क मार्गों व खेतों में कई कई फीट पानी भरा है। मुजादपुर खेड़ा के सामने से टूटे तटबंध ने खादर क्षेत्र की स्थिति और ज्यादा खराब कर दी है। हालांकि ग्रामीण व सेवादार टूटे तटबंध को दुरुस्त करने में जुटे है लेकिन जलप्रवाह के सामने उनकी मेहनत बौनी साबित हो रही है। इसके अलावा भी ग्रामीण जिन स्थानों से तटबंध कमजोर या क्षतिग्रस्त हो रहा है वहां पर मिट्टी के कट्टे आदि लगाकर मजबूत करने में जुटे हुए है। वहीं ग्रामीणों को सबसे अधिक परेशानी पशुओं के चारे की आ रही है। पूर्व से एकत्र किया गया भूसा गीला हो गया है और चारा पानी में डूबा है। ऐसे में पशु क्या खाए। ग्रामीणों को पशुओं के लिए कम पानी में खड़ी झाडियों को काटकर ही पशुओं को खिलाना पड़ रहा है। कई गांवों में मकानों में अंदर पानी भरा होने के कारण चूल्हे भी नहीं जल पा रहे है। ऐसे में महिलाओं ने छत पर ही अस्थायी चूल्हे बनाकर खाना तैयार कर रही है।

### तटबंध सही होने पर ही मिलेगी राहत

वहीं तटबंध से निकल रहे पानी से खादर क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। किसानों का कहना है कि जब तक तटबंध से पानी निकलना बंद नहीं हो जाता है तब तक स्थिति में सुधार आना मुश्किल है। क्योंकि गंगा नदी के अधिकांश पानी का प्रवाह टूटे तटबंध से ही होकर बह रहा है जिससे खेतो में खड़ी फसलें तबाह हो गई है।

## डीएम पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन पर कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़** नगर के डीएम पब्लिक स्कूल में पूर्व संध्या पर रक्षा बंधन मनाया। छात्राओ ने मेडम रूबी हूण के सानिध्य में सुदर व आकर्षक राखी बनाई। इस मौके पर डायरेक्टर रविन्द्र चौधरी ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि रक्षा बंधन एक त्योहार नही बल्कि भाई बहन के अटूट प्रेम व सांस्कृतिक मूल्यों का प्रतीक है। बच्चों ने अपनी कला से इस रिश्ते को मजबूत किया है। प्रधानाचार्या विनोद सिंह, भागेश्वरी चौधरी, इंदू गुप्ता, सरिता गोदारा, दीपा त्यागीश कुमकुम तिवारी सहित सभी स्टाफ मौजूद रहा।

### मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

**बिसौली।** प्राथमिक विद्यालय मदनजुड़ी में शुक्रवार को रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। जिसमें सभी छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधकर व मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। भाइयों ने अपनी बहनों को गिफ्ट दिए।

**PUBLIC NOTICE**

My wife PHIRADOSHI D/O Vasiyat & W/O ABARAR Resident of House No. 255 Khajuri Aliyarpur, Meerut Pin 250406 U.P. India-have changed her name from PHIRADOSHI to FIRDOSI D/O Wasiyat & W/O ABRARUL HUQ. Henceforth she would be known by the name of FIRDOSI for all future purposes.

## संक्षिप्त खेल समाचार

### 4 भारतीयों ने रचा इतिहास, एशियन सर्फिंग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**चेन्नई, वार्ता।** चार भारतीय सर्फरों ने प्रतिष्ठित महाबलीपुरम में चल रही एएसएफ एशियन सर्फिंग चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच दिया। पांचवें दिन एशिया की शीर्ष सर्फिंग प्रतिभाओं ने तमिलनाडु के धूप से सराबोर तटों पर लहरों का सामना करते हुए जोरदार एक्शन और नाटकीय प्रदर्शन किया। ओपन पुरुष राउंड 3 ओपन महिला क्वार्टर फाइनल, अंडर-18 बॉयज राउंड 3 (मुख्य राउंड) और अंडर-18 गर्ल्स राउंड 2 (रेपचेज) जैसे प्रमुख हीट के साथ, यह दिन उच्च दांव, साहसिक चालों और शानदार प्रदर्शन से भरा रहा। चार भारतीय सर्फरों ने प्रमुख वर्गों में क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करके इतिहास रच दिया, जो इस आयोजन के इतिहास में टीम इंडिया का सबसे सफल प्रदर्शन था।

### शीर्ष स्थान को मोहन बगान की टक्कर डायमंड हार्बर से

**कोलकाता, वार्ता।** 134वें इंडियन ऑयल डूरंडकप के 17वें मैच दिवस का शनिवार का डबल हेडर नॉकआउट दौड़ पर बड़ा असर डाल सकता है, क्योंकि मैदान पर उतरने वाली चारों टीमें अपने-अपने ग्रुप पर नियंत्रण पाने और अगले दौर में जगह बनाने की कोशिश करेंगी। कोलकाता में, ग्रुप बी के शीर्ष स्थान के लिए रोमांचक मुकाबले में मौजूदा ग्रुप लीडर डायमंड हार्बर एफसी का सामना चैंपियन मोहन बगान सुपर जायंट से होगा। यह मैच शाम 7:00 बजे विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा। इससे पहले शाम 4:00 बजे, कोलकाता से 250 किमी उत्तर-पूर्व कोकराझार में होगा।

# भारत अब विंडीज-द. अफ्रीका से खेलेगा टेस्ट

**● दोनों देशों से चार मैच, सभी जीते, तो डब्ल्यूटीसी पाइंट्स टेबल के टॉप-2 में आने का मिलेगा मौका**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज 2-2 से ड्रा खेलकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) पाइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर जगह बना ली। टीम के 28 पाइंट्स हैं। भारत को अब इसी साल होमग्राउंड पर वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से टेस्ट सीरीज खेलनी हैं।

दोनों को जीतकर टीम टॉप-2 टीमों में जगह बना सकती है। ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका टॉप-2 टीमें डब्ल्यूटीसीका नया साइकल भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज से ही शुरू हुआ। इस दौरान वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका ने बांग्लादेश से घरेलू मैदान पर सीरीज खेलीं। न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका की टीमें अब तक कोई सीरीज नहीं खेल सकीं। पाइंट्स लेकर ऑस्ट्रेलिया नंबर-1 पर है। वहीं 1 जीत और 1 ड्रा से 67: पाइंट्स लेकर श्रीलंका दूसरे नंबर पर है। भारत तीसरे, इंग्लैंड चौथे, बांग्लादेश पांचवें और वेस्टइंडीज छठे नंबर पर हैं। बाकी 3 टीमों का खाता नहीं खुला। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारत और इंग्लैंड दोनों ने 2-2 टेस्ट जीते। वहीं दोनों के बीच 1 मुकाबला ड्रा रहा। एक जीत से 12 पाइंट्स और 1 ड्रा से 4 पाइंट्स मिलते हैं। इसलिए दोनों टीमों को पाइंट्स तो 28-28 ही मिले, लेकिन इंग्लैंड पर आईसीसी ने पेनल्टी भी लगा दी। तीसरे टेस्ट में स्लो ओवर रेट के कारण इंग्लैंड पर 2 पाइंट्स की पेनल्टी लगे, जिस कारण उनके 26 पाइंट्स हो गए और टीम चौथे नंबर पर खिसक गई।

डब्ल्यूटीसीके एक साइकल में टीमें 6 टेस्ट सीरीज खेलती हैं, 3 अपने होमग्राउंड पर और 3 विदेशी टीमों के होमग्राउंड पर। भारत ने इंग्लैंड में सीरीज खेल ली। अब टीम इसी साल अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। अगले ही महीने फिर टीम साउथ अफ्रीका से भी घर में ही 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। होमग्राउंड पर चारों टेस्ट जीतकर टीम इंडिया के 76 पाइंट्स हो जाएंगे। जिनसे 70प्रतिशत पाइंट्स के साथ भारत पाइंट्स टेबल में नंबर-2 पर पहुंच जाएगा। फिलहाल श्रीलंका के करीब 67 प्रतिशत पाइंट्स हैं। इस दौरान भारत का एक भी मैच ड्रा रहा तो टीम तीसरे नंबर पर ही रहेगी। इससे खराब नतीजे होने पर टीम नंबर-3 से नीचे भी जा सकती है। फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बनाए रखनी हैं तो भारत को होमग्राउंड पर सभी मैच जीतने ही होंगे। अगले साल न्यूजीलैंड और श्रीलंका से सीरीज 2026 में टीम इंडिया को न्यूजीलैंड और श्रीलंका जाकर 2-2 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। इनके नतीजों से तय होगा कि टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए आखिरी सीरीज में कितनी जीत की जरूरत पड़ेगी।

भारत की आखिरी सीरीज फरवरी 2027 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होमग्राउंड पर ही होगी। कंगारू टीम पिछले 2 दौरों पर भारत को 1-1 टेस्ट हरा चुका है। इसलिए ऑस्ट्रेलिया सीरीज से पहले ही टीम इंडिया को फाइनल में अपनी जगह पक्की कर लेनी होगी। पिछला फाइनल नहीं खेल सका था भारत डब्ल्यूटीसीकी शुरुआत आईसीसी ने 2019 में की। इसके तहत 9 टीमें 2 साल तक आपस में 6 टेस्ट सीरीज खेलती हैं। 3 अपने होमग्राउंड पर और 3 विदेशी टीम के होमग्राउंड पर।

# पाक बल्लेबाज हैदर अली पर इंग्लैंड में दर्ज हुआ आपराधिक मामला

**जांच के नतीजे आने तक पीसीबी ने हैदर अली को अस्थायी रूप से निलंबित किया**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** पाक बल्लेबाज हैदर अली पर ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने आपराधिक जांच शुरू कर दी है और जांच के नतीजे आने तक पीसीबी ने उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। हालांकि अपराध की प्रकृति के बारे में कोई विवरण जारी नहीं किया गया है।

ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के मुताबिक हैदर को फिलहाल हिरासत में नहीं लिया गया है लेकिन जीएमपी उनसे पूछताछ कर रही है। पीसीबी ने एक बयान जारी कर कहा है कि उन्हें जांच के बारे में 'जानकारी' दी गई है, और यह घटना पाकिस्तान शाहीन के हालिया यूनाइटेड किंगडम दौरे के दौरान हुई थी, जो सोमवार को समाप्त हुआ था। पीसीबी ने पुष्टि की है कि वह हैदर को इस पूरी प्रक्रिया के दौरान उसके अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी सहायता प्रदान कर रहा है। पीसीबी के बयान में कहा गया है। पीसीबी को ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस द्वारा क्रिकेटर हैदर अली से जुड़ी एक आपराधिक जांच के बारे में अवगत कराया गया है। यह जांच पाकिस्तान शाहीन के हालिया इंग्लैंड दौरे के दौरान हुई एक घटना से संबंधित है। पीसीबी, यूके की कानूनी प्रक्रियाओं का पूरा सम्मान करता है और जांच को अपनी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चलने देने के महत्व को समझता है।

# शुभमन गिल ने बल्लेबाजी से आलोचकों को बखूबी जवाब दिया: पार्थिव



**● इंग्लैंड सीरीज के दौरान भारत की बल्लेबाजी प्रदर्शन में रवीन्द्र जडेजा की महत्वपूर्ण भूमिका रही**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की तारीफ करते हुए कहा है कि उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से आलोचकों को करारा जवाब दिया है।

'फॉलो द ब्लूज' पर बात करते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ पार्थिव पटेल ने 2025 के इंग्लैंड दौरे के दौरान शुभमन गिल द्वारा आलोचकों को दिए गए जवाब पर विचार किया। उन्होंने कहा कि चार शतक, 75-40 की औसत और 750 से ज्यादा रन - सभी अलग-अलग परिस्थितियों में बनाए गए। पहले, जब वह बल्लेबाजी करने उतरे, तो सवाल थे: क्या वह सेना देशों में अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे? क्या वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे? लेकिन देखिए उन्होंने क्या जवाब दिए। हेडिंग्ले में पहली पारी में 147 रन। दूसरी पारी में लोगों ने कहा कि उन्होंने उस बड़े स्कोर के बाद अपना विकेट गंवा दिया। फिर एजबेस्टन में पहली पारी में 269 रन बनाए। फिर से, चर्चा थी कि यह कम साबित हो सकता है, लेकिन उन्होंने दूसरी पारी में 161 रन बनाए। तीसरे टेस्ट में, वह दोनों पारियों में जल्दी आउट हो गए, और उनके फॉर्म को लेकर फिर से सवाल उठने लगे, जबकि उन्होंने पिछले मैच में 430 रन बना लिए थे। और फिर मैनचेस्टर में वह शतक आया, एक ऐसे मैच में जिसे भारत को ड्रॉ कराना था। जब भी यह एक चुनौती रही है, जब भी सवाल पूछे गए हैं, गिल ने अपनी बल्लेबाजी से उनका बखूबी जवाब दिया है। इंग्लैंड श्रृंखला के दौरान भारत के बल्लेबाजी प्रदर्शन में जडेजा की महत्वपूर्ण भूमिका पर पार्थिव ने कहा कि जडेजा द्वारा बनाए गए 516 रनों का महत्व भी बढ़ जाता।

### मेघालय भारत का पहला स्लैलम कोर्स स्थापित करेगा

**शिलांग, वार्ता।** जल क्रीड़ा और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देते हुए, मेघालय जल्द ही री-भोई जिले में उमथम नदी पर भारत का पहला स्लैलम कोर्स स्थापित करेगा, मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने यह जानकारी दी है। कैबिनेट ने देश के एकमात्र समर्पित स्लैलम कोर्स को विकसित करने के लिए मेघालय इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन (एमआईडीएफसी) से उमथम नदी के किनारे 14-6 एकड़ भूमि के प्रस्तावित अधिग्रहण को मंजूरी दे दी। स्लैलम एक रोमांचक जल क्रीड़ा है जिसमें कयाकर समय के विरुद्ध दौड़ लगाते हैं, एक चुनौतीपूर्ण वाइटवाटर कोर्स में प्रवेश करते हैं जिसमें कई द्वार होते हैं जिनसे उन्हें गुजरना होता है।

# आर अश्विन व चेन्नई सुपर किंग्स के अलग होने की संभावना



**● अश्विन और सीएसके के बीच दूरियां बढ़ रही है इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई**

**चेन्नई, वार्ता।** क्या आर अश्विन और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच दूरियां बढ़ रही हैं? हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स खेमे में चल रही ताजा गतिविधियों से ऐसा लग रहा है कि अश्विन-जो लाल गेंद के क्रिकेट में भारत के सबसे महान मैच विजेताओं में से एक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी से अलग हो सकते हैं। इस अपरिहार्य अलगाव का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि इस अनुभवी ऑफ स्पिनर ने अपना मन बना लिया है और फ्रेंचाइजी को इस बारे में बता दिया है। उन्हें सीएसके की भविष्य की योजनाओं के बारे में कोई संकेत मिले हैं या नहीं, यह तो पता नहीं है, लेकिन जैसा कि क्रिकबज ने कल बताया था, पिछले कुछ दिनों से चेन्नई में मौजूदा और पूर्व कप्तान एमएस धोनी और रुतुरान गायकवाड़ सहित सीएसके के शीर्ष अधिकारी और खिलाड़ी बैठक कर रहे हैं। संभावना है कि फ्रेंचाइजी ने आगामी सीजन की योजनाओं पर चर्चा की होगी। यह एक अपरिहार्य कदम प्रतीत होता है, क्योंकि यह अनुभवी स्पिनर सीएसके अकादमी में संचालन निदेशक के रूप में अपनी भूमिका छोड़ सकता है। यह वह पद है जो वह पिछले एक साल से संभाल रहे हैं। अगर वह किसी अन्य फ्रेंचाइजी से जुड़ते हैं, तो सीएसके की भूमिका में बने रहना हितों के टकराव की स्थिति पैदा कर सकता है, जिससे बचने के लिए वह उत्सुक हैं।

# तिलक ने हैम्पशायर की जीत में निभाई अहम भूमिका



**● तिलक वर्मा ने हैम्पशायर के लिए 54 रनों की शानदार पारी खेली**

**साउथम्पटन, वार्ता।** भारत के टी 20 स्पेशलिस्ट तिलक वर्मा ने गुरुवार को साउथंप्टन में खेले गए वनडे कप के ग्रुप-ए मुकाबले में अपनी टीम हैम्पशायर के लिए एसेक्स के खिलाफ 54 रन की पारी खेली। तिलक ने जो वीदरली के साथ 98 रन की अहम साझेदारी भी निभाई, वीदरली ने इस मैच में नाबाद शतक जड़ा। एसेक्स के खिलाफ इस जीत के बाद अंक तालिका में हैम्पशायर टॉप पर पहुंच गई है, जबकि दो मैचों में दो हार के साथ एसेक्स फिलहाल आठवें स्थान पर है। इससे पहले हैम्पशायर के कप्तान निक गबिन्स ने टॉस जीतकर एसेक्स को बल्लेबाजी का न्योता दिया था। एसेक्स ने चार्ली एलिसन, टॉम वेस्ले और रॉबिन दास के अर्द्धशतकों की बदौलत स्कोर बोर्ड पर 285 रन बना दिए थे।

एलिसन ने 80, वेस्ले ने 61 जबकि दास ने 50 रन बनाए थे। हैम्पशायर की ओर से काइल एबॉट, एडी जैक, डॉमिनिक केली और एंड्र्यू नील को दो-दो सफलता हाथ लगी थी। 286 रनों का पीछा करते हुए हैम्पशायर को कप्तान गबिन्स और अली ओर ने अच्छा आग़ाज़ दिलाया था। पहले विकेट के लिए दोनों ने 58 रन की साझेदारी निभाई, अली के रूप में हैम्पशायर को पहला झटका लगा। अली के आउट होने के बाद नंबर-3 पर तिलक बल्लेबाज़ी करने आए, उन्होंने आते ही कुछ अच्छे शॉट्स लगाए लेकिन 80 रन के योग पर हैम्पशायर को गबिन्स के तौर पर दूसरा झटका लग गया था। तिलक ने यहां से सूझ-बूझ की पारी खेलते हुए वीदरली के साथ अच्छी साझेदारी निभाई। तिलक ने अपना अर्द्धशतक पूरा कर लिया था और अच्छी लय में नजर आ रहे थे लेकिन 54 रन के निजी योग पर वह वेस्ले की गेंद पर बोल्ड हो गए। तिलक ने अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के भी लगाए। तिलक और वीदरली के बीच हुई 98 रनों की साझेदारी ने एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म सेट कर दिया था। तिलक के आउट होने के बाद वीदरली ने जिम्मेदारी उठाई और अंत तक नाबाद शतकीय पारी खेलते हुए हैम्पशायर को जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया। हैम्पशायर ने ये मुकाबला 22 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से अपने नाम किया। तिलक के लिए वनडे कप में शानदार वापसी रही, क्योंकि पिछले मुक़ाबले में वह ग्लेमोर्गन के खिलाफ बिना खाता खोले ही आउट हो गए थे। हालांकि इससे पहले लाल गेंद से उन्होंने हैम्पशायर के लिए चार मैचों में दो शतक और एक अर्द्धशतक भी जड़ा था। तिलक इसी महीने दलीप ट्रॉफी में खेलते नज़र आएंगे- जहां उनके कंधों पर साउथ जोन की कमान भी होगी।

# बेंगलुरु महिला वनडे कप के मैचों में देरी

**● महिला वनडे विश्व कप 2025 के मैचों का भविष्य अधर में लटक गया है**

**बेंगलुरु, वार्ता।** जून में आईपीएल विजय परेड में हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत के बाद बढ़ी सुरक्षा चिताओं के बीच, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) राज्य सरकार की मंज़ूरी का इंतजार कर रहा है, जिससे बेंगलुरु में महिला एकदिवसीय विश्व कप 2025 के मैचों का भविष्य अधर में लटक गया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टूर्नामेंट के कार्यक्रम में संभावित व्यवधानों को लेकर सतर्क हैं। 30 सितंबर को भारत और श्रीलंका के बीच होने वाला पहला मैच और 30 अक्टूबर को होने वाला दूसरा सेमीफाइनल सहित तीन अन्य मैच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। 2 नवंबर को होने वाला फाइनल भी इसी स्टेडियम में खेला जाएगा, बशर्ते पाकिस्तान क्वालीफाई न करे। जून की त्रासदी के बाद, राज्य सरकार ने बड़े सार्वजनिक समारोहों की जांच कड़ी कर दी है। केएससीए को विश्व कप मैचों के आयोजन के लिए अभी तक औपचारिक मंज़ूरी नहीं मिली है, और मामला अभी भी न्यायिक समीक्षा के अधीन है। एहतियात के तौर पर, महाराजा कप टी20 टूर्नामेंट को बेंगलुरु से मैसूर स्थानांतरित कर दिया गया है। केएससीए के एक अधिकारी ने कहा कि हमने राज्य सरकार को पत्र लिखा है और जवाब का इंतजार कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि उन्होंने अनुमति देने से इनकार कर दिया है। हम चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। अगर मंज़ूरी नहीं मिलती है, तो मैचों को गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम या कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम सहित अन्य स्वीकृत स्थानों पर स्थानांतरित किया जा सकता है।

### सैमसन ने आईपीएल 2026 से पहले खुद को आरआर से रिलीज करने को कहा

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन ने फ्रेंचाइजी को कहा है कि उन्हें रिलीज कर दिया जाए। ईएसपीएनक्रिकइंफो को मिली जानकारी के मुताबिक सैमसन ने आरआर मैनेजमेंट को आईपीएल 2025 खत्म होते ही खुद को रिलीज करने की गुजारिश की थी। सैमसन पहली बार इस फ्रेंचाइजी के साथ 2013 में जुड़े थे और फिर 2021 में उन्हें टीम का कप्तान भी बनाया गया था। इस फ्रेंचाइजी की 2025 सीजन की समीक्षा बैठक जून में हुई थी, हालांकि अब तक आरआर ने सैमसन को कोई निश्चित जवाब नहीं दिया है। माना जा रहा है कि आरआर उन्हें टीम में बने रहने के लिए मनाने का विकल्प भी तलाश रही है। रॉयल्स के मुख्य मालिक मनोज बडाले ने इस बारे में पूछे जाने पर कोई टिप्पणी नहीं की।

### बॉक्सिग नेशनल्स की शुरुआत जोरदार मुकाबलों के साथ

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** चौथे सब-जूनियर बालक और बालिका राष्ट्रीय बॉक्सिग चैंपियनशिप का पहला दिन 7 अगस्त को ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया विश्वविद्यालय में एक रोमांचक सत्र के साथ शुरू हुआ। 80 से ज़्यादा मुकाबलों में भारत की सबसे युवा बॉक्सिग प्रतिभाएं ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ रिंग में उतरीं। सब-जूनियर नेशनल्स भारत के जमीनी स्तर के बॉक्सिग इकोसिस्टम में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में खड़ा है, जो युवा एथलीटों को अपनी क्षमता का परीक्षण करने और रैंक में ऊपर उठने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करता है। बीएफआई जमीनी स्तर से प्रतिभाओं को निखारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी आयु वर्गों में अवसर, प्रदर्शन और संरचित प्रतियोगिता उपलब्ध हो।

# इंडियन ओपन विश्व एथलेटिक्स भारतीय एथलीटों के लिए शानदार अवसर: मार्टिन

**● रिलायंस फाउंडेशन द्वारा समर्थित एथलीटों का एक मजबूत समूह प्रतिस्पर्धा करेगा**

**भुवनेश्वर, वार्ता।** भारत 10 अगस्त को भुवनेश्वर में पहले इंडियन ओपन वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की मेजबानी की तैयारी कर रहा है, वहीं रिलायंस फाउंडेशन द्वारा समर्थित एथलीटों का एक मजबूत समूह दुनिया भर की शीर्ष प्रतिभाओं के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखाई देगा।

ब्रॉन्ज लेवल की यह प्रतियोगिता भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो एथलीटों को घरेलू मैदान पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करती है। इस महीने के अंत में चेन्नई में होने वाली राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप और अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए, रिलायंस फाउंडेशन के 12 एथलीट स्प्रिंट, जंप, थ्रो और मध्यम व लंबी दूरी की स्पर्धाओं में कॉन्टिनेंटल टूर में धूम मचाने के लिए तैयार हैं।

भुवनेश्वर मीट से पहले, ओडिशा रिलायंस फाउंडेशन एथलेटिक्स हाई परफॉर्मेंस सेंटर के मुख्य कोच, मार्टिन ओवेन्स ने कहा कि भारत एथलेटिक्स में एक बड़े खिलाड़ी के रूप में पहचाना जाने लगा है और हमें देश में इस तरह की उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं की और जरूरत है। यह मीट एक शानदार अवसर है क्योंकि कई एथलीट जो अब तक केवल अन्य भारतीय एथलीटों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते रहे हैं, उन्हें अब पूरे एशिया के एथलीटों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा।

कलिगा स्टेडियम में काफी उत्साह है और मुझे यकीन है कि यह महाद्वीपीय दौरे की सर्वश्रेष्ठ कांस्य मीट स्पर्धाओं में से एक होगी।

स्प्रिंट टीम का नेतृत्व अनिमेष कुजूर (200 मीटर) और अमलान बोरगोहेन (100 मीटर और 200 मीटर) करेंगे। अनिमेष ने हाल ही में ग्रीस के वारी में ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट और रिले मीट में 10-18 सेकंड का समय लेकर 100 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था। दूसरी ओर, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सर्किट पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले अमलान से अपनी विस्फोटक गति से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनौती देने की उम्मीद है।

# द.अफ्रीका खिलाड़ियों की नई पीढ़ी से रबाडा उत्साहित

**● तीन टी-20 और तीन वनडे मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के लिए तैयार है अफ्रीका**



**जोहानसबर्ग, वार्ता।** कैगिसो रबाडा को अपने बचपन की याद आ जाती है जब वह दक्षिण अफ्रीकी ड्रेसिग रूम को देखते हैं, जहां वे रविवार से शुरू होने वाले तीन टी20 और तीन एकदिवसीय मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

दोनों टीमें आखिरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में एक-दूसरे के खिलाफ खेली थीं, जहां दक्षिण अफ्रीका के ज्यादा अनुभवी खिलाड़ी मजबूती से खड़े हुए थे। अब 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप और 2027 में घरेलू वनडे विश्व कप के साथ, उनका ध्यान युवा प्रतिभाओं को निखारने पर केंद्रित हो गया है ताकि बड़े मैचों में दबाव में आने पर उनके पास एक संदर्भ बिदु हो कि उन्हें क्या करना है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 साल पूरे कर चुके रबाडा ने गुरुवार को कहा कि आप पहले, जब मैं पहली बार यहां आया था, उस समय की बात कर रहे थे, तो मुझे उनकी स्थिति की याद आ गई। मुझे यकीन है कि वे बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। उन्हें कोई डर नहीं है। जब आप युवा होते हैं, तो आपको बिल्कुल भी डर नहीं होता। और हां, मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि वे अपने करियर में कैसे आगे बढ़ते हैं। डार्विन में दक्षिण अफ्रीका की सफेद गेंद टीम में लुआन-ड्रे प्रीटोरियस जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका 20 में शीर्ष स्कोरर थे, डेवाल्ड ब्रेविस, जिन्हें 2022 में अंडर-19 विश्व कप में धमाकेदार प्रदर्शन के बाद से उच्च सम्मान के लिए चुना गया था और क्वेना मफाका, जिनके बाएं हाथ की तेज गेंदबाज़ी ने उन्हें 17 साल की उम्र में आईपीएल अनुबंध और 18 साल की उम्र में राष्ट्रीय टीम में जगह दिलाई। अपनी टीम के युवा खिलाड़ियों को विस्फोटक और निडर' बताते हुए, कप्तान मार्करम ने कहा कि आप जानते हैं कि 19-20 साल का होना कैसा होता है और इस उम्र में दुनिया में ज्यादा चिताएं नहीं होतीं और यह उनके प्रशिक्षण और उनके काम करने के तरीके में झलकता है। तो, यह बहुत रोमांचक है। हर देश के अपने युवा खिलाड़ी आ रहे हैं और इस दौरे पर हमें उनमें से कुछ मिले और यह हमारे लिए एक रोमांचक और शानदार मौका है कि हम उनकी प्रतिभा को समझें और उन्हें लोगों का मनोरंजन करने का मौका दें। रबाडा ने जून में डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपनी शानदार भूमिका के बाद से कोई क्रिकेट नहीं खेला है, जब उन्होंने मैच में नौ विकेट लिए थे। ग्रीस में छुट्टियां बिताकर वह उस थकान से उबर गए और अब 'पूरी तरह से फिट महसूस कर रहे हैं और नए खिलाड़ियों को अपना ज्ञान देने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने मफाका को 'बेहद रोमांचक प्रतिभा' कहा। रबाडा ने कहा कि चूंकि वह एक गेंदबाज़ भी हैं, इसलिए मेरे हिसाब से, मुझे उन पर ज्यादा ध्यान देना होगा। लेकिन मुझे लगता है कि वह अपने अनुभवों और अपने सफर से सीखेंगे। और हम बस एक मार्गदर्शक बनने के लिए हैं, जरूरी नहीं कि हम उनके करियर में बहुत ज्यादा दखल दें, बल्कि मार्गदर्शक बनें। अभी सिर्फ़ 19 साल के मफाका को दक्षिण अफ्रीकी टीम में तेजी से जगह मिल गई है।

# सम्पादकीय

**शनिवार, 9 अगस्त 2025**

## टैरिफ की गूंज

ट्रम्प के टैरिफ को लेकर दुनियाभर में हाहाकार मचा हुआ है। दुश्मन का दुश्मन दोस्त की तर्ज पर कुछ देश साथ आते भी दिखाई दे रहे हैं। इसी के चलते चीन ने भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की। चीन के विदेश मंत्रालय ने इसे टैरिफ का दुरुपयोग करार दिया। चीन का कहना है कि वह सीधे तौर पर टैरिफ के गलत इस्तेमाल के खिलाफ है और अमेरिका को तकनीकी और व्यापारिक युद्धों का राजनीतिकरण बंद करना चाहिए। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रम्प टैरिफ को लेकर जरा भी पीछे हटते दिखाई नहीं दे रहे हैं, बल्कि अगर यह कहें कि वह हर दिन और आक्रामक मुद्रा में आ रहे हैं तो गलत नहीं होगा।

गुरुवार को जहां उन्होंने भारत पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया था, 25 प्रतिशत का टैरिफ वह 30 जुलाई को ही लगा चुके थे और 6 अगस्त को उन्होंने 25 प्रतिशत का इजाफा इसलिए किया, क्योंकि भारत ने रूस से ट्रम्प की आज्ञानुसार तेल खरीदना बंद नहीं किया और 7 अगस्त को ट्रम्प ने एक तरह से भारत को यह कहकर धमकी दी कि वह टैरिफ को लेकर भारत के साथ कोई बातचीत नहीं करेगा। ट्रम्प ने साफ कहा है कि जब तक टैरिफ विवाद का हल नहीं निकल जाता कोई बात. चीत शुरू नहीं होगी। ट्रेड को लेकर भारत-अमेरिका के बीच पांच राउंड की बात अभी तक हो चुकी है और बताया जा रहा है कि छठे राउंड की चर्चा 25 अगस्त को होनी थी। इसके लिए अमेरिका के अधिकारियों का एक दल भारत आना था। अब उसका यह दौरा संशय में पड़ गया है। हालांकि अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि भारत हमारा रणनीतिक साझेदार है। विभाग के प्रवक्ता टामी पिगाट का कहना है कि भले ही टैरिफ विवाद से दोनों देशों में तनाव बना हुआ है। लेकिन बातचीत जारी रहेगी। अमेरिका भारत के साथ स्पष्ट और खुली बातचीत कर रहा है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि ट्रम्प ने व्यापार असंतुलन और रूसी तेल की खरीद को लेकर अपनी चिंताएं बहुत स्पष्ट तरीके से जाहिर कर दी है और साथ ही सीधी कार्रवाई भी की है। उनका इशारा भारत की ही तरफ था।

मतलब साफ है कि अमेरिका एक तरफ धमकी देता दिखाई दे रहा है और बातचीत बंद करने को कह रहा है तो वहीं दूसरी तरफ वह बातचीत जारी रखने की बात भी कह रहा है। इससे साफ है कि अमेरिका खुद असमंजस की स्थिति में है। वहीं दूसरी तरफ ट्रम्प के इस रवैये ने ब्रिक्स के देशों को काफी निकट ला दिया है। जहां चीन भारत के पक्ष में खड़ा दिखाई दे रहा है। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी की बात हुई। टेलीफोन पर हुई बातचीत में पीएम मोदी ने श्री पुतिन को इस वर्ष के अंत में 23वें भारत-रूस वार्ता शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का निमंत्रण भी दिया, जिसको उन्होंने स्वीकार कर लिया। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिलवा ने भी पीएम मोदी से फोन पर बात. चीत की है और मौजूदा हालात में ट्रम्प के टैरिफ को लेकर जो चुनौतियां पेश आ रही हैं, उनसे निपटने पर चर्चा की। जाहिर है जो भी कुछ हो रहा है, उसको जरा भी ठीक नहीं कहा जा सकता, जिस तरह का रवैया ट्रम्प का अब तक रहा है, वह छोटे देशों के पूरी तरह विपरीत जाता है।

### किसी भी पुस्तक पर प्रतिबंध नहीं लगाया



मैंने कभी भी किसी भी पुस्तक पर प्रतिबंध नहीं लगाया है और ना भविष्य में पुस्तक पर प्रतिबंध लगाने जैसा काम करेंगे, जम्मू- कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ही प्रशंसित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय लेखकों की 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध लगाया है, प्रतिबंध उप राज्यपाल सिन्हा ने अपने एकमात्र आधिकारिक नियंत्रण वाले विभाग गृह विभाग का इस्तेमाल करके लगाया है,उप राज्यपाल प्रशासन ने कश्मीर पर लिखी 25 किताबों को यह कहते हुए जब्त कर लिया कि वे ष्जम्मू-कश्मीर के बारे में झूठे आख्यान और अलगाववाद का प्रचार करती हैं।

**-उमर अब्दुल्ला**
**मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

## प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी हैं आदिवासी



विश्व आदिवासी दिवस, 9 अगस्त, केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह सभ्यता की जड़ों और संवेदनशीलता के स्रोत को स्मरण करने का दिन है। यह दिन न केवल आदिवा. सियों के अस्तित्व, अधिकारों यानी जल, जंगल, जमीन और उनके जीवन की रक्षा का उद्घोष है, बल्कि यह नए भारत के पुनर्निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित करने का भी अवसर है। आदिवासी समाज कोई पिछड़ा समूह नहीं, बल्कि वह सांस्कृतिक ऊर्जा का अक्षय स्रोत है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर पर्यावरण रक्षा तक, सामाजिक समरसता से लेकर आध्यात्मिक परंपराओं तक, हर दिशा में क्रांतिकारी भूमिका निभाई है।

आदिवासी प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी है। जो प्रकृति से जुड़ा है, वही मनुष्यत्व का संरक्षक है-यह वाक्य आदिवासी समाज पर अक्षरशः लागू होता है। आदिवासी शब्द मात्र एक सामाजिक पहचान नहीं, बल्कि एक दर्शन है, सहजता, सामूहिकता, संतुलन और सह-अस्तित्व का दर्शन। करीब 90 प्रतिशत खनिज सम्पदा, वनौषधियां और जैव विविधता इन्हीं के क्षेत्रों में विद्यमान है। उनका जीवन सभ्यता के केंद्र से नहीं, बल्कि संवेदना के मूल से संचालित होता है। वे भले ही वनवासी कहलाए गए, परंतु उनका जीवन दर्शन हमें शहरीकरण के आडंबर से बाहर निकालकर स्वाभाविक जीवन की राह दिखाता है। नए भारत में विकास का पर्याय यदि केवल बहुराष्ट्रीय निवेश, चकाचौंध और स्मार्ट सिटी बन गया है, तो आदिवासी समाज उसके विस्थापित मूल्य हैं। जल-जंगल-जमीन के नाम पर किए गए सौदे, खनिज लूट, धार्मिक कन्वर्जन, सांस्कृतिक विघटन और जबरन भूमि अधिग्रहण की घटनाएं केवल उनकी आर्थिक दशा ही नहीं बिगाड़ती, बल्कि उनकी पहचान, संस्कृति, भाषा और परंपरा को भी निगलती जा रही हैं। आज आदिवासी समाज ऋण, अशिक्षा, पलायन, अस्वास्थ्यकर जीवन, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से ग्रस्त है। तथाकथित विकास ने उन्हें पराया बना दिया है। वे भारत में रहकर भी अपने ही देश में अदृश्य नागरिक बन गए हैं, जिनके पास न राशन कार्ड है, न पहचान पत्र, न ही राजनीतिक प्रतिनिधित्व की शक्ति।

इस दिशा में गुजरात के प्रसिद्ध जैन संत गणि राजेन्द्र विजयजी का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका जीवन आदिवासी क्षेत्रों के लिए संघर्ष, सेवा और सद्भाव की त्रई बन गया है। वे वर्षों से आदिवासी समाज के उत्थान हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, नशामुक्ति, रोजगार और संस्कृति संवर्धन के अभियान चला रहे हैं। उनका सुखी परिवार अभियान केवल परिवार को नहीं, बल्कि पूरे आदिवासी समाज को जागृत करने का एक जनांदोलन बन चुका है। वे आदिवासियों में आत्मबल, आत्मगौरव और आत्मनिर्भरता की भावना जगा रहे हैं। बालिका शिक्षा केंद्र, नैतिक शिक्षा अभियान, युवाओं के लिए स्वावलंबन कार्यशालाएं, महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, आदिवासी ग्रामोद्योग, आदिवासी संस्कृति उन्नयन और स्व-सहायता समूहों का गठन-ये सभी उनके प्रयासों का हिस्सा हैं। वे जनजातीय समाज में अहिंसा, नैतिकता और भारतीय संस्कृति के बीज बो रहे हैं, ताकि वे अपने मूल से कटे नहीं, बल्कि गौरव से जुड़े रहें।

आज आदिवासी समाज को जितना खतरा बाह्य आर्थिक और राजनीतिक शोषण से है, उससे कहीं अधिक सांस्कृतिक अस्मिता के विघटन से है। धर्मान्तरण की गतिविधियां न केवल धार्मिक परिवर्तनों का परिणाम देती हैं, बल्कि उससे जुड़ी मानसिक गुलामी और राष्ट्र-विरोधी मानसिकता भी पनपती है। गणि राजेन्द्र विजयजी इस खतरे को भली-भांति समझते हैं। उन्होंने धर्मान्तरण के विरुद्ध शांति, संवाद और आध्यात्मिक पुनर्जागरण का मार्ग अपनाया है। उन्होंने जैन धर्म के मूल्यों के साथ-साथ सभी धर्मों के सकारात्मक मूल्यों को आदिवासी जनजीवन से जोड़ा है ताकि वे किसी भी प्रकार की सांस्कृतिक हिंसा से बचें। गणिजी का स्पष्ट मत है कि हर आदिवासी को अपनी जड़ों में झांकना होगा। उसे यह पहचानना होगा कि वह केवल वनवासी नहीं, अपितु संस्कृति का संवाहक है। वे आदिवासियों को आत्म निरीक्षण की प्रेरणा देते हैं कि जो अपने मूल से कट जाता है, वह किसी भी विकास का अधिकारी नहीं बन सकता। उनकी प्रेरणा से कई आदिवासी युवाओं ने शिक्षा ग्रहण की, रोजगार स्थापित किए, कुटीर उद्योगों की ओर बढ़े और सबसे महत्वपूर्ण, अपने आत्मगौरव को पुनः प्राप्त किया।

आज जब दुनिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ब्लॉकचेन, ड्रोन टेक्नोलॉजी और डिजिटल नवाचार की ओर अग्रसर हो रही है, तब आदिवासी समाज को भी इस बदलाव की मुख्यधारा से जोड़ना आवश्यक है। तकनीक उनके जीवन में केवल बदलाव का कारक नहीं, बल्कि संरक्षण और सशक्तिकरण का माध्यम बन सकती है। एआई आधारित भाषाई अनुवाद तकनीकों से उनकी बोली और लोककथाओं को डिजिटल रूप में संरक्षित किया जा सकता है, जिससे उनकी सांस्कृतिक विरासत विश्व तक पहुंचे। ड्रोन एवं जीआईएस तकनीक से आदिवासी क्षेत्रों के भू-अधिकार सुरक्षित किए जा सकते हैं। मोबाइल हेल्थ यूनिट्स, टेलीमेडिसिन और डिजिटल शिक्षा से वे दुर्गम क्षेत्रों में भी उन्नत जीवन स्तर पा सकते हैं। नवाचार तभी सार्थक होगा जब वह जंगलों में बसे एक युवा को भी ग्लोबल लर्निंग का अवसर प्रदान करे, न कि उसे अपनी जड़ों से काटे।

आज की वैश्विक दुनिया लोकल टू ग्लोबल की सोच को प्रोत्साहित कर रही है और आदिवासी समाज इसमें एक अनमोल भागीदार बन सकता है। उनका पारंपरिक ज्ञान, जैविक खेती, वन औषधियों की समझ, हस्तशिल्प और पर्यावरण संतुलन की परंपराएं विश्व समुदाय के लिए एक वैकल्पिक जीवनदर्शन बन सकती हैं। इसके लिए जरूरी है कि आदिवासी युवा आधुनिक शिक्षा को अपनाएं, लेकिन अपनी संस्कृति और जीवनमूल्यों से जुड़े रहें। उन्हें अपने उद्यमिता कौशल को पहचानने और विकसित करने की आवश्यकता है, जैसे वनोपज आधारित उद्योग, इको-टूरिज्म, वन-हस्तशिल्प, संगीत-नृत्य उत्सव आदि के माध्यम से वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकते हैं। डिजिटल मार्केट प्लेस के जरिए उनके उत्पादों को वैश्विक बाजार में पहुंचाया जा सकता है। आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा तभी पूर्ण होगी जब आदिवासी समाज भी अपने भीतर से आत्मनिर्भर बनकर आगे बढ़े।

भारत की स्वतंत्रता केवल मैदानों और दरबारों में नहीं, बल्कि जंगलों और पहाड़ियों में भी लड़ी गई थी, जहां आदिवासी वीरों ने अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिला दी थी। बिरसा मुंडा जैसे अद्भुत योद्धा और आध्यात्मिक नेता ने न केवल अंग्रेजों के भूमि अधिग्रहण और धर्मान्तरण के विरुद्ध जनजागरण किया, बल्कि एक सशस्त्र संघर्ष को भी नेतृत्व प्रदान किया। झारखंड में चला उनका उलगुलान आंदोलन (महाविप्लव) आदिवासी अस्मिता और स्वाभिमान की एक ऐतिहासिक घोषणा थी।

इसी तरह सिद्धू-कान्हू, रानी दुर्गावती, तेलंगाना के कोमराम भीम, भील आंदोलन के गोविंद गुरु, तेनालीराम बावरी, और नारायण सिंह जैसे अनेक आदिवासी सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर यह सिद्ध किया कि भारत की आजादी की चिंगारी सबसे पहले आदिवासी अंचलों में धधकी थी। बिरसा मुंडा और आदिवासी वीरों का आजादी में अविस्मरणीय योगदान रहा, लेकिन दुर्भाग्यवश, इतिहास की मुख्यधारा में इनके योगदान को उतनी जगह नहीं मिली, जितनी मिलनी चाहिए थी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## इन जादूई झरनों को देखकर मिलता है सुकून

**वेनेजुएला दक्षिणी अमेरिकी महाद्वीप पर एक देश है। जहां पर एंजेल फॉल्स बहता है। वेनेजुएला का यह एंजेल फॉल्स दुनिया का सबसे ऊंचा झरना है। जोकि वेनेजुएला के केनैमा नेशनल पार्क में स्थित है। इस झरने की धारा इतनी ऊंचाई से गिरती है कि पानी नीचे तक पहुंचते-पहुंचते बारीक-बारीक बूंदों में बदल जाता है।**

दुनियाभर में प्राकृतिक सुंदरता का एक अनोखा अनुभव झरनों में देखने को मिलता है। ऊंचाई से गिरने हुए पानी का नजारा काफी मनमोहक होता है। ऊंचाई से गिरने हुए पानी का नजारा देखना लोगों के मन को सुकून पहुंचाने के साथ रोमांच का अनुभव कराता है। बता दें कि दुनिया में कई ऐसे झरने हैं, जिनकी ऊंचाई और सुंदरता उनको खास बनाती है। इन झरनों की ऊंचाई सुनकर कोई भी चौंक जाएगा, वहीं इनकी सुंद. रता भी उतनी ही सुकूनदायक है। पहाड़ों, गहरी घाटियों और हरियाली बीच बहते हुए यह झरने प्राकृतिक कला का अनूठा और अद्वितीय उदाहरण है। अगर आप भी प्रकृति प्रेमी है और घूमने के भी शौकीन हैं, तो आपको दुनिया के सबसे ऊंचे और खूबसूरत झरनों का दीदार करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दुनिया के कुछ सबसे ऊंचे और खूबसूरत झरनों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**एंजेल फॉल्स , वेनेजुएला**

वेनेजुएला दक्षिणी अमेरिकी महाद्वीप पर एक देश है। जहां पर एंजेल फॉल्स बहता है। वेनेजुएला का यह एंजेल फॉल्स दुनिया का सबसे ऊंचा झरना है। जोकि वेनेजुएला के केनैमा नेशनल पार्क में स्थित है। इस झरने की धारा इतनी ऊंचाई से गिरती है कि पानी नीचे तक पहुंचते-पहुंचते बारीक-बारीक बूंदों में बदल जाता है।

**टुगेला फॉल्स, दक्षिण अफ्रीका**

दक्षिण अफ्रीका में मौजूद टुगेला फॉल्स की ऊंचाई 3,110 फीट है। बारिश के मौसम में यहां का नजारा देखने लायक है। यह रॉयल नेटल नेशनल पार्क के ड्रेकेन्सबर्ग माउंटेन्स पर स्थित है।

**थ्री सिस्टर्स फॉल्स, पेरू**

पेरू एक बेहद खूबसूरत जगह है, जहां पर आपको थ्री सिस्टर्स फॉल्स नाम का शानदार जलप्रपात देखने को मिलेगा। यह अमेजन जंगल के बीच स्थित है और तीन स्तरों में बहता है। इसी वजह से इसका नाम श्थ्री सिस्टर्सश पड़ा। ट्रैकिंग और रोमांच पसंद करने वालों के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है।

**ओलूपेना फॉल्स, हवाई**

संयुक्त राज्य अमेरिका के हवाई में करीब 900 मीटर की ऊंचाई पर ओलूपेना फॉल्स है। ओलूपेना फॉल्स सीधे समंदर से लगती चट्टानों से गिरता है और सिर्फ बोट या हेलिकॉप्टर से ही देखा जा सकता है।

**युंबिला फॉल्स, पेरू**

बता दें कि युबिला फॉल्स सबसे ऊंचे झरनों में शामिल है, यह पेरू में है। हाल ही में खोज में यह झरना पाया गया है। जोकि पेरू के घने जंगलों में छिपा है और अब धीरे-धीरे फेमस हो रहा है। यहां पर आपको चारों ओर मनमोहक नजारा देखने को मिलेगा।

**...साभार प्रभा**


## मलेरिया रोकथाम के दो नए प्रयास

मलेरिया रोकथाम के दो नए उपाय सामने आए हैं। एक उपाय में इंसानी खून को मच्छरों के लिए जहरीला बनाने का प्रयास किया गया है ताकि काटते ही मच्छर मर जाएं। दूसरे उपाय में कोशिश यह है कि मच्छरों को मलेरिया परजीवी के लिए अनुपयुक्त बना दिया जाए। पहले उपाय में आइवरमेक्टिन नामक एक दवा का उपयोग शामिल है। यह दवा न केवल कृमियों को मारती है बल्कि जूं जैसे कीटों का भी खात्मा करती है। इसके अलावा जब कोई व्यक्ति इसे गोली के रूप में लेता है, तो उसका खून पीने वाले कीट भी मर जाते हैं। विचार यह आया कि यदि मच्छर ऐसे व्यक्ति को काटें जिसने हाल ही में आइवरमेक्टिन ली हो, तो क्या वे भी मर जाएंगे और अगर एक साथ पूरा समुदाय यह दवा ले ले, तो क्या मच्छरों की संख्या घट सकती है? प्रयोगशाला परीक्षण के नतीजे काफी उत्साहजनक रहे। एक दिन पहले आइवरमेक्टिन लेने वाले लोगों के खून पर पले 73 प्रतिशत मच्छर दो दिन में मर गए, जबकि नियंत्रण समूह में केवल 31 प्रतिशत। लेकिन असली चुनौती वास्तविक दुनिया में इसके असर को साबित करना था।

अक्टूबर 2023 में दक्षिण केन्या के क्वाले काउंटी में एक बड़ा परीक्षण बरसात के मौसम की शुरुआत में हुआ, जब मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ती है। अध्ययन में 84 बस्तियों को शामिल किया गया था। आधी बस्तियों के लोगों को तीन महीने तक, हर महीने आइवरमेक्टिन दी गई और बाकी आधों को परजीवी नाशी दवा अल्बेंडेजोल दी गई, जो मच्छरों पर कोई असर नहीं करती। अगले छह महीनों में आइवरमेक्टिनसमूह में बच्चों में मलेरिया के नए मामलों में 26 प्रतिशत की कमी आई। हालांकि कई वैज्ञानिक इस नतीजे से सहमत नहीं है। एक तो, 26 प्रतिशत की कमी व्यापक इस्तेमाल के लिए पर्याप्त नहीं है। दूसरा, यह दवा गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को नहीं दी जा सकती। इसके अलावा बुर्किना फासो के दो परीक्षणों और गिनी-बिसाऊ (2024) के एक परीक्षण में कोई खास फायदा नहीं दिखा था।

हालांकि, केन्या परीक्षण थोड़ा अलग था-दवा बरसात की शुरुआत में ही दे दी गई थी, जब मच्छर तेजी से बढ़ते हैं, और कई बार दी गई। एक अतिरिक्त फायदा यह हुआ कि खुजली और जुओं का भी सफाया हो गया। फिर भी इसकी कई चुनौतियां हैं। गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए यह दवा सुरक्षित नहीं है। हर खुराक के बाद दवा खून में कुछ ही दिनों तक प्रभावी रहती है। लंबे समय तक असर करने वाले संस्करणों पर फिलहाल शोध चल रहा है। मलेरिया के मामलों में महज 26 प्रतिशत कमी लागत और मेहनत के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन WHO का नियम है कि जब तक कम से कम दो बड़े और उच्च-गुणवत्ता वाले परीक्षणों में मजबूत सुरक्षा न दिखे, किसी तरीके को बड़े पैमाने पर अपनाने की सिफारिश नहीं की जा सकती। शोधकर्ता भी उपरोक्त शंकाओं को दूर करने की दिशा में और शोध कार्य करने की योजना बना रहे हैं। दूसरा तरीका मच्छरों को ही मलेरिया के खिलाफ हथियार बनाने का है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक नए अध्ययन में मच्छरों के जीन में बदलाव करके उन्हें मलेरिया परजीवी प्लाज्मोडियम का वाहक बनने से रोकने का प्रयास किया गया है। आगे, जीन ड्राइव नामक तकनीक से इस गुण को तेजी से मच्छरों की आबादी में फैलाया जा सकता है। आम तौर पर मच्छर अपने जीन का आधा हिस्सा ही अगली पीढ़ी को देते हैं, लेकिन जीन ड्राइव एक खास आनुवंशिक तकनीक है, जो इस नियम को बदल देती है। यह चुने हुए जीन को लगभग सभी संतानों में पहुंचाती है, जिससे वह तेजी से पूरी आबादी में फैल जाता है। यह तरीका कारगर तो है, लेकिन विवादास्पद भी है, क्योंकि इससे किसी प्रजाति में स्थाई और बड़े पैमाने पर बदलाव हो सकते हैं, जिनके पर्यावरण पर अनजाने असर पड़ सकते हैं। इसलिए नए शोध में वैज्ञानिकों ने कृत्रिम जीन बनाने की बजाय, मच्छरों में पहले से प्राकृतिक रूप से मौजूद एक उत्परिवर्तन का सहारा लिया।

इस उत्परिवर्तन के चलते कुछ एनॉफिलीज गैंबिया मच्छरों में एक प्रोटीन का थोड़ा बदला हुआ रूप पाया जाता है। यह बदला हुआ प्रोटीन मलेरिया परजीवी को मच्छर के शरीर में अपना जीवन-चक्र पूरा करने में मुश्किल पैदा करता है। पहले, FREP1 नामक परजीवी-रोधी जीन को एनॉफिलीज स्टीफेन्सी मच्छरों में डाला गया। परिवर्तित मच्छरों ने सामान्य मच्छरों के साथ भोजन और संभोग-साथी पाने के लिए बराबरी से प्रतिस्पर्धा की। यानी यह बदलाव मच्छरों को कमजोर तो नहीं बनाता। जब इन मच्छरों ने सबसे घातक मलेरिया परजीवी प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम युक्त वाला मानव रक्त पीया, तो उनके शरीर और लार ग्रंथियों में सामान्य मच्छरों की तुलना में बहुत कम परजीवी पाए गए। दूसरे चरण में, परिवर्तित जीन तेजी से फैलाने के लिए वैज्ञानिकों ने मच्छरों में सामान्य जीन को काटकर उसकी जगह प्रतिरोधी संस्करण डाल दिया। नियंत्रित माहौल में, केवल 10 पीढ़ियों में यह जीन 94 प्रतिशत से अधिक मच्छरों में फैल गया।




वैज्ञानिक उक्त तकनीकों को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन सतर्क भी हैं। यह सफल रहे तो भी इनका उपयोग मच्छरदानी, दवाइयों और कीटनाशकों जैसी अन्य रोकथाम विधियों के साथ मिलाकर ही करना होगा और, कुछ सवाल अभी अनुत्तरित हैं। जैसे, क्या मच्छर या मलेरिया परजीवी इस तरह की सुरक्षा के प्रतिरोधी हो जाएंगे? ऐसे मच्छर प्रकृति में छोड़े गए, तो पर्यावरण व पारिस्थितिकी पर दीर्घकालिक असर क्या होंगे? अनचाहे परिणामों से बचाव कैसे किया जाएगा?

**-स्रोत फीचर्स**

# पाक-बांग्लादेश पर मेहरबान ट्रम्प, 20% तक रखा टैरिफ

## भारत-ब्राजील पर 50% टैरिफ लगाकर निकाला गुस्सा

**वाशिंगटन।** दुनियाभर के देशों को टैरिफ से डरा रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत के दो पड़ोसी देशों पर खासे मेहरबान हैं। ट्रम्प ने पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत तो बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।

इसके उलट भारत पर दो बार में 25-25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आदेश दिया है। साथ ही सेकेंडरी सैंक्शन्स की धमकी भी दी है। भारत की तरह ही ब्राजील पर ट्रम्प ने 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। वहीं, चीन पर फिलहाल 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अगर टैरिफ दर बढ़ती है, तो चीन की जीडीपी लगभग 1 प्रतिशत तक घट सकती है।



■ चीन की जीडीपी एक प्रतिशत गिरने का खतरा
■ भारत की तरह ही ब्राजील पर ट्रम्प ने 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है, चीन पर फिलहाल 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा रहा

### देश जिन्हें टैरिफ से सबसे ज्यादा फायदा

1. **पाकिस्तान:** ट्रम्प ने पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। साउथ एशिया के किसी भी देश पर यह सबसे कम अमेरिकी टैरिफ है।

इससे पहले ट्रम्प ने अप्रैल में पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही थी। नए आदेश में ट्रम्प ने पाकिस्तान को 10 प्रतिशत की रियायत दी है। ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ आयल डील भी की है। इसके तहत अमेरिका, पाकिस्तान में तेल की खोज, प्रोसेसिंग और स्टोरेज बनाने में मदद करेगा। पाकिस्तान का सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र उसका कपड़ा उद्योग (80 प्रतिशत) है। अमेरिका उसका सबसे बड़ा खरीदार है। कम टैरिफ से इसकी अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी बढ़ सकती है। अमेरिका की पाकिस्तान के साथ डील, भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव ला सकती है। इससे पाकिस्तान, अमेरिका के साथ मिलकर अपनी क्षेत्रीय स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगा। अमेरिका की मदद से पाकिस्तान को वर्ल्ड बैंक और आईएमएफ से वित्तीय सहायता भी मिल सकती है।

2. **बांग्लादेश:** अमेरिका ने बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इससे पहले अप्रैल में बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया था। बांग्लादेश 4 महीने में अमेरिका से 17 प्रतिशत टैरिफ कम कराने में कामयाब रहा। बांग्लादेश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपड़ा निर्यातक है। भारत पर ज्यादा टैरिफ से इसका कपड़ा निर्यात बढ़ सकता है। 2024 में इसका निर्यात 8 अरब डालर (70 हजार करोड़ रुपये) था, जो 2026 तक 10 अरब डालर (88 हजार करोड़ रुपये) हो सकता है। कम टैरिफ से बांग्लादेश अमेरिकी बाजार में अपनी 9 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रख सकता है। एफबीसीसीआई के मुताबिक इससे देश की जीडीपी में 2026 तक 0.2 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो सकती है।

### किरिशिमा में भारी बारिश की आपातकालीन चेतावनी जारी

**टोक्यो।** जापान की मौसम एजेंसी ने शुक्रवार सुबह दक्षिण-पश्चिमी कागोशिमा प्रान्त के किरिशिमा शहर में भारी बारिश की आपातकालीन चेतावनी जारी की तथा निचले इलाकों में भूस्खलन, बाढ़ तथा नदियों के उफान पर होने की उच्चतम स्तर की सावधानी बरतने का आह्वान किया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार, देश की पांच-स्तरीय आपदा चेतावनी प्रणाली में इस वर्ष पहली बार उच्चतम स्तर की चेतावनी किरिशिमा में रिकॉर्ड बारिश दर्ज होने के बाद जारी की गई। किरिशिमा के एक हिस्से में आज स्थानीय समयानुसार सुबह तीन बजे तक 107.5 मिमी बारिश दर्ज की गई जो उस जगह पर अब तक की सबसे भारी बारिश है। 12 घंटों में कुल बारिश 480 मिमी से ज़्यादा हो गई जो शहर में अगस्त के औसत से लगभग 1.8 गुना जयादा है। जेएमए ने कहा कि कागोशिमा सहित क्यूशू क्षेत्र में रविवार तक मूसलाधार बारिश जारी रहने की उम्मीद है। इसने कहा कि शनिवार सुबह तक 24 घंटों में दक्षिणी क्यूशू में 200 मिमी और उत्तरी क्यूशू में 120 मिमी बारिश होने का अनुमान है।



जम्मू। अनाथालय में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाते विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं।

### कैलिफोर्निया में तेजी से फैली आग, क्षेत्र को खाली करने के आदेश

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिणी कैलिफ़ोर्निया के घाटी क्षेत्र में भीषण गर्मी की वजह से तेज़ी से फैल रही जंगल की आग के कारण आस पास के क्षेत्र को खाली कराने के आदेश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि 'कैन्यन फायर' कही जाने वाली यह जंगल की आग स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 1:25 बजे पूर्वी वेंचुरा काउंटी स्थित एक छोटे से ऐतिहासिक शहर पीरू के पास से फैली जो लॉस एंजिल्स से लगभग 77 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित है। कैलिफ़ोर्निया वानिकी एवं अग्नि सुरक्षा विभाग के अनुसार आग कुछ ही घंटों में तेज़ी से बढ़कर 1000 एकड़ (लगभग 4.05 वर्ग किमी) से जयादा क्षेत्र में फैल गई। स्थानीय अधिकारियों ने वेंचुरा और लॉस एंजिल्स काउंटी में आग वाले क्षेत्र के पास बसे कुछ समुदायों के लिए गुरुवार को कई निकासी आदेश और चेतावनियां जारी कीं। विभाग द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार इस क्षेत्र को तुरंत छोड़ने का क़ानूनी आदेश जारी कर दिया गया है। यह क्षेत्र सामान्य गतिविधियों के लिए जनता के लिए बंद है। लॉस एंजिल्स काउंटी सुपरवाइज़र कैथरीन बार्गर ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा वेंचुरा-एलए काउंटी लाइन के पास अत्यधिक गर्मी और शुष्क परिस्थितियों में कैन्यन फ़ायर तेज़ी से फैल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### हेलीकॉप्टर के बजरे से टकराने से दो लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के मध्य-पश्चिमी राज्य इलिनॉय और मिसौरी के बीच मिसिसिपी नदी के ऊपरी हिस्से में गुरुवार को एक हेलीकॉप्टर बजरे से टकरा गया जिससे हेलीकॉप्टर में सवार दो लोगों की मौत हो गई और इलिनॉय के एल्टन के निकट नदी में यातायात बंद हो गया। मिसौरी राज्य राजमार्ग गश्ती दल के जवानों ने बताया कि हेलीकॉप्टर में कुछ कर्मचारी सवार थे जो विमानन चेतावनी चिह्नों के पास बिजली की लाइनों पर काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विमान बिजली की लाइन से टकराया और बजरे पर उतरने की कोशिश की, लेकिन आग लग गई। स्थानीय मीडिया ने इलिनॉय राज्य पुलिस के हवाले से बताया कि इस घटना के कारण मिसौरी और इलिनॉय को जोड़ने वाले एक पुल को अस्थाई रूप से सभी यातायात के लिए बंद कर दिया गया है।

### सिडनी में चाकू मारने के आरोप में किशोर गिरफ्तार

**सिडनी।** सिडनी के एक सार्वजनिक पार्क में चाकू से हमला करने के आरोप में एक किशोर को गिरफ्तार किया गया है जबकि एक व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार रात लगभग 10:45 बजे पश्चिमी सिडनी के उपनगर अन्नाडेल के पार्क में हमले की खबर मिलने पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे और छह लोगों को विभिन्न चोटों के साथ घायल पाया, जिन्होंने बताया कि किसी विवाद के बाद चार अज्ञात लोगों के एक समूह ने उन पर हमला किया।

## जन्म के बाद मिलने वाली नागरिकता मुद्दे पर फिर फंसे ट्रम्प

■ अमेरिकी अदालत ने चौथी बार लगाई रोक

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन को एक और बड़ा झटका लगा है। मैरीलैंड की संघीय अदालत ने ट्रम्प के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसमें कहा गया था कि अमेरिका में अवैध या अस्थाई रूप से रह रहे लोगों के बच्चों को नागरिकता नहीं दी जाएगी। यह फैसला देशभर में चौथी बार आया है जब ट्रम्प की जन्माधिकार नीति को न्यायालय ने अवैध बताया है।

यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों के बावजूद हुआ, जिससे पूरे देश में इस आदेश के लागू होने पर प्रभाव पड़ा। मैरीलैंड की यूएस डिस्ट्रिक्ट जज डेबोरा बोर्डमैन ने साफ किया कि ट्रम्प का आदेश अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में जन्म लेने वाले सभी बच्चे, चाहे उनके माता-पिता की कानूनी स्थिति कुछ भी हो, नागरिकता के हकदार हैं। अदालत ने यह आदेश 19 फरवरी 2025 के बाद जन्म लेने वाले सभी बच्चों पर लागू किया है, जिन्हें इस आदेश से नुकसान हो सकता था। इससे पहले, जून में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया था कि निचली अदालतें सामान्य रूप से राष्ट्रव्यापी निषेधाज्ञा जारी नहीं कर सकतीं। इसके बावजूद, बोर्डमैन ने अपने निर्णय में कहा कि चूंकि यह मामला एक वर्ग-कार्रवाई मुकदमा है, इसलिए इसका प्रभाव पूरे देश पर हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि ट्रम्प का आदेश लागू हुआ तो इससे प्रभावित बच्चों को अपूरणीय नुकसान होगा।

## 9/11 के आतंकवादी हमलों के 24 साल बाद तीन और पीड़ितों की हुई पहचान

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में 11 सितम्बर, 2001 को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आतंकवादी हमलों के लगभग 24 साल बाद इस त्रासदी में मारे गए तीन और पीड़ितों की आखिरकार पहचान हो गई है। गुरुवार एक प्रेस विज्ञप्ति में न्यूयॉर्क शहर के मुख्य चिकित्सा परीक्षक कार्यालय (ओसीएमई) ने न्यूयॉर्क के फ्लोरल पार्क के रयान फिट्ज़गेराल्ड (26), कैलिफ़ोर्निया में पाम स्प्रिंग्स की बारबरा कीटिंग (72) और एक वयस्क महिला के रूप में हुई है, जिनका नाम उनके परिवार के अनुरोध पर गुप्त रखा जा रहा है। इन तीनों मृतकों की पहचान संख्या क्रमश: 1651वें, 1652वें और 1653वें व्यक्ति के रूप में घोषित किया। ओसीएमई ने कहा कि हमले से बरामद अवशेषों के उन्नत डीएनए विश्लेषण और परिवार से संपर्क के माध्यम से उनकी पहचान संभव हो पाई है। ओसीएमई ने कहा कि फिट्ज़गेराल्ड की पहचान 2002 में पहली बार बरामद अवशेषों के डीएनए परीक्षण के माध्यम से पुष्टि की गई थी, जबकि कीटिंग और अज्ञात महिला की पहचान 2001 में पहली बार बरामद अवशेषों पर आधारित थी।

## मोदी-ट्रम्प के बीच फोन कॉल से बिगड़े भारत-अमेरिकी रिश्ते

### दावा: मोदी ने ट्रम्प से कहा, सीजफायर पाकिस्तान की अपील पर हुआ

■ यूएस का रोल नहीं-जून से मोदी ट्रम्प में कोई बातचीत नहीं हुई

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच संबंध 17 जून को फोन पर 35 मिनट बातचीत हुई थी, जिसके बाद भारत और अमेरिका के बीच संबंध बहुत ज्यादा खराब हो गए।

यह दावा ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच बातचीत ऐसे समय में हुई थी जब ट्रम्प कनाडा में जी-7 समिट से जल्दी निकल गए। मोदी और ट्रम्प के बीच मुलाकात होने वाली थी, लेकिन ये नहीं हो पाई। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें मोदी ने ट्रम्प को साफ कह दिया था कि सीजफायर पाकिस्तान की अपील पर हुआ, न कि अमेरिकी दखल से। मोदी ने यह भी कहा कि भारत कश्मीर मुद्दे पर किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता कभी स्वीकार नहीं करेगा। इजरायल-ईरान जंग की वजह से ट्रम्प कनाडा जी-7 समिट बीच में छोड़कर चले गए थे। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि भारत को तब और चिंता हुई जब यह पता चला कि ट्रम्प अगले ही दिन व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल मुनीर की मेजबानी करने वाले हैं। भारत को ट्रम्प की पाकिस्तान के नागरिक नेताओं से मिलने पर कोई खास आपत्ति नहीं थी, लेकिन एक फौजी जनरल खासकर पाकिस्तानी सेना प्रमुख को व्हाइट हाउस बुलाया जाना भारत को ठीक नहीं लगा। भारत ने इसे एक ऐसी सेना को वैधता देने की कोशिश माना, जो लोकतंत्र के रास्ते में हमेशा बाधा बनती रही है। मोदी को यह आशंका भी थी कि ट्रम्प शायद उनकी और जनरल मुनीर की कोई बैठक करवाने की कोशिश कर सकते हैं। इसी वजह से उन्होंने कनाडा से लौटते समय वॉशिंगटन में रुकने के ट्रम्प के न्योते को ठुकरा दिया। उन्होंने इसके बजाय यह कहा कि उन्हें क्रोएशिया जाना है। इस कॉल के बाद ट्रम्प ने भारत पर हमला बोलना शुरू किया। उन्होंने भारत को डेड इकोनॉमी करार दिया और भारतीय व्यापार नीतियों को घटिया बताया। इसके बाद ट्रम्प ने भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, जून की इस बातचीत के बाद दोनों नेताओं के बीच कोई बातचीत नहीं हुई है।

## जर्मनी ने इजरायल को हथियार देने पर लगाई रोक

### चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने किया ऐलान, गाजा जंग में इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे

**तेल अवीव।** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने शुक्रवार को ऐलान किया है कि जर्मनी अगले आदेश तक इजरायल को गाजा जंग में इस्तेमाल होने वाले हथियारों की सप्लाई नहीं करेगा।

इजरायल पर जंग के दौरान गाजा में निर्दोष लोगों को मारने के कई आरोप लगे हैं। इस वजह से जर्मनी ने अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के मद्देनजर यह कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक गाजा जंग में 60 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। वहीं, दूसरी तरफ इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट ने शुक्रवार को गाजा पट्टी के उत्तरी इलाके में मौजूद गाजा सिटी पर कब्जे के लिए इजरायली सेना को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। फैसले के लिए कैबिनेट ने 10 घंटे तक चर्चा की है। बैठक करीब 10 घंटे चली और उसके बाद नेतन्याहू के कार्यालय से सुबह-सुबह एक बयान जारी किया गया जिसमें कहा गया कि कैबिनेट के ज्यादातर सदस्य इस योजना के पक्ष में थे। नेतन्याहू सरकार के कट्टरपंथी मंत्री गाजा पर सैन्य शासन लागू कर फिर से यहूदियों की बस्तियों की स्थापना करने की मांग कर रहे हैं। इजरायल की योजना का मकसद गाजा शहर में उन इलाकों में घुसना है जहां हमास के कब्जे में अभी भी कई बंधक होने की आशंका है। ये वो इलाके हैं जहां अब तक इजरायली सेना ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई नहीं की है। इजरायली सेना (आईडीएफ) का कहना है कि गाजा के लगभग 75 प्रशित हिस्से पर उसका नियंत्रण है।



■ गाजा सिटी पर कब्जा करेगा इजरायल, फैसले के लिए कैबिनेट ने 10 घंटे तक चर्चा की

गाजा पट्टी उस 25 प्रतिशत इलाके में है, जो आईडीएफ के कब्जे में नहीं हैं। इससे पहले नेतन्याहू ने पूरी गाजा पट्टी पर कब्जे की बात कही थी, लेकिन इस बयान में केवल गाजा सिटी का जिक्र है। कैबिनेट ने जंग खत्म करने के बदले हमास के सामने 5 प्रमुख शर्तें भी रखी हैं- हमास पूरी तरह हथियार डाले। बचे हुए सभी 50 बंधकों की रिहाई। (इनमें से 20 के जीवित होने की संभावना है) गाजा से सैन्य ताकतों का खात्मा। गाजा पर इजरायल का सुरक्षा नियंत्रण। गाजा में ऐसा वैकल्पिक नागरिक प्रशासन बनाना जो न तो हमास हो और न ही फलस्तीनी प्राधिकरण।

## बंधक परिवार गाजा की ओर रवाना

■ इजरायल से युद्ध समाप्त करने का किया आह्वान

**यरूशलम।** गाजा में बंधक बने हुए कुछ इजरायली बंधकों के परिवार फिलिस्तीनी क्षेत्र की ओर रवाना हुए हैं। यह कदम प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार पर दबाव बनाने के लिए उठाया गया है क्योंकि वह गाजा में युद्ध का विस्तार करने पर विचार कर रही है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, बंधक एवं लापता परिवार फोरम, साथ ही विपक्ष और इजरायली जनता का एक बड़ा हिस्सा इस अभियान के विस्तार के खिलाफ है क्योंकि उनका मानना है कि इससे उनके प्रियजनों को और भी अधिक खतरा होगा। गुरुवार को जब दक्षिणी इजरायल के अश्कलोन बंदरगाह से जहाजी बेड़ा रवाना हुआ तो बंधक परिवारों के फोरम के एक सदस्य लियोर होरेव ने सीएनएन से कहा कि यह जलयात्रा एक एसओएस कॉल (आपातकाल में मदद के लिए पुकारना) है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश हम गाजा में प्रवेश नहीं कर सकते और अपने प्रियजनों को वापस घर नहीं ला सकते लेकिन यह इजरायली सरकार के लिए एक चेतावनी है। इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट की बैठक गुरुवार को गाजा पर पूर्ण कब्जे के लिए मतदान करने के लिए बुलाई गई थी। यह कदम इस क्षेत्र में लगभग दो वर्षों से चल रहे संघर्ष में एक बड़ी वृद्धि होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि सात अक्टूबर को हमास के नेतृत्व में हुए आतंकवादी हमलों के बाद शुरू हुए युद्ध में अबतक गाजा में कम से कम 61,158 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं।

## अमेरिका का वेनेजुएलाई राष्ट्रपति पर 50 करोड़ डॉलर का इनाम

### 70 करोड़ डॉलर की संपत्ति भी जब्त, यूएस में ड्रग्स सप्लाई का आरोप

**काराकास।** अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो की गिरफ्तारी पर 5 करोड़ डॉलर, यानी 418 करोड़ इनाम रखा है। ट्रम्प प्रशासन ने आरोप लगाया है कि मदुरो दुनिया के सबसे बड़े नार्को-तस्करों में से एक हैं। मुदरो पर आरोप है कि वे ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में फेंटानिल मिला कोकीन भेज रहे हैं।

अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी ने गुरुवार को इनाम की घोषणा करते हुए कहा, राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में मदुरो न्याय से नहीं बच पाएंगे और उन्हें अपने अपराधों के लिए जवाब देना होगा। बॉन्डी ने कहा कि न्याय विभाग ने मदुरो से जुड़े 70 करोड़ डॉलर से अधिक की संपत्ति जब्त की है। इसमें दो प्राइवेट जेट भी शामिल हैं। मदुरो पर 2020 में मैनहैटन की संघीय अदालत में नार्को-टेररिज्म और कोकीन तस्करी की साजिश के आरोप तय किए गए थे। उस समय ट्रम्प प्रशासन ने उनकी गिरफ्तारी पर 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम रखा था। इसे बाद में बाइडेन प्रशासन ने बढ़ाकर 2.5 करोड़ डॉलर कर दिया। यही इनाम अमेरिका ने 9/11 हमलों के बाद ओसामा बिन लादेन की गिरफ्तारी पर रखा था। मदुरो 2013 से वेनेजुएला की सत्ता में बने हुए हैं। अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और लैटिन अमेरिकी देश उन पर चुनावों में धोखाधड़ी का आरोप लगाते रहे हैं। 2024 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में इन देशों ने मदुरो पर धांधली का आरोप लगाया था।



मदुरो दुनिया के सबसे बड़े नार्को-तस्करों में से एक: ट्रम्प प्रशासन

